✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 165 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 12 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



दूसरे चरण में मतदान के लिए मतदाताओं की लगी लंबी कतार

# बिहार में पहली बार बंपर मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो चुका है। संवेदनशील घोषित किए गए बूथों पर मतदान पांच बजे ही खत्म हो चुका था। छह बजे बाकी बूथों पर मतदान खत्म हो गया। हालांकि, जिन बूथों पर मतदान देरी से शुरू हुई और छह बजे तक मतदाता कतार में खड़े थे, वहां वोटिंग हो रही है। पांच बजे के आंकड़ों के मुताबिक, दूसरे चरण के मतदान ने पहले चरण का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम छह बजे 68.55 फीसदी मतदान हुए हैं। आजादी के बाद पहली बार इतनी बंपर वोटिंग हुई है। इससे पहले सबसे ज्यादा मतदान वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में हुआ था, जो 62.57 फीसदी मतदान हुआ था। 2025 के बिहार विधानसभा के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें सबसे अधिक वोटिंग कसबा विधानसभा में हुई। यहां का मतदान प्रतिशत 80.89 रहा। वहीं, नवादा विधानसभा में सबसे कम 54.83 फीसदी वोटिंग हुई। गया जिले के छकरबंधा थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में भी मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। एक समय यहां नक्सल दस्ते की सक्रियता इतनी थी कि वर्ष 2016 में डुमरी नाला ब्लास्ट में 10 कोबरा जवान शहीद हुए थे। लेकिन अब यह इलाका नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है।



इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उल्लेखनीय मतदान हुआ। तारचुआ (79.34%), पिछुलिया (71%), बरहा (78% एवं 75%), जबकि भदवर थाना क्षेत्र के नवीगढ़ बूथ पर 62.62% मतदान दर्ज हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि 68.79 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इसमें दो हजार बूथों का डाटा आना बाकी है। वहीं दोनों चरणों में 66.90 प्रतिशत मतदान हुए हैं। यह पिछले चुनाव से करीब नौ प्रतिशत अधिक हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव में 220 से अधिक शिकायतें मिलीं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 127 करोड़ रुपये के सामान जब्त किए गए हैं। इस चुनाव 2616 अभ्यर्थी थे। दोनों चरणों में सभी बूथों की लाइव वेबकास्टिंग हुई। भारत में ऐसा पहली बार हुआ है जब 100 प्रतिशत बूथों की लाइव वेबकास्टिंग की गई। नक्सल प्रभावित इलाकों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। कहीं से कोई हिंसा की खबर नहीं मिली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि जितने भी मतदान केंद्र पर ईवीएम पहुंचाए गए, सभी को क्ष्ट्र ट्रैकिंग की गई। सभी बूथों पर बहुत अच्छे से मतदान हुआ है। जहां से जो भी शिकायतें मिली, उसे जल्दी से निपटाया गया। एडीजी हेड क्वाटर कुंदन कृष्णन ने बताया कि इस चरण में ऐसे बूथों पर भी चुनाव हुए, जहां पिछले दो दशक से चुनाव नहीं हुए थे। जमुई, गया और रोहतास जिले में ऐसे बूथ थे। यह नक्सल प्रभावित थे। लेकिन, यहां पर दो दशक के बाद चुनाव हुआ। कहा जा सकता है कि कट्टरपंथी नक्सलवाद खत्म हो चुका है। नक्सलियों की पत्नी ने भी वोट दिया बूथ पर कहीं भी हिंसक घटना नहीं हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्ट अटैक से पीठासीन अधिकारी की मौत

**अरवल (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दौरान मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस बीच अरवल से एक दुखद खबर आई है जहां चुनाव ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से पीठासीन अधिकारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान मध्य विद्यालय कल्याणपुर के शिक्षक अरविंद कुमार के रूप में हुई है।

### नदी में डूबे किशोर का शव तीसरे दिन बरामद

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** बहोरनपुर थाना क्षेत्र के चंदा केवटिया गांव स्थित छठ घाट के किनारे धर्मावती नदी में डूबे बच्चे का शव तीसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव चंदा केवटिया गांव स्थित छठ घाट किनारे से मंगलवार की सुबह बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार मृत किशोर बिहिया थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के वार्ड नंबर-5 निवासी गोपाल जी राम का 11 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार है, जो सातवीं कक्षा का छात्र था।

### बगहा के 19 बूथों पर सिर्फ एक वोट पड़ा

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** बगहा के रामनगर विधानसभा क्षेत्र के दोन पंचायत के लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। इस पंचायत में करीब 22 गांव हैं, जिसमें 15 हजार वोटर्स हैं। इन वोटर्स के लिए बूथ संख्या 1 से 19 बनाए गए थे लेकिन इन बूथों पर वोटिंग खत्म होने तक सिर्फ एक वोट पड़ा है। बूथ पर सिर्फ सुरक्षाकर्मी और मतदानकर्मी दिख रहे थे। ग्रामीणों ने जगह-जगह पोस्टर लगाए हैं।

### महिला की गोली मारकर हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के दुल्लमचक गांव में मंगलवार को एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला अपने देवर के साथ घर लौट रही थी, इसी दौरान बदमाशों ने दोनों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से महिला की मौके पर मौत हो गई जबकि देवर ने भागकर अपनी जान बचाई। मृतका की पहचान दुल्लमचक गांव निवासी रोहित राय की पत्नी मिक्की देवी के रूप में हुई है। मिक्की की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों शव को बीच सड़क पर रख कर विरोध प्रदर्शन किया।

### दिल्ली ब्लास्ट में समस्तीपुर के कैब ड्राइवर की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली ब्लास्ट में मारे गए 12 लोगों में बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले पंकज सहनी (22) भी शामिल हैं। पंकज समस्तीपुर के खानपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर का निवासी था। उनके पिता रामबालक सहनी ने बताया कि, पंकज दिल्ली में कैब सर्विस में ड्राइवर था। जिस वक्त दिल्ली में ब्लास्ट हुआ पंकज किसी बुकिंग पर जा रहा था। कार में वो अकेले ही था।

## बिहार के सभी स्कूलों में मोबाइल फोन बैन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक लगाने का यह निर्देश जिला शिक्षा कार्यालय ने जारी है। जिला शिक्षा कार्यालय ने स्कूल के प्रधान को यह निर्देश जारी किया है कि अगर कोई बच्चा मोबाइल लाता है उसे जब्त कर लिया जाए और इसकी जानकारी अभिभावकों को दी जाए। इस दौरान अभिभावकों को बुलाकर यह जानकारी दी जाएगी कि मोबाइल से पढ़ने की वजह से बच्चों को क्या-क्या नुकसान है। यानी पढ़ाई के दौरान बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें। ताकि, बच्चे पढ़ने के लिए अधिक से अधिक किताबों का इस्तेमाल करें। बच्चों को मोबाइल उसी समय दें, जब बहुत जरूरत हो। जिला शिक्षा कार्यालय ने कहा है कि फरवरी 2026 में बोर्ड परीक्षा होनी है। बोर्ड परीक्षा के समय मोबाइल का इस्तेमाल जरूरत के हिसाब करें। शिक्षकों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है कि वे बच्चों को मोबाइल का प्रयोग नहीं करने को लेकर जागरूक करेंगे। शिक्षक बच्चों को इसके इस्तेमाल से होने वाले लाभ और हानि के बारे में उदाहरण देकर समझायेंगे।

## बिहार में फिर नीतीशे कुमार! ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में एक बार फिर नीतीशे कुमार की सरकार बनती दिख रही है। ये हम नहीं कह रहे, विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां कह रहीं हैं। अधिकतर एजेंसियों और चैनल ने अपने एग्जिट पोल में भाजपा-जदयू के गठबंधन वाले एनडीए को बहुमत दिया है, जबकि महागठबंधन को बहुमत से दूर बताया है। हालांकि, न्यूज24 ने कड़ी टक्कर के बीच महागठबंधन को बढ़त मिलने की बात कही है। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल ने एनडीए को 135 से 150 सीटों पर जीत दर्ज करने की संभावना जतायी है। टाइम्स नाउ ने महागठबंधन को 88 से 103 सीटें दी हैं। अन्य को 3 से 7 सीट मिलने का अनुमान है। एनडीटीवी के एग्जिट पोल पीपुल्स पल्स में भी भाजपा-जदयू के गठबंधन एनडीए को बहुमत दिया है। महागठबंधन को 75 से 101 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। पीके की पार्टी जन सुराज को 0 से 5 सीटें और अन्य को 2 से 8 सीटें मिलने की संभावना है। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में तेजस्वी की अगुवाई वाले महागठबंधन की हार की संभावना जतायी है। एनडीए बड़े जीत की ओर अग्रसर है। न्यूज18 के एग्जिट पोल ने प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। पार्टी ने पहले चरण की 121 में से 118 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे लेकिन उसे एक ही सीट मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। न्यूज18 के एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को बढ़त दिख रही है। 49 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 20 से 30 सीटें मिलने की उम्मीद है, तो 57 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली जदयू को 35 से 45 सीटें मिल सकतीं हैं। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) ने पहले चरण में 13 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसके हिस्से में 0 से 5 सीटें आती दिख रही हैं। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी, जिसने 2 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, उसे 0-1 सीट मिलने की उम्मीद है। एग्जिट पोल अंतिम परिणाम नहीं हैं। बिहार में किसकी सरकार बनेगी, यह 14 नवंबर को ही स्पष्ट होगा। बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं।

**13 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स**

| SN. | न्यूज चैनल/ एजेंसी | NDA | महागठबंधन | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक भास्कर* | 145-160 | 73-91 | 5-10 |
| 2 | मैट्रिज- IANS | 147-167 | 70-90 | 0-7 |
| 3 | पीपुल पल्स | 133-159 | 75-101 | 2-13 |
| 4 | पीपुल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 3-8 |
| 5 | चाणक्य | 130-138 | 100-108 | 3-5 |
| 6 | पोलस्ट्रेट | 133-148 | 87-102 | 3-5 |
| 7 | JVC'S polls | 135-150 | 88-103 | 3-6 |
| 8 | पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | 1-5 |
| 9 | टाइम्स नाउ | 143 | 95 | 5 |
| 10 | प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | 7 |
| 11 | पी मार्क | 142-162 | 80-98 | 3-8 |
| 12 | टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | 3-6 |
| 13 | न्यूज़ 24 | 152 | 84 | 7 |
| पोल ऑफ पोल्स | | 154 | 84 | 5 |

## रिकॉर्ड वोटिंग के बीच सीएम नीतीश कुमार ने नेताओं और कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण की वोटिंग जोरों पर चल रही है। रिकॉर्ड मतदान के बीच राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अचानक जदयू प्रदेश कार्यालय का दौरा किया, जबकि विपक्षी नेता तेजस्वी यादव ने 'रिजल्ट, रिस्पेक्ट और राइज' का नारा दिया। दोपहर के समय जब वोटिंग अपने चरम पर थी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने सहयोगी मंत्री विजय चौधरी के साथ पटना स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुनावी स्थिति का जायजा लिया और उनके समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। जदयू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, हर कदम विश्वास का, हर कदम विकास का। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मंत्री विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं से जो सूचनाएं मिल रही हैं, वे संतोषजनक हैं। हर क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में मतदान हो रहा है और लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी रिकॉर्ड मतदान है। यह उत्साह बिहार की जनता के विकास और सुशासन के



प्रति भरोसे को दिखाता है। उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, शपथ लेने से कोई किसी को नहीं रोक सकता, लेकिन बिहार के राज्यपाल नीतीश कुमार को ही शपथ दिलाएंगे। वे ही अगले मुख्यमंत्री बनेंगे। संभावित हार देखकर विपक्ष बौखलाहट में बयानबाजी कर रहा है।

### वोट देने जा रही महिला की हादसे में मौत

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के शहरतेलपा थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वह वोट देने के लिए मायके से ससुराल जा रही थी। उसकी पहचान सोनभद्र बंशी सूर्यपुर की रेशमा देवी के रूप में की गई। वह अपने मायके अरवल जिले के राम लखन बिगहा आई हुई थी जहां से अपने पुत्र के साथ वोट देने के लिए बाइक से ससुराल सोनभद्र वंशी जा रही थी तभी हादसे की शिकार हो गयी।

## दिल्ली धमाके के गुनहगारों को मिलेगी कड़ी सजा : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद दिल्ली समेत देश के अन्य हिस्सों में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए आज यानी मंगलवार को दो समीक्षा बैठक की। शाह ने पहली बैठक सुबह में की और दोपहर में दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। दोनों बैठकों में अधिकारियों के साथ सुरक्षा पर गहन चर्चा की गई। शाह ने इस दौरान अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। गृह मंत्री ने कहा है कि शीर्ष जांच एजेंसियां विस्फोट की जांच कर रही हैं और वे घटना की तह तक जाएंगी। अधिकारियों ने शाह को बताया कि सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक कार में धमाका हुआ था। इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य लोग घायल हुए हैं। धमाके की चपेट में आने कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को



दिल्ली विस्फोट के लिए जिम्मेदार प्रत्येक शख्स को तलाशने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विस्फोट में शामिल हर दोषी को हमारी एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। गृह मंत्रालय ने विस्फोट की जांच एनआईए को भी सौंप दी है। यह स्पष्ट संकेत है कि इस विस्फोट को सरकार ने आतंकवादी कृत्य माना है क्योंकि एनआईए को केवल आतंकवादी मामलों की जांच करने का अधिकार है। दिल्ली पुलिस ने विस्फोट को लेकर यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज ली है। अपनी प्राथमिकी में दिल्ली पुलिस ने इस धमाके को 'बम विस्फोट' करार दिया है। धमाके के बाद पुलिस एक्शन में है। कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। पूरे दिल्ली में हाई अलर्ट है।



### सम्राट चौधरी ने मतदाताओं और केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार

# 2010 के चुनाव परिणाम का टूटेगा रिकार्ड, एनडीए बनाएगी सरकार : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में बम्पर वोटिंग के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के मतदाताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने केंद्र नेतृत्व का आभार जताया। दूसरे चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद भाजपा मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा के अलावा विभिन प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने इस चुनाव प्रचार अभियान को चलाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह पहले चरण के चुनाव में 65 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए दूसरे चरण में करीब 70 प्रतिशत मतदान होने की संभावना है यह बिहार के लोकतंत्र के लिए सुनहरा समय है। उन्होंने कहा कि आजादी के सबसे अधिक मतदान आज हुए है। उन्होंने कहा बिहार की महिलाएं, युवा, सर्व समाज के लोग ने जिस तरह बिहार के निर्माण के लिए अपना मतदान किया। बिहार के भविष्य के लिए किया, स्पष्ट है कि एनडीए 2010 के चुनाव परिणाम का भी रिकार्ड तोड़ेगा और भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद ऐसे ही बना रहे और बिहार की उन्नति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए काम करता रहे। आज के इस प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी और एमएलसी संजय मयूख, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश मंत्री संतोष रंजन राय उपस्थित रहे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की 137 वीं जयंती मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 137 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी।

इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में मौलाना अबुल कलाम आजाद ने पंडित नेहरू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वतंत्रता के बाद 12 वर्षों तक देश के शिक्षा मंत्री रहे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश में नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी। वे देश में साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रबल समर्थक थे। आज कृतज्ञ राष्ट्र मौलाना अबुल कलाम आजाद के योगदान को स्मरण कर उनकी स्मृति को बार-बार नमन करती है। इसके पूर्व पार्टी के नेताओं के द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, जमाल अहमद भल्लू, अम्बुज किशोर झा, अरविन्द लाल रजक, चन्द्रभूषण राजपूत, संजय कुमार पाण्डेय, वैद्यनाथ शर्मा, रौशन कुमार सिंह, सुधीर शर्मा, फिरोज हसन, सत्येन्द्र प्रसाद, किशोर कुमार, मो. शाहनवाज, अभिषेक कुमार, राकेश कुमार, पं. अनोखे लाल तिवारी ने भी मौलाना अबुल कलाम आजद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये।

# वोटिंग के लिए जाने के दौरान वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के सासाराम विधानसभा के करसेरुआ पंचायत अंतर्गत खैरा गांव में दूसरे चरण के मतदान के दौरान 95 साल के बुजुर्ग हरिहर सिंह उर्फ हरिद्वार सिंह की मौत हो गई। वह वोटिंग के लिए ही जा रहे थे कि मतदान केंद्र से करीब 100 मीटर पहले ही उनकी मौत हो गई। स्वजनों के अनुसार उन्होंने वोट डालने की इच्छा जाहिर की थी। बुजुर्ग के स्वजनों द्वारा उन्हें ई-रिक्शा पर सहारा दे बैठाकर मतदान केंद्र तक ले जाया जा रहा था। इस दौरान मतदान केंद्र से 100 मीटर दूर ई रिक्शा पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार उनकी जीवन के अंतिम क्षणों में लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भी भागीदारी निभाने की हसरत अधूरी रह गई। हरिहर सिंह ने दो-तीन दिन पहले ही कह दिया था, इस बार 11 नवंबर को मतदान करने के बाद इस दुनिया को छोड़कर चला जाऊंगा, लेकिन वोट जरूर करूंगा। हालांकि बिहार के विकास के लिए अपना वोट देने की उनकी अंतिम इच्छा पूरी नहीं हुई, लेकिन उनकी मौत की खबर क्षेत्र में सुर्खियों में है। स्वजनों के अनुसार दो-तीन दिनों से उनका खाना पीना कम हो गया था और उठने-चलने में असमर्थ होने की वजह से वह बिस्तर में ही पड़े रहते थे। उनकी आखिरी इच्छा थी कि वह दुनिया को अलविदा कहने से पहले एक बार मतदान जरूर करें। मंगलवार को वह पोलिंग बूथ पर जाने की जिद करने लगे थे। वे सेवानिवृत पंचायत सेवक थे।

### बुलेट से बैलेट की तरफ बढ़ा जमुई जिले का चोरमारा गांव

# 21 साल बाद लोगों ने किया मतदान

**विनय कुमार**

**जमुई।** मुंगेर सीमा रेखा के बरहट प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित चोरमारा गांव के लोग लोकतंत्र के पर्व में 21 साल बाद हिस्सा ले रहे हैं। इस इलाके में नक्सलियों के खौफ की वजह से वहां रहने वाले लोग पिछले 21 वर्षों से अपने मतदान के अधिकार से वंचित होते रहे हैं। वर्ष 2025 का विधानसभा चुनाव उनके लिए मतदान की सौगात ले कर आया है और मतदाता उत्साह के साथ बड़ी संख्या में वोट देने ले लिए कतार में लगे हुए दिख रहे हैं। पहले इस क्षेत्र में बुलेट की गूंज सुनाई पड़ती थी, लेकिन अब बेलट का बोलबाला है। इस बार चुनाव आयोग और प्रशासन की पहल से इस इलाके की तस्वीर बिल्कुल बदल सी गई है। उल्लेखनीय है कि 2004 में चोरमारा विद्यालय में एक मतदान केंद्र बनाया क्या था, लेकिन नक्सलियों के खौफ से ज्यादातर मतदाता घरों से नहीं निकले थे। 2004 में सरकार की पहल से नाराज नक्सलियों ने 2007 में उस विद्यालय को डायनामाइट लगाकर उड़ा दिया जहां मतदान केंद्र बनाया गया था। इस घटना के बाद उस इलाके में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा भी बाधित हो गई थी। बम कांड के बाद नक्सलियों का खौफ इतना बढ़ गया कि वहां के विद्यालय से मतदान केंद्र हटा लिया गया और जिन लोगों को मतदान करने की इच्छा हो, उन्हें वहां से 20 किलोमीटर दूर बरहट प्रखंड अंतर्गत कोयवा स्कूल पैदल चलकर जाना पड़ता था। इस वजह से इस इलाके के मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी बहुत कम होती थी। इस बार के चुनाव की खास बात है कि 18 साल पहले जिस स्कूल को चोरमारा गांव के रहने वाले नक्सली कमांडर बालेश्वर कोड़ा ने उड़ाया था, आज उसी नक्सली कमांडर का पुत्र संजय कोड़ा नए बनाए गए मतदान केंद्र को दुल्हन की तरह सजाने में लगे। साथ ही इस कार्य में नक्सली कमांडर की पत्नी मंगनी देवी उर्फ गीता भी अपने पुत्र का साथ दी और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। गौरतलब है कि बिहार के जमुई जिले का चोरमारा गांव पूरी तरह जंगलों और पहाड़ों के बीच बसा है जहां पर नक्सलियों का सबसे बड़ा कैंप हुआ करता था। लम्बे समय तक मारकाट के बाद यहां गांव में रहने वालों में अधिकांश महिलाएं ही बची है और ज्यादातर युवा नक्सलियों के खौफ से गांव छोड़कर दूसरे राज्यों में मजदूरी करने चले गए हैं। इस बीच बदलती परिस्थितियों में गांव छोड़ने वाले युवा पुनः वापस लौटने लगे हैं। बदले माहौल में 21 साल बाद चोरमारा गांव में फिर से मतदान केंद्र बना है और मतदान को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। इस बार महापर्व को 21 साल बाद मनाने के लिए मतदान केंद्र पर बड़ी संख्या में स्थानीय आदिवासी महिलाएं व पुरुष एक साथ देखे गए जो भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को बढ़ा रहा है। चोरमारा गांव में पहली बार मतदान कर रहे संतोष कुमार ने बातचीत में कहा कि लोग हिंसा से मुख्य धारा में लौटे तो हैं, लेकिन रोजगार इस क्षेत्र में आज भी बहुत बड़ी समस्या है और लोगों को रोजी रोटी के लिए दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों का रुख करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि इस इलाके की वास्तविक बेहतरी चाहती है तो उसे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था करनी होगी। इसी गांव की एक महिला मतदाता फगुनिया देवी ने कहा कि गांव में मतदान केंद्र देख कर बहुत खुशी हुई। पहले मतदान के इच्छा रखने वालों को 20 किलोमीटर पैदल गांव से दूर जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि कई सुविधाओं के मामले में चोरमारा गांव आज भी बहुत पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में बच्चों की पढाई के लिए स्कूल खुले और सरकार को खेतों की सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध करना चाहिए। ताकि लोगों के जीवन बसर में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली की भी व्यवस्था हो। ज्ञातव्य है कि 2005 से 2017 तक चोरमारा सहित नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों की तूती बोलती थी और इस गांव के रहने वाले बालेश्वर कोड़ा और अर्जुन कोड़ा 'पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल भाकपा माओवादी संगठन' के हार्डकोर नक्सली कमांडर के रूप में सामने आये थे। इन लोगों ने दो दर्जन से अधिक नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की हत्या की थी। इन दोनों के उपर नक्सली वारदात के कई गंभीर आरोप थे। बाद के दिनों में सरकार के प्रयासों और सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद 2022 में बालेश्वर कोड़ा और अर्जुन कोड़ा ने हथियार रखते हुए आत्मसमर्पण कर दिया था।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आज मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा के विविध आयामों पर आधारित सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए मौलाना आजाद के योगदान को नमन किया तथा शिक्षकों और प्रशिक्षुओं से शिक्षा के मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने इस वर्ष की थीम 'एआई और शिक्षाः स्वचालन की दुनिया में मानव एजेंसी का संरक्षण' पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले पच्चीस वर्षों में शिक्षा के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेंगे। तकनीक निस्संदेह हमारी सहायता करेगी, परंतु रचनात्मकता, संवेदनशीलता और नवीन दृष्टि का स्रोत सदैव मानव मस्तिष्क ही रहेगा। नई पीढ़ी को इस संतुलन का ज्ञान देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनीला दास (पूर्व विभागाध्यक्ष, वनस्पतिशास्त्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय) तथा डॉ. श्रीदेव दास (एम.बी.बी.एस., विभाग-होम, लहेरियासराय) ने शिक्षा के मानवीय और वैज्ञानिक पहलुओं पर अपने विचार रखे। बी.एड. प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत शिक्षाप्रद नाटक 'शिक्षा का अधिकार' ने दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया। साथ ही नृत्य, संगीत, भाषण और कविताओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन बी.एड. प्रशिक्षु मिथुन घोष एवं अर्चना ने किया। डॉ. प्रतिमा कुमारी, सहायक प्राध्यापक ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, निदेशक (शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय) डॉ. मृदुला प्रकाश, ए .आई. सी.के सी.ओ.ओ. प्रमोद कर्ण, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं सभी प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम : दुरैस्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामी ने भुवनेश्वर स्थित केआईआईटी परिसर में अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स, 2025 का उद्घाटन किया। भारतीय जीवन बीमा निगम का यह वार्षिक खेल उत्सव, जो चार दिनों तक चलेगा, छह खेलों कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सलिल विश्वनाथ, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण), प्रदीप शेणै, कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण), रश्मि सिंह, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक), प्रेमेन्द्र हरि, क्षेत्रीय प्रबंधक, पूर्व मध्य क्षेत्र और श्यामल के. मोहंती, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, भुवनेश्वर मंडल भी उपस्थित थे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री दुरैस्वामी ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं हैं, बल्कि यह चरित्र निर्माण का माध्यम भी हैं। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों को उत्साह, निष्पक्ष खेल भावना और अपनी पूरी क्षमता के साथ खेल में भाग लेना चाहिए। उद्घाटन समारोह की शुरुआत खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई जिसके बाद कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामी ने ध्वजारोहण किया और औपचारिक रूप से अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स का शुभारंभ किया। निगम के आठ क्षेत्रों के लगभग 382 खिलाड़ी इन गेम्स में भाग लेंगे। अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स का 14 नवंबर, 2025 को मुख्य अतिथि, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक सत पाल भानू के द्वारा समापन किया जाएगा।

# पटना एनएमसीएच में डेंगू से दो की मौत, तीन मरीजों का इलाज जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के औषधि विभाग स्थित डेंगू वार्ड में भर्ती दो गंभीर मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। वार्ड में भर्ती दो पुरुष और एक महिला मरीज का इलाज जारी है।

विभाग अध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 40 वर्षीय वैशाली के भगवानपुर हुसैना निवासी मुकेश कुमार रविवार की सुबह पांच बजे इमरजेंसी में भर्ती हुए थे। उन्हें लीवर संबंधित गंभीर समस्या थी। डेंगू पीड़ित मुकेश की हालत इलाज के दौरान गंभीर होने पर उन्हें औषधि विभाग की आईसीयू में भर्ती किया गया। सोमवार की शाम उनकी मौत हो गई। मृतक के भांजा सौरव ने बताया कि मुकेश कुमार ग्रामीण चिकित्सा के रूप में काम करते थे। उन्हें डेंगू के साथ जॉन्डिस समेत लीवर की समस्या भी थी। औषधि विभाग के अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को हिलसा निवासी अरविंद कुमार की पत्नी डेंगू पीड़ित तीस वर्षीय खुशबू कुमारी भर्ती हुई थी। उसे तेज बुखार था प्लेटलेट्स कम होने के कारण सात आठ प्लेटलेट्स भी चढ़ाया गया था। इलाज के क्रम में मंगलवार को उसकी मौत हो गई। विभाग अध्यक्ष ने कहा कि मौत मामले की ऑडिट कराई जाएगी ताकि ये पता चल सके कि डेंगू के किस वेरिएंट से मौत हुई है।

# ठंड में बच्चे और बूढ़ों को निमोनिया से बचाएं, फेफड़े की बीमारी वाले मरीज रहें सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व न्यूमोनिया दिवस के मौके पर जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. राहुल ने ठंड में बच्चे एवं बूढ़ों को न्यूमोनिया से बचाने की सलाह दी और कहा कि फेफड़े की बीमारी से संक्रमित मरीज विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार, व्यायाम और वैक्सीन लेकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। डॉ. राहुल ने बताया कि अन्य मौसम की तुलना में ठंड में न्यूमोनिया का प्रकोप ज्यादा होता है। इस मौसम में न्यूमोनिया से ग्रसित व्यक्तियों की मृत्यु दर भी अधिक होती है। मूल रूप से न्यूमोनिया फेफड़े का संक्रमण है अतः यह फेफड़े को प्रभावित करती है। फेफड़े का जो पैरेंकाइमा होता है, उसमें संक्रमण की वजह से सूजन आ जाती है। इसी सूजन को न्यूमोनिया कहा जाता है। इसकी वजह से मरीज को कफ और बुखार आता है और भूख की कमी हो जाती है। कई बार खांसी के साथ बलगम में खून जैसे शिकायत भी देखा गया है। बुखार के साथ कंपकपाहट, सांसों का फूलना न्यूमोनिया के लक्षण होते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल के विश्व न्यूमोनिया दिवस की थीम है कि इस बीमारी से बच्चों और बूढ़ों को बचाना तथा उन पर ज्यादा ध्यान देना। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और अन्य बीमारी से पीड़ित लोगों पर भी विशेष नजर रखें। न्यूमोनिया उन लोगों में ज्यादा होता है, जो पहले से ही किसी तरह के फेफड़े के बीमारी से संक्रमित होते हैं। अस्थमा, सीओपीडी के मरीज, ऐसे मरीज जिनकी पहले से ऑर्गन ट्रांसप्लांट की हिस्ट्री रही हो, डायबिटीज पेशेंट तथा हाइपरटेंशन के पेशेंट को न्यूमोनिया होने की आशंका ज्यादा होती है। उनको इस मौसम में अपने आप को अलग रखना चाहिए। उनको ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति जिनको न्यूमोनिया है, उससे खुद को दूर रखें क्योंकि मूल रूप से वायरल इन्फेक्शन से बहुत जल्दी एक से दूसरे व्यक्ति को न्यूमोनिया होने का खतरा रहता है। इनफ्लुएंजा की वजह से न्यूमोनिया होना, वायरल न्यूमोनिया, फंगल न्यूमोनिया यह सब इंफेक्शन होते हैं।

डॉ. राहुल ने बताया कि न्यूमोनिया का इलाज संभव है। कम्युनिटी एक्वायर्ड न्यूमोनिया ज्यादातर लोगों में बैक्टीरियल न्यूमोनिया होता है। बैक्टीरियल या कोई भी न्यूमोनिया, इनके ठीक होने के चांसेस ज्यादा होते हैं, बशर्ते इस बीमारी को समय से पकड़ लिया जाए। उन्होंने बताया कि मेदांता में इसके इलाज के लिए सारी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां टेस्ट असेसमेंट से लेकर इमरजेंसी तक पहुंचते ही इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के द्वारा ली गई हिस्ट्री को एग्जामिन किया जाता है।

# सोनालीका की गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में एंट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने बांग्लादेश स्थित डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी ए सीआई मोटर्स लिमिटेड द्वारा एक ही दिन में अब तक की सबसे बड़ी ट्रैक्टर डिलीवरी करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है जिससे कंपनी की वैश्विक श्रेष्ठता को और अधिक बल मिला है। यह असाधारण उपलब्धि बांग्लादेश के दिनाजपुर में 'सोनालीकर बिशोजॉय' थीम पर आयोजित भव्य समारोह में हासिल हुई। ये प्रगति, उत्पादकता और साझेदारी का उत्सव रहा जिसमें 350 ट्रैक्टरों की डिलीवरी सिर्फ 4 घंटे में की गई। इस उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए डॉ. दीपक मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा बांग्लादेश के हमारे डिस्ट्रीब्यूटर ए सी आई मोटर्स द्वारा हासिल किया गया यह नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, हमारे सफर में विश्वास रखने वाले हर किसान और हर साथी के प्रति हमारा आभार है। सोनालीका परिवार का प्रत्येक सदस्य आज गर्वित है और हम दुनिया भर के किसानों को सशक्त बनाने के अपने मिशन पर कायम हैं। इस अवसर पर बोलते हुए गौरव सक्सेना, डायरेक्टर एंड सीईओ - इंटरनेशनल बिजनेस, आई टी एल ने कहा बांग्लादेश में हमारे डिस्ट्रीब्यूटर ए सी आई मोटर्स लिमिटेड द्वारा हासिल की गई एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी डिलीवरी का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्शाता है कि कैसे विश्वास, ग्राहक-केंद्रित और उद्देश्य एक साथ मिलकर प्रभावशाली रहते हैं।

# वरिष्ठ नेता डा. शकील अहमद ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण समाप्त होते ही कांग्रेस को झटका लगा है। वरिष्ठ नेता डा. शकील अहमद ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उन्होंने पत्र लिखकर कहा है कि इसे प्राथमिक सदस्यता से उनका इस्तीफा माना जाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद ने पत्र में कुछ पारिवारिक कारण गिनाए हैं। उन्होंने परोक्ष रूप से पार्टी के कुछ नेताओं से मतभेद की बात भी कही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि 16 अप्रैल 2023 लिखे पत्र में उन्होंने कहा था कि भविष्य में चुनाव नहीं लड़ेंगे।

यह घोषणा भी की थी कि तीनों पुत्र कनाडा में रहते हैं। उनमें से किसी की भी रुचि राजनीति के प्रति नहीं है। इसलिए वे भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन, अब यह संभव नहीं लगता। दुखी मन से कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि किसी दूसरी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। डा. शकील ने आगे लिखा है कि किसी भी दूसरी पार्टी में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। अपने पूर्वजों की तरह उन्हें भी कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों में अटूट विश्वास है। जीवनभर कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों का शुभचिंतक और समर्थक बने रहने और जीवन का अंतिम वोट भी कांग्रेस के पक्ष में गिराने की बात उन्होंने लिखी है। उन्होंने अपने दादा, पिता की कांग्रेस से जुड़कर राजनीतिक यात्रा की चर्चा की है। उन्होंने लिखा है कि पार्टी की सदस्यता त्यागने का फैसला पहले ही कर लिया था।

# सीमांचल में एनडीए-महागठबंधन में जबरदस्त टक्कर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में वोटिंग खत्म होते ही एग्जिट पोल सामने आने लगे हैं। इन सभी एग्जिट पोल में एनडीए सरकार की वापसी के संकेत हैं। ऐसे में यह जानना बेहद दिलचस्प है कि किस रीजन में कौन सा गठबंधन सबसे आगे है और किस क्षेत्र में कांटे की टक्कर है।

**अंगिका और भोजपुर में एनडीए भारी**

आईएएनएस-मैटराइज के एग्जिट पोल के आंकड़ों के मुताबिक, अंगिका में विधानसभा की कुल 30 सीटें हैं जिनमें एनडीए को 20-23 सीटें, महागठबंधन को 7-10 सीटें और अन्य को 0-1 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं, भोजपुर रीजन की 67 सीटों में से एनडीए के खाते में 37-42 सीटें, महागठबंधन के खाते में 20-25 और अन्य के खाते में 0-2 सीट आ सकती है। ऐसा ही कुछ हाल मगध रीजन में भी है। यहां की 51 सीटों में से एनडीए के पाले में 30-35 सीटें, महागठबंधन 17-22 और अन्य 0-1 सीट पर सिमट सकते हैं।

**मिथिलांचल में एनडीए को सबसे बड़ा फायदा**

एनडीए को सबसे बड़ा फायदा मिथिलांचल में मिलता दिख रहा है। यहां की 71 सीटों में एनडीए को 50-55, महागठबंधन को 18-23 और अन्य को 0-1 सीट मिलने की उम्मीद की जा रही है। बता दें कि इस क्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा फोकस किया था।

**सीमांचल में कांटे की टक्कर**

सीमांचल में एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर रहने की उम्मीद है। 24 सीटों में से एनडीए को 10-12 सीटें, महागठबंधन को 8-10 सीटें और अन्य को 2-3 सीटें मिलने के आसार हैं। हालांकि अगर जेंडर वाइज वोट शेयरिंग की बात करें तो एनडीए को 52 प्रतिशत, महागठबंधन को 36 प्रतिशत और जन सुराज पार्टी और अन्य को 6-6 प्रतिशत पुरुषों के वोट मिलने के अनुमान हैं। महिलाओं ने एनडीए पर विश्वास जताते हुए जमकर वोट डाला। एनडीए के खाते में 65 प्रतिशत, महागठबंधन को 27 प्रतिशत, जन सुराज पार्टी को 6 प्रतिशत, और अन्य को 2 प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद है।

# डिहरी विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न, 62.47% मतदाताओं ने डाले मत

## थर्ड जेंडर ने भी किया मतदान, दस प्रत्याशियों के भविष्य एवीएम में बन्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव में आज मंगलवार को मतदान के दिन मतदाताओं में उत्सुकता देखी गई। पुलिस प्रशासन प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर चौकस रही। पुलिस प्रशासन की टीम सड़कों पर आते जाते दिखाई दी। पुलिस प्रशासन सड़क से लेकर बूथ तक हर जगह तैनात देखी गई। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतदान के दिन डिहरी विधानसभा क्षेत्र में कई केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ नहीं देखी गई, लेकिन कुछ मतदान केन्द्रों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। डिहरी विधानसभा क्षेत्र







में कुल 29 8856 मतदाता हैं जिसमें 156003 पुरुष जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 148846 है, वही तृतीय लिंग की संख्या 7 है जिनके लिए कुल 333 मतदान केंद्र बनाए गए। डिहरी प्रखंड क्षेत्र में पिंक मतदान केंद्र की संख्या पांच है जबकि तीन मॉडल मतदान केंद्र बनाए गए, लेकिन वहां कई सुविधाएं नहीं मिल रही थी। कोई मतदान केंद्रों पर पानी की व्यवस्था नहीं थी यहां तक की डिहरी के न्यू एरिया स्थित हरि ओम स्कूल तथा मध्य विद्यालय हुरका बूथ में मतदान कर्मियों के पीने के लिए भी पानी नहीं थी जिसकी शिकायत एसडीएम से की गई। कई मतदान केन्द्रों पर बुजुर्ग मतदाता अपने परिजनों के सहारे आते देखे गए। वहीं पुलिस की मानवता इस मतदान के दौरान देखी गई जहां डिहरी के एक बूथ पर पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार द्वारा एक विकलांग मतदाता को गोद में उठाकर बूथ तक ले गए जिसकी सर्वत्र चर्चा एवं सराहना हो रही है। मंगलामुखी के नरगिस किन्नर, पिंकी किन्नर, कबूतर किन्नर, शीतल किन्नर ने भी डिहरी के राजकीय टाउन मध्य विद्यालय मतदान केंद्र पर मतदान किया। इस विधान सभा में सात थर्ड जेंडर मतदाता है। वही पहली बार शिवगंज निवासी ध्रुव कुमार ने भी वोट डाला और बहुत खुश हुए। मतदान केंद्र के गेट पर केंद्रीय बलों के जवान तैनात थे। मतदान केंद्र में लोग लाइन में लगे थे। शुरुआती दो घंटे में नौ बजे मतदान का प्रतिशत 13.36 फीसद रहा। 11 बजे 28.29, एक बजे 43.4., 3 बजे 55.65 व पांच बजे 62.47 प्रतिशत मतदान हुआ। छह बजे समाप्ति तक मतदान हुआ। अनुमंडल कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से प्राप्त खबरों के अनुसार कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हजारों युवा वृद्ध विकलांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाहबाद प्रक्षेत्र के डी आईजी डॉ सत्य प्रकाश, एएसपी अतुलेश झा, एस डी एम नीलेश कुमार ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दस प्रत्याशियों का भविष्य एवीएम में बंद डिहरी विधान सभा सीट पर राजग गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, महागठबंधन के राजद प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी समेत दस प्रत्याशियों का मतदान के साथ भविष्य एवीएम में बंद हो गया।

# कैमूर में मतदाताओं ने जमकर डाले वोट, 67 फीसदी मतदान दर्ज

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दूसरे चरण में कैमूर (भभुआ) जिले की चारों विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शाम 05:45 बजे तक प्राप्त प्रारंभिक सूचना के अनुसार जिले में 67% से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी प्रेस ब्रीफिंग के अनुसार कैमूर जिले में इस बार का मतदान प्रतिशत पिछले चुनावों के मुकाबले अधिक रहने की संभावना है। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2020 में जिले का औसत मतदान प्रतिशत 62.76% था जबकि लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में यह 59.65% था। विधानसभा क्षेत्रवार मतदान प्रतिशत (अपराह्न 05:45 बजे तक 203-रामगढ़: 66.30 प्रतिशत, 204-मोहनियां (अ.जा.) में 68.24, 205-भभुआ:



66.92 और 206-चैनपुर में 67.41प्रतिशत रहा। जिले में कुल मतदाता11,71,322 और उम्मीदवार 48 है जिनमें 44 पुरुष और 04 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। कुल मतदान केंद्र: 1,484 है जिनमें शहरी क्षेत्र में और 116, ग्रामीण क्षेत्र में 1,368 है। विशेष केंद्र 08 मॉडल मतदान केंद्र, 08 पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित और 04 पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित केंद्र बनाए गए थे। जिला प्रशासन ने बताया कि सभी 1,484 मतदान केंद्रों से लाइव वेबकास्टिंग की गई। जिला नियंत्रण कक्ष को इवीएम से संबंधित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनका तत्परता से निष्पादन कर दिया गया। जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र में मतदान बहिष्कार की कोई सूचना नहीं मिली। चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने पर सभी मतदान केंद्रों पर उपस्थित निर्वाचन अभिकर्ताओं को नियमानुसार 17 सी की प्रति प्रदान की गई जिन केंद्रों पर अभी भी मतदान जारी है वहां समाप्ति के बाद यह प्रति दी जाएगी।

# पहली बार मतदान कर खुश दिखीं युवतियां, कहा विकास के लिए दिया वोट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** करगहर विधानसभा क्षेत्र के कोचस प्रखंड के लहेरी पंचायत के लहेरी गांव स्थित मतदान केंद्र पर मंगलवार को युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पहली बार वोट डालने पहुंचीं युवतियों के चेहरे पर गर्व और खुशी झलक रही थी। लहेरी गांव की अनन्या कुमारी (18 वर्ष), अनामिका कुमारी और अदिति कुमारी ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद उन्होंने कहा कि विकास और बेहतर भविष्य के लिए वोट दिया है। अनन्या कुमारी ने कहा कि पहली बार मतदान कर बहुत अच्छा लग रहा है, यह एक गर्व का क्षण है कि हम अपनी सरकार चुनने में भागीदार बने हैं। अनामिका कुमारी ने कहा कि ऐसी सरकार को दोबारा मौका मिलना चाहिए जो वास्तव में विकास कार्य करे जबकि अदिति कुमारी ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर मतदान करना चाहिए क्योंकि एक-एक वोट से ही बदलाव आता है। लहेरी पंचायत के मतदान केंद्रों पर युवतियों का यह उत्साह अन्य मतदाताओं के लिए भी प्रेरणा बना रहा। सभी ने एक स्वर में कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश के विकास की जिम्मेदारी भी है।

# द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रोहतास जिले चेनारी के विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कार्य शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार दोपहर 1:00 बजे तक जिले में औसतन 45.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अब तक प्राप्त विधानसभा वार मतदान प्रतिशत इस प्रकार है -चेनारी में 56.8 प्रतिशत, मतदाता अपना मतदान किये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी उदिता सिंह ने विधानसभा से अपील की है कि मतदान समाप्ति समय से पहले अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार एवं जिम्मेदारी है और शत-प्रतिशत मतदान के माध्यम से



ही हम एक सशक्त एवं भागीदारीपूर्ण लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, पीने के पानी, छाया, प्राथमिक चिकित्सा और व्हीलचेयर जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे निःसंकोच, निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि 'पहले मतदान-फिर जलपान' का संकल्प लेकर सभी लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे। हर वोट कीमती है और लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाता है। शत-प्रतिशत मतदान से ही सशक्त बिहार और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

# नई दिल्ली में बम ब्लास्ट के मद्देनजर आरपीएफ, जीआरपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम स्टेशन पर बिहार विधानसभा चुनाव व दिल्ली में हुए ब्लास्ट के हाई अलर्ट के मद्देनजर आरपीएफ, जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बिहार विधानसभा चुनाव व लाल किला, मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए ब्लास्ट के कारण रेलवे बोर्ड नई दिल्ली द्वारा जारी हाई अलर्ट आदेश के मद्देनजर सासाराम रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सासाराम निरीक्षक प्रभारी साथ अधिकारी व स्टाफ तथा जीआरपी सासाराम प्रभारी निरीक्षक साथ अधिकारी व स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से सासाराम स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सभी प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवरब्रिज, वेटिंग हॉल, पार्किंग एरिया एवं गाड़ियों में गहन चेकिंग किया गया। इस दौरान सभी जगह किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। सासाराम स्टेशन पर स्थिति सामान्य है। विधानसभा चुनाव व ब्लास्ट घटना के मद्देनजर सभी स्टाफ को ब्रीफ कर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिया गया।

# बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज की 122 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे फेज के 122 सीटों पर 11 सितम्बर को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। इसी फेज में रोहतास जिला के 7 विधानसभा सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार शाम के 6:00 बजे तक पूरे जिले में 61.64 प्रतिशत मतदान रहा जबकि 2020 में यही मतदान प्रतिशत 54.09 था जिससे साफ



जाहिर होता है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपने मतदान का उपयोग किया। वही इस बार के चुनाव में महिला मतदाताओं ने भी आगे बढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी दर्ज कराते हुए काफी संख्या में अपने मतदान का उपयोग किया है। अगर विधानसभावार मतदान प्रतिशत को देखा जाये तो सबसे अधिक मतदान प्रतिशत 209-करगहर विधानसभा का 63.06% रहा। उसके बाद 212-डिहरी का 62.47%, 208-सासाराम का 60.97%, 207-चेनारी का 60.95%, 2011-नोखा का 60.37%, 210- दिनारा का 59.98% एवं 213-कराकाट का 57.09% रहा। वही मतदान के क्रम में रिपोटिंग के दौरान पाया गया कि सासाराम विधानसभा सभा के तिलौथू प्रखंड में तो मतदाताओं ने रिकॉर्ड तोड़ मतदान किया है। इस क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी जोश और जूनून देखने को मिला। इतना ही नहीं किसी किसी बूथ पर तो देखा गया कि ज्यादा संख्या में महिला मतदाता ही मतदान के लय कतार में खड़ी है। इतना ही नहीं इस विधानसभा चुनाव में अगर मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है तो उसमें महिला मतदाताओं की अहम भूमिका है। यही कारण है इस प्रखंड के कई बूथों पर 75 प्रतिशत मतदान भी दर्ज की गई।

# यूक्रेन से आकर एनआरआई ने किया वोट, बोले- तरक्की करे हमारा बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के तहत 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान संपन्न हुई। तमाम लोग बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुए और अपने मताधिकार का प्रयोग किये। यूक्रेन में रहने वाले डॉ. अमित ने भी रोहतास के डालमियानगर में वोट डाला। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी सरकार बने और प्रदेश में तरक्की हो, इसी सोच के साथ मतदान करने आया हूं।

**यूक्रेन से आकर डाला वोट:** जिले के डालमियानगर के रहने वाले डॉ. अमित 25 साल पहले यूक्रेन चले गए थे। वहीं पर उन्होंने



शादी भी की और फिर वहीं बस गए। विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए वह बिहार लौटे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी यूक्रेन और रशिया के बीच युद्ध के कारण हालात अच्छे नहीं हैं, एयर स्पेस बंद है। इस वजह से बिहार आने में एक हफ्ते का समय लग गया। तमाम परेशानियों के बावजूद वह अपने घर वोट डालने आए हैं।

**कैसी सरकार चाहते हैं:** डॉ. अमित ने बताया कि यह सुखद अनुभूति है। कई सालों के बाद वोट करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार में अच्छी सरकार हो, लोगों को रोजी-रोजगार मिले ताकि लोगों को पलायन का दर्द नहीं झेलना पड़े। इसी सोच के साथ इस बार मतदान करने बिहार आया हूं। उम्मीद है कि अच्छी और स्वच्छ सरकार बने, जो सबके बारे में सोचे। चुनाव जो महापर्व हो रहा है हमारा अधिकार है मतदान करना, सही सरकार का चुनाव करना ताकि हमारा जो राज्य है, वह प्रगति की तरफ बढ़े। मुझे इस धरती से प्रेम है, क्योंकि ये मेरी मातृभूमि है। मैं चाह रहा हूं जैसे विदेश में प्रगति हो रही है, वही मेरे राज्य में हो। बहुत से लोग जो घर छोड़कर जाते हैं, उनके लिए ऐसी व्यवस्था हो ताकि वह यहीं पर काम कर सके। कानून-व्यवस्था में अभी भी बहुत सुधार की जरूरत है।

**पलायन का दर्द:** उन्होंने बताया कि अपने वतन और अपनी माटी से दूर रहने की पीड़ा तो होती ही है। वे कहते हैं कि भले ही सात समंदर पार रहता हूं, लेकिन दिलो-दिमाग में यहां की याद हमेशा रहती है। वोट हमारा अधिकार है। सभी लोगों को वोट करना चाहिए ताकि बिहार में अच्छी सरकार का गठन हो। बिहार में ही रोजगार के अवसर मिले, युवाओं को पलायन न करना पड़े।

# बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बंपर वोटिंग, महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में लोकतंत्र के महापर्व में दूसरे और आखिरी चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। आप को बता दें कि भभुआ विधानसभा क्षेत्र के रामपुर प्रखंड में मंगलवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गई जो शाम 6 बजे संपन्न हुआ। सुबह 6 बजे से ही मतदाता बूथों पर पहुंचने लगे थे और मॉक पोलिंग के बाद ठीक 7 बजे मतदान शुरू होते ही लंबी कतारें लग गईं। रामपुर प्रखंड में कुल 89 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पुरुष और महिला मतदाताओं के



लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं। वही महिलाओं ने भी मतदान में बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा। दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है जिसमें मतदान कर्मियों की सहायता से उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह कड़ी रही सभी बूथों पर पुलिस अधिकारी और अर्धसैनिक के जवान तैनात रहे। कर्मी द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र की जांच हो रही थी। हेल्प डेस्क और व्हीलचेयर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संभावित गड़बड़ियों पर नजर रखी गयी। कुल मिलाकर रामपुर प्रखंड में मतदान शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा (खुली) सूचना संख्याः–**
**ईएल/50/दानापुर/खुली /32/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं:– **निविदा संख्या: ईएल/50/दानापुर/खुली/32/2025–26 (1) कार्य का नाम :** दानापुर डिवीजन में सभी रेलवे इंस्टॉलेशन के लिए पारंपरिक इलेक्ट्रिक एनर्जी मीटर की जगह स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग सिस्टम लगाना। **(2) अनुमानित लागत:** रु 2,71,35,676.87/– **(3) अग्रधन राशि:** रु 2,85,700/– **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 10.12.2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. वरीय मंडल बिजली इंजीनियर / सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल. दानापुर । **नोटः–** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)**
**पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर।**

पीआर/1257/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/32



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना संख्या**
**ईएल/50/दानापुर/खुली/34/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विधूत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** ईएल/50/दानापुर/खुली/34/2025–26 **(1) कार्य का नाम:** रेल आश्रय, पीएनबीई और रेल विहार, आरएनसीसी में स्थापित सभी विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत, रखरखाव और मैनिंग कार्य तीन वर्षो के लिए। **(2) अनुमानित लागत:** रु 1,56,41,302.86/– **(3) अग्रधन राशि:** रु 2,28,200/– **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 03.12.2025 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की बेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय:** क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर । **नोट** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा ।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/1256/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/36


# कैमूर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में बढ़ा मतदान प्रतिशत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों 203- रामगढ़, 204- मोहनियां, 205- भभुआ और 206- चैनपुर में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मतदान हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, कैमूर के निर्देशन में सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग उत्साहपूर्वक किया। प्रातः 9:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 203- रामगढ़ में







14.91, 204-मोहनियां में 16, 205- भभुआ में 15.27, 206- चैनपुर में 14.69 फीसदी रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्भीक होकर मतदान करें और लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर सुविधा, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।11:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 203- रामगढ़ में 30.92, 204-मोहनियां में 32.91, 205- भभुआ में 31.74, 206- चैनपुर में 32.31रहा। 01:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 203- रामगढ़ 47.63, 204-मोहनियां 50.69, 205- भभुआ 49.42, 206- चैनपुर 50.91 रहा। 03:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 203- रामगढ़ में 60.54, 204-मोहनियां में 63.38, 205 भभुआ में 61.34 और 206- चैनपुर में 62.32 रहा जबकि जिले में कुल मतदान 61.90 हुआ। 05:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 203- रामगढ़ में 66.21, 204-मोहनियां में 68.20, 205- भभुआ में 66.90 और 206- चैनपुर में 67.09 हुआ जबकि कुल मतदान 67.09 रहा।

# अवैध हथियार कारोबारियों पर कार्रवाई दो गिरफ्तार, तीन आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सिलाव थाना क्षेत्र के करियन्ना गांव में सोमवार देर रात अवैध हथियार कारोबार के खिलाफ एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई हुई। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ पटना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गांव में घेराबंदी कर छापेमारी की। अभियान के दौरान दो संदिग्धों को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने पांच नामजद सहित अज्ञात आरोपितों पर एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को सिलाव थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि करियन्ना गांव में अवैध हथियारों की बड़ी डील होने की सूचना पर विशेष टीम बनाई गई थी। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्रम कुमार (घोसतावां) और प्रिंस कुमार (करियन्ना) के रूप में हुई है। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की गई है।



**उसी रात दूसरी घटना:** घर पर फायरिंग, चार जिंदा कारतूस बरामद इसी गांव में सोमवार देर रात एक और गंभीर घटना सामने आई। पारस नामक व्यक्ति के घर पर फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक वाहन जब्त किया। वाहन से चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। वाहन मालिक की पहचान नीतीश कुमार के रूप में हुई है, जो घटना के बाद फरार हो गया। डीएसपी ने बताया कि यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत होता है। एक दिन पहले दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना को लेकर भी मुकदमा दर्ज किया गया था।

**इसी गांव में फायरिंग और अश्लील सामग्री वायरल करने की दूसरी वारदात से फैली सनसनी**

**विवाद में नया मोड़:** युवती ने लगाए अश्लील सामग्री वायरल करने के आरोप

फायरिंग की घटना के बाद विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। एक युवती ने पुलिस को आवेदन दिया है, जिसमें आरोप लगाया है कि विवाद में शामिल कुछ युवकों ने उसके मोबाइल पर अश्लील संदेश और ऑडियो भेजे। साथ ही उसकी फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में भी अलग से एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**वर्चस्व की लड़ाई या निजी रंजिश?** पुलिस सभी कोणों पर जांच में जुटी डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हथियार कारोबार, फायरिंग और अश्लील सामग्री वायरल करने के मामलों के बीच संभावित संबंधों की भी जांच की जा रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मामला वर्चस्व की लड़ाई, जमीन विवाद या किसी निजी रंजिश से जुड़ा है। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# मतदाताओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के द्वारा 237-नवादा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित संत जोसेफ स्कूल, नवादा के मतदान केंद्र (मॉडल बूथ) संख्या – 350, 351, 352, 353, 354 एवं 366 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान की प्रगति, मतदान कर्मियों की उपस्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने केंद्र पर तैनात पोलिंग कर्मियों एवं पुलिस बल से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित किया कि किसी भी मतदाता को मतदान करने में कोई असुविधा न हो।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र पर मतदान कर बाहर निकल रहे मतदाताओं से भी संवाद स्थापित किया और उनसे मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं संपूर्ण व्यवस्था के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि मतदान समाप्ति तक सतर्कता बनाए रखें और निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराएं।





# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय कृत मध्य विद्यालय, माफी स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों (क्रम संख्या 172, 173, 174 एवं 175) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रहा था। अधिकारियों ने मतदाताओं से बातचीत की, जिनसे ज्ञात हुआ कि सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, छाया, रैंप आदि उपलब्ध हैं तथा मतदाता उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं।

इस दौरान एक 101 वर्षीया बुजुर्ग महिला मतदाता मतदान कर बाहर



निकलती दिखीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जब उनसे मतदान अनुभव पूछा गया, तो उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार और कर्तव्य है, जिसे निभाकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। साथ ही यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध है जिससे मतदान करना बिल्कुल सुगम हो गया है।

## मतदान को लेकर रही व्यापक व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** 11 नवम्बर 2025 को हो रहे बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अंतर्गत नवादा जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल रखने हेतु मोबाइल होल्डर की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही, प्रत्येक मोबाइल होल्डर पर एक वॉलंटियर की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जो मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं के मोबाइल रखने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, जिले के सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था थी। इससे मतदान प्रक्रिया की रियल टाइम मॉनिटरिंग जिला नियंत्रण कक्ष राज्य नियंत्रण कक्ष एवं आयोग के नियंत्रण कक्ष से की जा रही थी, ताकि मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हो सके।

# महाविहार क्रिकेट प्रतियोगिता में इतिहास विभाग का दबदबा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नव नालंदा महाविहार में आयोजित वार्षिक अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में इस वर्ष प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग की जीत का परचम लहराया। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के फाइनल मुकाबलों में विभाग की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के फाइनल में प्राचीन इतिहास विभाग की टीम का सामना पालि एवं अंग्रेज़ी विभाग की संयुक्त टीम से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए संयुक्त टीम ने 46 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इतिहास विभाग की टीम ने सधा हुआ खेल दिखाते हुए बिना कोई विकेट गंवाए 10 विकेट से उपलब्धि हासिल की। पुरुष वर्ग के फाइनल में दर्शनशास्त्र एवं प्राचीन इतिहास विभाग की संयुक्त टीम का मुकाबला पालि विभाग से हुआ। पालि विभाग ने पहले बल्लेबाजी कर 83 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में इतिहास एवं दर्शनशास्त्र विभाग की संयुक्त टीम ने प्रदर्शन करते हुए कुछ ओवर शेष रहते 7 विकेट से मैच जीत लिया।

फाइनल मुकाबलों के साथ ही नव नालंदा महाविहार की वर्ष 2025 की वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक समापन हो गया। महाविहार परिसर पूरे दिन उत्साह, प्रतिस्पर्धा और उमंग से सराबोर रहा।

# नवजात को जन्म देने के नौ दिन बाद मां फरार, बच्ची को चाची ने दिया संरक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में मंगलवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जिसने अस्पताल कर्मियों सहित मौजूद सभी लोगों को स्तब्ध कर दिया। नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी रोहित राज की पत्नी नंदनी कुमारी ने 4 नवंबर को एक नवजात पुत्री को जन्म दिया था, लेकिन जन्म के नौ दिन बाद वह बच्ची को अस्पताल के बेड पर छोड़कर फरार हो गई। परिवार ने बताया कि नंदनी पुत्री के जन्म से नाखुश थी। सोमवार को वह बिना किसी को कुछ बताए अस्पताल से निकल गई। काफी देर तक उसके लौटकर न आने पर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने तुरंत पहल करते हुए परिवार के सदस्यों और ससुराल पक्ष को अस्पताल बुलाया। अस्पताल प्रशासन द्वारा समझाने के बावजूद नंदनी बच्ची को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हुई। उसने साफ कहा कि वह नवजात को अपने साथ नहीं ले जाएगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बच्ची को सुरक्षित रूप से परिवार के संरक्षण में देने का निर्णय लिया। मंगलवार दोपहर नवजात की चाची अस्पताल पहुंचीं और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को अपने साथ घर ले गईं। अस्पताल प्रबंधक मोहम्मद इमरान के अनुसार, बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और अब परिवार की देखभाल में है। यह मामला समाज में बेटियों के प्रति सोच पर एक गंभीर सवाल भी छोड़ जाता है।

# साढ़े ग्यारह वर्षों बाद दनियां रानीगदर बूथ पर मतदाताओं ने उत्साह से डाले वोट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** जिला के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शुमार रहे गोबिंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले प्राथमिक विद्यालय दनियां रानीगदर बूथ नम्बर 404 पर साढ़े ग्यारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मतदान कार्य सम्पन्न हुए। मंगलवार को हुए वोटिंग के दौरान मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इसके पूर्व हुए चुनावों में यहां के मतदाताओं का मतदान केंद्र लगभग 50 किलोमीटर दूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचम्बा में स्थानांतरित कर दिया जाता रहा, जिसके कारण मतदाताओं द्वारा वोट का बहिष्कार कर दिया जाता था। हालांकि बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद मतदान की प्रक्रिया किसी तरह पूरी कर ली जाती थी। परंतु जिला प्रशासन की साहसिक पहल के बाद इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में दनियां रानीगदर विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुए वोटिंग में स्थानीय मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि इस मतदान केंद्र पर अर्धसैनिक बलों के साथ साथ सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए। बता दें कि इसके पूर्व 2014 में 10 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के बदले 13 अप्रैल को एक रणनीति के तहत सुरक्षा कारणों से मतदान कार्य कराए गए थे। परन्तु मतदान कराकर लौट रहे कर्मियों पर अचानक नक्सलियों द्वारा हमला कर दिया गया। तब सुरक्षाकर्मियों एवं नक्सलियों में काफी देर तक मुठभेड़ हुई। परंतु उस घटना के मतदानकर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। तब से दनियां रानीगदर बूथ पर मतदान नहीं होता था।



## मतदान केंद्र पर स्काउट एवं गाइड का उत्कृष्ट सहयोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के तहत संत जोसेफ स्कूल, नवादा में स्थापित मतदान केंद्र पर स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने आज अपने अनुशासित सेवा भाव का परिचय दिया। इन बच्चों द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाताओं को मुख्य द्वार से मतदान बूथ तक पहुंचाने में सक्रिय सहयोग किया गया। साथ ही मतदाताओं को कतार में व्यवस्थित रखने, पेयजल उपलब्ध कराने एवं मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शांतिपूर्ण मतदान को लेकर सख्त सुरक्षा व्यवस्था







**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर नवादा जिले में मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मतदान के दौरान सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मैदान में लगातार सक्रिय दिखे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा की कड़ी निगरानी की जा रही थी तथा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर विशेष चौकसी बरती जा रही थी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# प्रत्याशियों ने भी उत्साह के साथ किया मतदान



**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में जहां मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वही इन विधानसभा क्षेत्र पर उम्मीदवार बने लोगों ने भी मतदान उत्साह के साथ किया। नवादा विधानसभा क्षेत्र से कौशल यादव, विभा देवी, डॉ अनुज सिंह, हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से अनिल सिंह, नीतू देवी, रजौली विधानसभा क्षेत्र से पिंकी भारती, विमल राजवंशी, गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मो कामरान, राजद प्रत्याशी पूर्णिमा यादव, एनडीए प्रत्याशी विनीता मेहता तथा वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अरुणा देवी और महागठबंधन प्रत्याशी अनीता कुमारी ने भी अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ऐसे तो मताधिकार का प्रयोग करने वाले लोग अपनी-अपनी जीत के प्रति आस्वस्त दिखे। परंतु, जैसे-जैसे मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया उम्मीदवार अपने पक्ष में मतदान कराने के प्रति बेचैन दिखे ।



मतदान करने के बाद चिन्ह प्रदिशत करते मतदाता

# 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने किया मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** काशीचक प्रखंड के एक मतदान केंद्र पर 105 वर्षीया केशरी देवी ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उम्र के इस पड़ाव में भी उनका मतदान के प्रति उत्साह लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा। जिला प्रशासन, नवादा द्वारा मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी, जिसके माध्यम से उन्हें मतदान केंद्र तक लाया गया और मतदान कराया गया। जिला प्रशासन ने ऐसे वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी बूथों पर विशेष प्रबंध किए हैं ताकि वे बिना किसी असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# कौआकोल में जमकर गूंजी इवीएम गूंज

## विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों ने जमकर किया मतदान सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखण्ड में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** विधान सभा चुनाव के तहत दूसरे एवं अंतिम चरण में हुए गोविंदपुर विधान सभा अन्तर्गत नक्सल प्रभावित कौआकोल प्रखण्ड में मंगलवार को शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न हो गया। अतिसंवेदनशील माने जाने वाले जंगली इलाकों में भी लोगों ने जमकर वोटिंग कर इवीएम का डंका बजा दिया। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक प्रखण्ड के 149 बूथों पर मतदाताओं ने अपने अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान को लेकर महिलाएं सहित युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। कई मतदान केंद्रों पर लंबी लम्बी कतारें देखने को मिली। मतदान को लेकर अतिसंवेदनशील माने जाने वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों सहित सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 3 जोनल मजिस्ट्रेट तथा एक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। मतदान के दौरान सामान्य प्रेक्षक,निर्वाची पदाधिकारी,बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार,थानाध्यक्ष उमा शंकर सिंह समेत अन्य अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट विभिन्न बूथों का निरीक्षण करते देखे गए। इसके पूर्व मतदान की प्रक्रिया निर्धारित सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त हो गई।



लाइनें लंबी थीं, लेकिन मतदाताओं का उत्साह उससे भी अधिक



व्हील चेयर पर मतदान करने पहुंचा दिव्यांग मतदाता

# पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं में दिखा जोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा के द्वितीय चरण का मतदान नवादा में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का उपयोग कर जनप्रतिनिधि का चुनाव किया। इस दौरान नवादा विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर पहली बार वोट देने वाले युवाओं में खास उमंग जोश देखने को मिला। नवादा के कन्या इंटर विद्यालय, प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, प्रखंड कार्यालय मतदान केंद्र सहित कई ऐसे कई मतदान केंद्र रहे जहां युवाओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मताधिकार का उपयोग करने के बाद मीडिया से बात करते हुए ऐसे युवाओं ने कहा कि राज्य के विकास के साथ-साथ रोजगार और संसाधन, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मैंने मतदान किया है। एक ऐसी सरकार जो युवाओं को ध्यान में केंद्रित करते हुए विकास और सुरक्षा प्रदान करें। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी अच्छी खासी देखने को मिली।



## सुबह से ही महिलाओं की लगी रही लंबी कतार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रखंड के सभी बूथों पर शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतार वोटिंग के लिए लगी रही। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया उत्साह के साथ वोटरों की संख्या बढ़ती गई। कन्या मध्य विद्यालय हसपुरा बूथ नंबर 51 पर दोपहर बाद महिला मतदाताओं कि लंबी कतार लग गई। महिलाओं में वोट देने के लिए उत्साह देखा गया। ऐसे में मध्य विद्यालय सोनबर्षा बूथ नंबर 127 पर मतदाताओं ने मतदाता के साथ प्रेजाइडिंग पर व्यवधान डालने का आरोप लगा रहे थे। शिकायत मिलते पुलिस - पदाधिकारी बूथ पर पहुंचे और मामला को शांत कराया।

# गयाजी में भारी उमंग और उत्साह के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों में उत्साह और उमंग के माहौल में मतदान हुआ। जिला प्रशासन द्वारा लगातार चलाये जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान का जबर्रदस्त असर दिखा। मतदाताओं ने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान। इसीका नतीजा था कि आज सबेरे से जिले के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में अधिकांश बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लग गयी। नौजवान, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बाबूबरही विधानसभा के परसाही बूथ पर सुबह वोट दने के लिए लाइन में खड़ी सचलेखा कुमारी बताती है कि अभी घर का कार्य छोड़कर वोट देने आई हूं। अब वोट डालने के बाद घर जाकर जलपान आदि बनायगी। इसी विधानसभा के पंचेतिया अखाड़ा बूथ पर सुबह में हल्की हल्की ठंढ के बावजूद मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। वहां वोट डालने के लिए आये अजय कुमार एवं विभा देवी ने बताया कि गांव के ज्यादातर लोग पहले वोट डालकर ही अन्य काम करना चाहते हैं। लोग कतारों में खड़े होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते दिखाई दे रहे हैं। शहर के अधिकांश बूथों पर भी सुबह के 11 बजे तक वोटरों की लंबी कतारें देखी गई। इधर गया शहर विधानसभा क्षेत्र में भी मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। अभी दिन के एक बजे गया शहर के राजकीय इंटर बालिका रमना, जैन धर्मशाला आदि बूथों कर भी मतदाताओं की भीड़ देखी गई। जिला में विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर युवा वोटरों में भी काफी उत्साह देखा गया है। युवा वोटर ने बताया कि वोट डालने का उनका मुद्दा रोजगार को लेकर आये दिन हो रहे पलायन को लेकर है।

पहली बार वोट डालने आये मतदाता बताते हैं कि वोट डालकर ऐसी सरकार बनाना चहते हैं जिसमें नौजवानों को रोजगार के लिए पलायन का दर्द नहीं झेलना पड़े। शाम पांच बजे तक जिला में 58.43 फीसदी मतदान होने की सूचना है।

## डॉ. प्रेम कुमार ने परिवार संग किया मतदान

### कहा-गया की जनता का उत्साह लोकतंत्र की असली शक्ति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और राज्य सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को अपने परिवार के साथ मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाई। वे अपनी पत्नी प्रभावती देवी और पुत्रों के साथ मतदान केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद डॉ. कुमार ने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व हर नागरिक के लिए गर्व का अवसर है क्योंकि इसी के माध्यम से हम अपने राज्य और राष्ट्र के भविष्य का निर्धारण करते हैं। उन्होंने कहा कि गया के लोगों में इस बार जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह लोकतंत्र की सच्ची शक्ति को दर्शाता है। मतदान के उपरांत डॉ. कुमार ने गया शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया और कार्यकर्ताओं व मतदाताओं से मुलाकात की। उन्होंने मतदान प्रक्रिया की व्यवस्था की सराहना की और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह विश्वास और सहभागिता लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। डॉ. कुमार ने भरोसा जताया कि जनता का अपार समर्थन भारतीय जनता पार्टी और कमल के निशान के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1990 से गया विधानसभा क्षेत्र में कमल का फूल लगातार खिलता आया है और इस बार भी नौवीं बार कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और सेवा के नाम पर हमेशा भाजपा को आशीर्वाद दिया है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। गया के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और यही विश्वास बिहार व गया को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रहा है।

## मनीष पंकज मिश्रा ने किया मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष पंकज मिश्रा ने मंगलवार को गया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 236 पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व पर 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प को निभाते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। मतदान के बाद मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है जिसके माध्यम से हम अपने राज्य और देश की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के उस सपने को साकार करने का अवसर है जिसमें उन्होंने हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और अधिकारों से संपन्न लोकतांत्रिक व्यवस्था दी। उन्होंने गया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ मतदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मिश्रा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र वही है जहां जनता सक्रिय रूप से अपने मत का प्रयोग करती है।

## दिल्ली में ब्लास्ट पर डॉ मनीष ने किया गहरा दुख प्रकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने दिल्ली में हुए निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कायरतापूर्ण हरकतें न सिर्फ पीड़ित परिवारों के जीवन को तबाह कर देती हैं बल्कि समाज में भय और अस्थिरता फैलाने का भी उद्देश्य रखती हैं। डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म, कोई सीमा नहीं होती, जो लोग देश-विरोधी एजेंडों के लिए हथियार उठाते हैं वे मानवता के दुश्मन हैं। उन्होंने पाकिस्तान-समर्थित तत्वों से जोड़ने की आशंका जताते हुए कहा कि ऐसे घटक किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। डॉ. मिश्रा ने केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और दोषियों को कानून के अनुसार कठोरतम सजा दिलवाई जाएगी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है और घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की।

## कोंच में शांतिपूर्ण मतदान, लोकतंत्र के महापर्व में गजब का उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के तहत मंगलवार की सुबह सात बजे से टिकारी विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुई। मतदान शुरू होने से पहले मतदान पदाधिकारियों ने पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल कर इवीएम की जांच की। इसके बाद विधिवत रूप से मतदान कार्य आरंभ हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। युवा, महिला और बुजुर्ग मतदाता पंक्तिबद्ध होकर मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। कई बूथों पर महिलाओं की लंबी कतारें नजर आईं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक बूथ पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती रही जबकि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सीसीटीवी कैमरे से विशेष निगरानी रखी गई। मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मौला बीघा के पुण्यदेव यादव अपने दादा (105) को खटिया पर लेकर खटनही बूथ पर पहुंचकर और ग्राम पकरी के मंजित यादव अपने दादा को वोट डलवाया।

## वोट डालने जा रहे ग्रामीणों का ऑटो पलटा, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के परसावां पंचायत अंतर्गत ग्राम रजौड़ा के ग्रामीण मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे ऑटो से तीन किलोमीटर दूर चतुरी बीघा गांव के मतदान केंद्र पर वोट डालने जा रहे थे। इसी दौरान चतुरी बीघा गांव के नहर समीप पुल के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी कोंच लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक धनंजय कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुविंद्र यादव सहित पूनम देवी (25) पति पवन कुमार और राधिका देवी (25) पति चिंटू कुमार की हालत गंभीर बताई गई। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों को मामूली चोटें आईं और उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीण पंकज यादव, अर्जुन यादव, अशोक यादव आदि ने कहा कि अगर उनके गांव में मतदान केंद्र होता तो ऐसी दुर्घटना नहीं होती जबकि गांव में 500 से अधिक वोटर हैं और विद्यालय भी हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि भविष्य में गांव में ही बूथ की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को ऐसी परेशानी और जोखिम का सामना न करना पड़े।

# शेरघाटी विधानसभा में रिकॉर्ड तोड़ मतदान

## मतदाताओं ने दिखाया लोकतंत्र के प्रति उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**शेरघाटी/डोभी (गया)।** शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र (226) में मंगलवार को मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड तोड़ मतदान किया। सुबह से ही विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लाइन में खड़े नजर आए। दिनभर शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न हुआ और शाम तक मतदाताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मतदान किया। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं शेरघाटी के अवर निर्वाचन पदाधिकारी रंजय कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस बार शेरघाटी में मतदान का प्रतिशत पिछले सभी रिकॉर्ड को पार कर गया है। उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 71.45 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अंतिम आंकड़ा एक से दो प्रतिशत और बढ़ सकता है क्योंकि कई बूथों पर मतदान समय सीमा से पहले कतार में खड़े मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति दी गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि इस बार मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और जागरूकता का परिचय देते हुए मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने सभी मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि शेरघाटी के लोगों ने यह साबित किया है कि लोकतंत्र की जड़ें यहां बेहद मजबूत हैं।

इधर, शेरघाटी में इतनी बड़ी संख्या में मतदान होने के बाद राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों में उत्सुकता और बेचैनी दोनों बढ़ गई है। बढ़े हुए मतदान प्रतिशत को लेकर राजनीतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि इसका असर चुनावी नतीजों पर गहरा पड़ सकता है। एनडीए, महागठबंधन और जनसुराज सहित अन्य दलों के उम्मीदवार अब बूथवार मतदान प्रतिशत का विश्लेषण करने में जुट गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन की तैयारी भी सराहनीय रही। सुरक्षा बलों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता से किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। लोकतंत्र के इस पर्व में शेरघाटी की जनता ने एक बार फिर अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। अब सबकी निगाहें मतगणना के दिन पर टिकी हैं जब यह स्पष्ट होगा कि जनता के इस अभूतपूर्व मतदान का परिणाम किसके पक्ष में जाता है। शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डोभी थाना क्षेत्र एवं बहेरा थाना क्षेत्र में मतदान का समापन पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में लोकतंत्र के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिला, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। प्रशासन की ओर से चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक और कड़े इंतजाम किए गए थे। हर बूथ पर पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात रहे। संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी गई जिसके कारण कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें दिखाई दीं। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में विशेष जोश देखने को मिला। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रहा। चुनाव संपन्न होने के साथ ही अब सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं। प्रत्याशी और समर्थक अपनी-अपनी जीत को लेकर उत्साहित हैं। प्रशासन ने बताया कि पूरे निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। काबर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहन यादव ने बताया कि नागेंद्र कुमार, पिता कमलेश यादव, गांव के बधार में शौच के लिए जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में वह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी कोंच ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की।

## बाइक की ठोकर से वृद्ध घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जहां पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो रहा था, वहीं मतदान के बाद एक सड़क हादसे ने लोगों को चिंतित कर दिया। जानकारी के अनुसार शेरघाटी नगर परिषद क्षेत्र के पाठक टोली मोहल्ला निवासी लगभग 80 वर्षीय जगन्नाथ पाठक मतदान केंद्र पर अपना वोट देकर घर लौट रहे थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–रिहैब–एएसटीई–1–एचडब्ल्यूएच–25, दिनांक: 10.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई–रिहैब–एएसटीई–1–एचडब्ल्यूएच–25 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई–1–हावड़ा के कार्यक्षेत्र में सिग्नलिंग परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के लिए सिग्नलिंग गियरों का पुनरुद्धार एवं सुधार। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,07,27,665.49, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,53,600/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 10.11.2025 को 12.43 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 19.11.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-387/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## टिकारी विधानसभा क्षेत्र में रिकार्ड 69.85 प्रतिशत मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मंगलवार को हुए दूसरे चरण के मतदान में टिकारी विधानसभा चुनाव को लेकर टिकारी विधानसभा में रिकॉर्ड 69.85 प्रतिशत मतदान हुआ। इलेक्शन कमीशन की अधिकृत साइट पर जारी आंकड़ा के अनुसार 3 लाख 1 हजार 269 मतदाता में से 2 लाख 1 हजार 436 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। विगत 2020 से 23 हजार 117 मत अधिक डाले गये। मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महान पर्व में अब तक का रिकॉर्ड मतदान है। विगत 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में 60.70 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2020 के मतदान से इस बार 9.05 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शुरू हुई मतदान शाम 6 बजे तक सम्पन्न हुई। चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर से सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी। मतदान सम्पन्न होने के उपरान्त सभी ईवीएम सील होकर गया जी स्थित व्रज गृह के लिए रवाना किया गया।



**टिकारी विधानसभा से 12 प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में बन्द, 14 को गिनती**

टिकारी विधानसभा से किस्मत आजमा रहे कुल 12 प्रत्याशी का किस्मत मतदाताओं ने इवीएम में बन्द हो गया। आगामी 14 नवम्बर को मतों की गिनती की जाएगी। मौजूदा विधायक डॉ अनिल कुमार एक बार पुनः चुनावी मैदान में है वहीं अनिल कुमार का मुकाबला महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार अजय दांगी से है। देखना दिलचस्प होगा कि इस बार टिकारी विधानसभा का ताज किस उम्मीदवार के सिर जनता चढ़ाती है।

टिकारी विधान क्षेत्र में सबसे मजेदार बात यह हुई कि टिकारी के नगरपालिका मध्य विद्यालय, मतदान संख्या 233 नंबर बूथ पर सोनाली किन्नर ने पहली बार मतदान का प्रयोग कर मीडिया के सामने आकर अपनी भावनाओं को बताया और कहा कि संविधान में हमलोगों को जो अधिकार मिला है। मैं उसी का प्रयोग किया हूं और मैं खुश हूं।

## गुरुआ प्रखंड के सकल बीघा गांव में ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के सकल बीघा गांव में ग्रामीणों ने लंबे समय से सड़क नहीं बनने के विरोध में वोट बहिष्कार किया। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जताते हुए 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाया। मतदान के दिन दोपहर 1 बजे तक केवल एक वोट ही पड़ा था। इसके बाद गुरुआ निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को मतदान के लिए समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपने फैसले पर अड़े रहे। स्थिति की जानकारी मिलते ही गया जिला प्रशासन भी गांव पहुंचा। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण वोट देने के लिए तैयार हुए। उसके बाद ग्रामीणों ने मतदान किया।


**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/6868592, दिनांक: 08.11.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता बीजीबी, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन–711204 द्वारा खुली निविदा के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **बिड का विवरण: वस्तु श्रेणी:** सेवाओं के लिए कस्टम बिड–कार्यसूची के अनुसार लिलुआ रेलवे कॉलोनी की यंत्रचालित सफाई। **समान श्रेणी:** (i) सुविधा प्रबंधन सेवा–परिणाम आधारित (ii) सफाई, स्वच्छता और रोगाणुरोधी सेवा–परिणाम आधारित। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु.3,60,55,108.45, **ईएमडी का विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशि :** रु.3,30,280/–, **ईपीबीजी का विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%) :** 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह):** 38, **अनुबंध अवधि:** 3 वर्ष। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 29.11.2025 को 19.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** 29.11.2025 को 19.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** रु.181 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष:** 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **एमएसई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड लगाने की समय–सीमा स्वतः नहीं बढ़ाने के लिए आवश्यक बिड की की संख्या:** 1, **दिनों की संख्या, जिनके लिए बिड लगाने की समय–सीमा बढ़ाई जाएगी:** 7 दिन। **ऑटो एक्सटेंशन अधिकतम कितनी बार किया जाना है?:** 1, **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया:** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़ :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार:** दो पैकेट बिड। **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्य–वार मूल्यांकन। **मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज़ ब्रेकअप आवश्यक है:** हाँ। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय :** 2 दिन। **मध्यस्थता खंड :** नहीं। **सुलह खंड :** नहीं। MISC-273/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# बेटे ने बढ़ाई बाप की मुश्किलें

महाराष्ट्र में उपमुख्युमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार का करोड़ों के भूमि सौदे में फंसना खुद अजीत की मुश्क़िलें बढ़ा सकती हैं। यह पूरा प्रकरण इस बात का उदाहरण भी है कि प्रभावशाली पिताओं की संतानें क्या और कैसे काम रही हैं। हालांकि इस मामले में पहले तो अजीत पवार ने कहा कि उन्हें इस लैंड डील के बारे में कुछ नहीं मालूम बाद में उन्होंने बेटे का बचाव शुरू कर दिया। इस बीच मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पूरे घोटाले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच समिति एक माह में अपनी रिपोर्ट देगी। उधर अजीत ने कहा कि यह लैंड डील रद्द हो गई है, लेकिन रजिस्ट्रार ने 21 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी वसूली का नोटिस देकर नया ट्विस्ट ला दिया है। इस बीच पूरे मामले पर राजनीति शुरू हो गई है। पार्थ के दादा शरद पवार ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग कर दी है। जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक पुणे के सामाजिक कार्यकर्ता 'छावा कामगार यूनियन' के संस्थापक अध्यक्ष दिनकर कोटकर ने 5 जून को संयुक्त जिला रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर बताया था कि 20 मई को हुए 40 एकड़ जमीन के 300 करोड़ रुपये के सौदे में 21 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी गलत तरीके से माफ की गई है। कोटकर ने आरोप लगाया कि यह छूट नियमों के विपरीत दी गई और सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। उन्होंने 23 जून को फिर से रिमाइंडर भेजा, लेकिन विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। उलटे उन्हें धमकियां मिलीं।

अमेडिया एंटरप्राइजेस में पार्थ पवार की 99 पर्सेंट हिस्सेदारी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने 1800 करोड़ की मार्केट वैल्यू की जमीन 300 करोड़ में खरीदी। इस मामले में पहले ही दो एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, जिसमें दिग्विजय पाटिल और शीतल तेजवाणी को आरोपी बनाया गया है। बताया जाता है कि 1959 में सरकार ने 15 साल के लिए लीज पर यह जमीन 'बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया' को दी थी। 1999 में लीज की यह अवधि 2038 तक बढ़ा दी गई। आरोप है कि कागजों में हेराफेरी कर शीतल तेजवाणी ने पुणे के मुंढवा इलाके की जमीन से संबंधित 272 लोगों की पावर ऑफ अटार्नी हासिल कर ली। फिर उसने कंपनी एमेडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को औने पौने दाम में बेच दिया। जब सरकारी जमीन की चोरी का मामला सामने आया तो कंपनी ने सौदा रद्द कर दिया। इस मामले में दो एफआईआर दर्ज हुई है। हालांकि दोनों में पार्थ पवार का नाम नहीं है। लेकिन जांच बढ़ने पर पार्थ पवार पर भी आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है। अब सौदा रद्द होने के बाद पार्थ की कंपनी अमेडिया एंटरप्राइजेज को दोगुनी स्टांप ड्यूटी यानी करीब 42 करोड़ रुपए चुकाने होंगे। साथ ही सौदे को रद्द करने के लिए 7 प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप ड्यूटी देनी होगी। इससे पहले इस जमीन सौदे पर 21 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी को माफ कर सिर्फ 500 रुपये की फीस ली गई थी। यह पूरा मामला जिस होशियारी से अंजाम दिया गया, उससे साफ है कि सब कुछ सुनियोजित तरीके से हो रहा था। अगर उस सामाजिक कार्यकर्ता ने मामला उजागर न किया होता तो खेल हो ही जाता। अब कहा जा रहा है कि पार्थ पवार को इस मामले में उलझाया गया। पार्थ पवार कोई बालक नहीं हैं। इस बात पर शायद ही कोई यकीन करेगा कि उनके पिता अजीत पवार को इस बड़े भूमि सौदे की कोई जानकारी नहीं रही होगी। संभावना यही है कि जांच की आड़ में पार्थ को बचा लिया जाएगा। जबकि जरूरत मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की है।

# पर्व और प्रदूषण

**इस दीपावली के पूर्व यानि 19 अक्टूबर 25 को देश में 1 लाख से अधिक कारों की बिक्री हुई, ऐसे समाचार मीडिया में आये हैं। जबकि यह केवल धनतेरस का दिन था। दिवाली की खरीद कई दिन चली है क्योंकि पंडितों ने, दो दिन की धनतेरस कर दी है। इस कार और दोपहिया वाहनों की खरीदी में वृद्धि के लिये कई कारण बताये जा रहे हैं।**

**जीएसटी की दरों में कमी होने की वजह से 80 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक प्रत्येक वाहन पर कम हो गये हैं। बैंकों और फायनेंस कंपनियों द्वारा चार पहिया और दो पहिया वाहनों के लिये अति सरलीकृत तरीके से ऋण व्यवस्था शुरू हुई है, यहाँ तक कहा जाने लगा है बस एक कॉल-कार आपके द्वार और इसलिये अब कारों को खरीदने की होड़ है।**

रघु ठाकुर

1 नवंबर 2025 को देवउठनी ग्यारस है और शादी विवाह शुरू हो जायेंगे। इसलिये जिन लोगों को शादी विवाह में गाड़ियाँ भेंट करना है उनमें से कुछ लोगों ने अभी गाड़ी खरीदना बेहतर समझा ताकि बाद में नंबर न लगाना पड़े।

चार पहिया वाहनों की खरीद पर देश में कार उद्योगपतियों के पास 20 हजार करोड़ रुपया पहुंचा है और अगर 10 प्रतिशत भी मुनाफा मान लिया जाये तो न्यूनतम मुनाफा 2 हजार करोड़ रुपये कार निर्माताओं को तिजोड़ियों में मात्र एक दिन में पहुँच गया। इनमें से अधिकांश कारों को खड़ी करने के लिये पार्किंग की जगह तक नहीं है। परिणामस्वरूप अधिकांश कारें सड़कों पर खड़ी रहती है, जिससे जाम लगता है। नई कारों की गति बहुत तेज होती है और हमारी नई युवा पीढ़ी, जिसका अधिकांश हिस्सा संस्कार विहीन है, वह इतनी तेज रफ्तार से गाड़ियां चलाता है जिससे दुर्घटनायें बढ़ती हैं। इससे कई बार वे खुद भी मरते हैं और कई निर्दोषों को भी मार देते हैं।

भारत सरकार की सूचना के अनुसार 1 वर्ष में औसतन एक लाख 72 हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मरते हैं। जिनमें से लगभग 35 हजार से अधिक लोग फुटपाथ व सड़क पर चलने वाले लोग होते है जो मौत के शिकार होते हैं। यह तो एक पहलू हुआ, दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि देश में प्रदूषण इतना बढ़ रहा है और इतना घातक हो चुका है जिसकी कल्पना भी करना कठिन है। इस बार की दीपावली प्रदूषण की दीपावली बन गयी। देश की राजधानी दिल्ली के अनेक इलाकों में प्रदूषण का स्तर 400 ए.क्यूआई के पार पहुँच गया था, जो व्यक्ति के लिये घातक है। पिछले 2 वर्षों से भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने राजधानी के में पटाखों पर प्रतिबंध लगाया था। परंतु इस बार मुख्य न्यायाधीश की बैंच ने ग्रीन पटाखों के नाम पर स्वीकृति दे दी। एक कटु सत्य तो यह है कि ग्रीन पटाखे तो कहने के होते हैं वस्तुतः पटाखे-पटाखे होते हैं जो बहुत धुआं छोड़ते हैं। यह धुआं सड़कों व घरों में भरता है तथा इंसान की जान के लिये घातक हो रहा है। श्वांस की बीमारियां बहुत बढ़ गई हैं। जिस प्रकार के भारी-भारी बम बनाये और चलाये जा रहे हैं, उनसे होने वाले धुयें और ध्वनि प्रदूषण की कल्पना दिल्ली या शहरों में बैठे सत्ताधीशों,



महलों के मालिकों, बड़े-बड़े फार्म हाउस के मालिकों को और माननीय न्यायाधीशों को नहीं हो सकती है।

जब तंग गलियों में ये बड़े-बड़े बम फूटते हैं तो कंपन से दीवारें हिल जाती हैं। बीमार व्यक्ति और हृदय रोगियों को घबराहट होती है और अनके लोग हृदयघात के शिकार हो जाते हैं। गलियों में भरा हुआ धुआँ का एक मात्र विकल्प इंसान के नाक, मुँह से शरीर में प्रवेश करना होता है है, त्यौहार के बाद का अध्ययन किया जाये तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि दीपावली के पटाखों के प्रदूषण से श्वास की बीमारियों और पीड़ितो की भारी भीड़ अस्पताल में लाइन लगाये है। यह प्रचार किया गया था कि स्वदेशी के सरकारी आह्वान के कारण स्वदेशी पटाखे चले हैं, परंतु तथ्य यह है कि स्वेदशी के नाम पर अधिकांश पटाखे चीनी होते हैं और अधिकांश चतुर पटाखा व्यापारियों ने चीन के पटाखों पर मेड इन इंडिया का लेबल चिपका दिया तथा भारी मुनाफे में पटाखे बचे। इस बार भारत की सरकार और सरकारी पार्टी ने भी पटाखों के लिये जोरदार अभियान चलाया और यहाँ तक कहा जा रहा है कि अब सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पटाखों पर लगाई गई रोक सनातन के खिलाफथी। इसी आधार पर भीतर-भीतर एक हिन्दू मानस बनाने का अभियान भी चलाया जा रहा है। देश के प्रमुख मीडिया में दीपावली पर्व के गौरवशाली वर्णन, इतिहास और भगवान राम के साथ उसका रिश्ता जोड़कर लोगों को उत्साहित किया गया, ताकि लोग जमकर पटाखे खरीदें और फोड़ें। कई लोगों के मन में एक प्रकार की अंतर धार्मिक प्रतिद्वंद्विता भी इस जुनून में पैदा हो गई थी कि इस उत्साह से लोग और अधिक पटाखे फोड़े। उन्हें अगले दिन या भविष्य की चिंता नहीं थी कि अगले दिन की सुबह उनके घरों के बुजुर्गों की क्या स्थिति होगी? उनके खुद के स्वास्थ्य पर क्या असर होगा, बस एक प्रकार का जुनून था।

योजनाबद्ध ढंग से पर्व-संस्कृति अभियान के नाम से यह प्रचारित किया जा रहा है कि (पर्वो) को जोर-शोर से मनाना ही राष्ट्रवाद है और भारत व सनातन की जीत है। दुनिया में सभी देशों में यूरोप, अमेरिका, एशिया, अफ्रीका में लोग पर्व अपने-अपने धर्म के आधार पर मनाते हैं, उनके कुछ तार्किक और ऐतिहासिक पक्ष भी होते हैं। सिख भाई पंजाब में लोहड़ी का पर्व मनाते हैं जो उनकी फसल कटाई और अच्छी खेती और काम के बाद का सुख पर्व होता है। केरल में भी ओणम जैसे पर्व मनाये जाते हैं। इसका संबंध वहाँ के संपन्न और सफ्लता से होता है। ईसाई भाई भी बड़ा दिन यानि 25 दिसंबर को मनाते हैं। जो सुख और समृद्धि का दिन है।

मुस्लिम भाई साल में दो बार ईद का पर्व मनाते हैं, बौद्ध भी बोधि उत्सव मनाते हैं। इस प्रकार लगभग सभी धर्मों में कुछ न कुछ पर्व मनाने की परंपरा है जो लोगों को सामूहिक आनंद और खुशी देते हैं तथा उत्साह से भरते हैं। परंतु भारत में कुछ दिनों से पर्वों की संख्या निरंतर वृद्धि पर है। खोज खोजकर नये-नये पर्वों को मनाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। यदि भारत के त्यौहारों और पर्वों की गणना की जाये तो शायद कई माह के बराबर त्यौहार और पर्व हो जायेंगे, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों की उन्माद अतिरेकी की सहभागिता होती है।

कई बार ऐसा लगता है कि शायद इन नये-नये पर्वों और उत्सवों के पीछे राजनीति और बाजार है। क्योंकि पर्वों के नाम पर जो खरीददारी होती है वह बाजार का पेट भरती है और गरीब की जेब खाली करती है। बाजार नियंत्रित कारपोरेट मीडिया को विज्ञापन मिलते हैं, अधिकारी-कर्मचारी को छुट्टियां मिलती हैं। पंड़ितों और पुजारियों को पर्व से काम मिलता है, और राजनीति को खुराक मिलती है, यानि वोट का फायदा होता है। इसलिये पिछले कुछ वर्षों से नये-नये त्यौहार और पर्व खोजे जा रहे हैं तथा उन्हें अतीत की घटनाओं से जोड़कर पर्व संस्कृति बताया जा रहा है।

इस बार की दिपावली पर्व पंच दिवसीय रहा, 2 दिन धनतेरस तीसरे दिन दीपावली चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पाँचवे दिन भाई दूज। अब तो हालात यह हैं कि धनतेरस की खदीदी के लिये कार-कपड़े ट्रेक्टर, मकान, सोना-चांदी आदि के लिये अलग-अलग मुहूर्त बताये जाते हैं। कुल मिलाकर पंडित और पुजारी बाजार के सहायक बन जाते हैं और बाजार बिक्री के मुनाफे की खेती करता है और राजनीति वोट की खेती तैयार कर लेती है।

इस दीपावली पर पटाखों के नाम पर कितनी बारूद का इस्तेमाल हुआ है उसकी कल्पना एक आंकड़े से की जा सकती है। दुनिया में हथियारों के बिक्री व संग्रह की जानकारी रखने वाली प्रमाणिक संस्था एसपीआरआई (शिपरी) ने बताया है कि रूस ने यूक्रेन पर औसतन एक दिन में जो हथियार चलाये जाते हैं उसमें लगभग 20 हजार टन बारूद प्रतिदिन खर्च होता है। जबकि भारत में इस दीपावली के एक दिन में 60 हजार टन बारूद के पटाखे चले। यानि 3 दिन के रूस यूक्रेन युद्ध के बराबर बारूद के पटाखे चले।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अपने निर्णय पर यानि पटाखे के प्रतिबंध को हटाकर अनुमति देने पर स्वतरू विचार करना चाहिये था। परंतु ऐसा लगता है कि मुख्य न्यायाधीश महोदय एक याचिका की सुनवाई में भगवान विष्णु के बारे में तार्किक टिप्पणी करने के बाद हुई प्रतिक्रियाओं से मानसिक रूप से प्रभावित हो गये हैं। श्री राकेश किशोर नामक वकील ने जो हरकत की और पीठ पर जूता फेंका तथा मुख्य न्यायाधीश महोदय की टिप्पणी को सनातन का अपमान बताने का प्रयास किया।

इस प्रचार से मु. न्यायाधीश महोदय इतने अधिक मानसिक रूप से प्रभावित हो गये कि उन्होंने न सनातन और पर्व संस्कृति के नाम पर पटाखा चलाने की जनविरोधी खेल की खुली छूट दे दी। मेरी राय में उन्होंने सनातन विरोधी होने के प्रचार के भय से ऐसा निर्णय किया है जो स्वतः सनातन की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। अयोध्या में दीपावली उस दिन मनायी गयी थी जिस दिन भगवान राम रावण को हराकर वनवास से लौटे थे, वह केवल एक महान घटना का स्वागत था।

अध्यात्म

## जब गौतम बुद्ध ने एक पेड़ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की

गौतम बुद्ध के जीवन में पेड़ का अत्यंत महत्व था। उनके जीवन के कई महत्वपूर्ण क्षण पेड़ से जुड़े थे। उनसे ही जुड़कर एक साधारण बोधि वृक्ष हमेशा के लिए एक दिव्य ज्ञान का पेड़ बन गया। इन क्षणों की महत्ता और पेड़ की अपने जीवन में भूमिका को बुद्ध भी बखूबी समझते थे, इसलिए वे पेड़ से इस तरह व्यवहार करते थे जैसे कि वह उनसे बातें करता हो। एक बार महात्मा बुद्ध एक वृक्ष को ऐसे नमन कर रहे थे जैसे वह उनका गुरु हो या कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति। दूर खड़ा उनका एक शिष्य यह सब देख रहा था। उसे गौतम बुद्ध जैसे ज्ञानी को पेड़ के सामने झुकते देख बहुत हैरानी हो रही थी। वह बुद्ध के पास गया और पूछा, 'भगवन्! आपने इस वृक्ष को नमन क्यों किया?' शिष्य का सवाल सुन बुद्ध ने कहा - 'क्या इस वृक्ष को नमन करने से कुछ अनहोनी हो गई?' शिष्य बोला - 'नहीं भगवन्! ऐसी बात नहीं है लेकिन मेरे लिए यह हैरानी की बात है कि आप जैसा ज्ञानी महापुरुष इस वृक्ष को नमस्कार कर रहा है। यह एक साधारण वृक्ष है। यह न तो आपकी किसी बात पर प्रतिक्रिया दे सकता है और न ही आप जैसे ज्ञानी का सानिध्य पाकर या आपके नमन करने पर अपनी प्रसन्नता जाहिर कर सकता है'। बुद्ध ने मुस्कुराकर जवाब दिया - 'वत्स! तुम्हारा सोचना पूर्णतः गलत है। वृक्ष भले मेरी-तुम्हारी तरह बोलकर उत्तर नहीं दे सकता है लेकिन जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की एक भाषा होती है, उसी प्रकार प्रकृति की भी अपनी भाषा होती है। वृक्ष में भी प्राण हैं। वह भी सजग और सजीव है। वृक्ष के नीचे बैठकर ही मैंने वर्षों साधना की है। वृक्ष की घनी पत्तियों ने मुझे शीतलता प्रदान की, चिलचिलाती धूप और वर्षा से मेरा बचाव किया। प्रत्येक पल पेड़ ने मेरी सुरक्षा की। पेड़ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना मेरा परम कर्तव्य है। बात सिर्फ मेरी या इस पेड़ की नहीं है बल्कि पृथ्वी पर मौजूद प्रत्येक जीव को प्रकृति का कृतज्ञ होना चाहिए'। आगे बुद्ध ने कहा - 'तुम इस वृक्ष को ध्यान से देखो। इसकी हिलती हुई टहनियों को देखो, इसके हिलते हुए पत्तों को देखो। क्या तुम्हें नहीं लग रहा कि यह मेरे धन्यवाद का जवाब बड़ी ही खूबसूरती से दे रहा है और अपनी भाषा में मुझसे बात करने की कोशिश कर रहा है'। बुद्ध की बात पर शिष्य ने वृक्ष को नए नजरिए से देखा और महसूस किया कि वाकई में उस वृक्ष की पत्तियां, शाखाएं, फूल झूम-झूमकर कुछ कहने की कोशिश कर रही हैं। अब शिष्य को भी वृक्ष के प्रति कृतज्ञता महसूस हुई और वह भी सम्मान में उसके आगे झुक गया।

# अफगान सिनेमा का अन्धकार दूर कर सकता है भारत

**काबुल की किसी पुरानी गली में आज भी कोई बुज़ुर्ग यह याद करता होगा कि कैसे कभी वहाँ भारतीय फ़िल्मों के पोस्टर टंगे रहते थे। राज कपूर, धर्मेंद्र या मधुबाला के नाम पर सिनेमा हॉल खचाखच भर जाते थे। अफ़ग़ानिस्तान और भारत के बीच यह रिश्ता सिर्फ़ सीमाओं का नहीं, भावनाओं का भी था। दोनों देशों की जनता ने एक-दूसरे की कहानियों में अपना अक्स देखा जिसमें संघर्ष, प्रेम, उम्मीद और ज़िंदगी के रंग भी शामिल थे। लेकिन बीते दो दशकों में यह रिश्ता बहुत कुछ खो चुका है। तालिबान की वापसी के बाद अफ़ग़ानिस्तान ने न केवल अपने लोकतांत्रिक संस्थान खोए, बल्कि अपनी सिने-संस्कृति की आत्मा भी ख़त्म सी कर ली। एक समय जो देश ओसामा, अर्थ एंड ऐशेज़ और हवा, मरियम, आयशा जैसी फिल्मों से दुनिया को प्रभावित कर रहा था, वहाँ अब कैमरे खामोश हैं और परदे अंधेरे में डूब चुके हैं।**

- डॉ. मनीष जैसल

हाल के महीनों में भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच राजनैतिक बातचीत फिर से शुरू हुई हैं। भारत ने मानवीय सहायता के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नई परियोजनाओं की घोषणा की है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह सहयोग केवल आर्थिक और राजनीतिक रहेगा, या फिर भारत उस सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भी हाथ बढ़ाएगा, जिसने सिनेमा के ज़रिए कभी दोनों देशों को जोड़ा था। अफ़ग़ानिस्तान के लिए सिनेमा सिर्फ़ कला नहीं, आत्मपहचान का माध्यम था। और भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म उद्योगों में से एक है, तकनीकी मदद, प्रशिक्षण और संयुक्त निर्माण के ज़रिए उस पहचान को फिर से रोशनी में ला सकता है।

अफ़ग़ानिस्तान में सिनेमा की शुरुआत 1960 के दशक में हुई थी, जब अफगान फिल्म ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना हुई। यह संस्था देश में फिल्म निर्माण, संरक्षण और कलाकारों के प्रशिक्षण का केंद्र बनी। 1970 से 1980 के दशक तक अफ़ग़ानिस्तान ने अपनी पहचान बनानी शुरू की थी। लेकिन युद्ध और सामाजिक अस्थिरता ने इस उभरते सिनेमा को तोड़ दिया।

2001 के बाद जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद से अफ़ग़ानिस्तान में थोड़ी स्थिरता लौटी, तो वहाँ की फिल्म इंडस्ट्री ने भी फिर से साँस ली। युद्ध और दमन के बीच, कुछ फिल्मकारों ने उम्मीद की लौ जलाए रखी। सिद्धिक बर्मक की 'ओसामा' (2003) वह फिल्म थी जिसने तालिबान शासन में महिलाओं की त्रासदी को बेहद मार्मिक ढंग से दिखाया। इस फिल्म ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीतकर न केवल अफ़ग़ान सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई, बल्कि यह साबित किया कि कैमरा बंदूक से ज़्यादा असरदार हो सकता है। इसके बाद अतीक रहिमी की 'अर्थ एंड एशेज़' (2004) और 'द पेशेंस स्टोन' (2012) जैसी फिल्मों ने अफ़ग़ान समाज की संवेदनशील परतों को दुनिया के सामने रखा–जहाँ युद्ध, स्मृति और मानवीय जिजीविषा एक साथ सांस लेते हैं।

लेकिन 2021 में तालिबान के दोबारा सत्ता में लौटते ही यह उभरती हुई सिनेमाई संस्कृति फिर से बिखर गई। देश की एकमात्र फ़िल्म संस्था द्धद्दद्धड्ढ स्रद्बद्यद्ब हृह्द्दड्ढठ्ठद्ब5 ड्डह्लद्बश्ठ्ठ को भंग कर दिया गया, सिनेमाघर बंद हुए, महिलाओं की भागीदारी पर रोक लगी, और सैकड़ों कलाकारों को देश छोड़ना पड़ा। काबुल, हेरात और मजार-ए-शरीफ़ के पुराने सिनेमा हॉल अब खंडहरों में बदल चुके हैं। फिल्म निर्माण लगभग ठप है, पर रचनात्मकता अभी भी निर्वासन में ज़िंदा है।

इन्हीं कठिन हालात में अफ़ग़ान फिल्मकारों ने सीमित संसाधनों के बावजूद वैश्विक मंचों पर अपनी आवाज़ बुलंद की। सिद्दिक बर्मक की 'ओसामा' को गोल्डन ग्लोब के साथ ही कान फ़िल्म महोत्सव में विशेष उल्लेख मिला।

अतीक रहिमी की 'अर्थ एंड ऐशेज़' को कान फ़िल्म महोत्सव में प्रिक्स दू रिगार्ड वेर ल' आवेनिर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रूया सादात की




'ए लेटर टू द प्रेसिडेंट' (2017) को टोक्यो फ़िल्म महोत्सव में सराहा गया, जबकि सहरा करिमी की 'हवा, मरियम, आयशा' (2019) वेनिस फ़िल्म महोत्सव में प्रदर्शित हुई। वहीं सलिम शहीन, जिन्हें अफ़ग़ानिस्तान का 'नथिंगवुड किंग' कहा जाता है, ने बेहद सीमित साधनों में सौ से अधिक स्थानीय फ़िल्में बनाकर लोगों के मनोबल को ज़िंदा रखा।

भारत और अफ़ग़ानिस्तान के रिश्ते सिर्फ़ कूटनीतिक या रणनीतिक नहीं, सांस्कृतिक भी रहे हैं। भारत ने अफ़ग़ान फिल्मकारों को न सिर्फ़ तकनीकी सहायता दी, बल्कि भारतीय फिल्म संस्थानों एफटी टी आई और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट में अफ़ग़ान छात्रों को प्रशिक्षण दिया। भारत सरकार की सहायता से कई अफ़ग़ान डॉक्यूमेंट्री और सांस्कृतिक फिल्में बनीं, जिनमें बामियान बुद्ध मूर्तियों और काबुल के ऐतिहासिक स्थलों का दस्तावेजीकरण हुआ। तालिबान काल से पहले भारत ने काबुल में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के माध्यम से फिल्म प्रदर्शन, अभिनय कार्यशालाएँ और तकनीकी सहयोग जारी रखा था।

अफ़ग़ानिस्तान भारतीय सिनेमा की कल्पना में हमेशा एक रहस्यमय, वीर और भावनात्मक भूमि के रूप में रहा है। भारतीय फिल्मों ने वहाँ की धरती को परदे पर उतारकर दोनों देशों के बीच दोस्ती का एक कलात्मक पुल बनाया।

1975 में आई फिरोज खान की 'धर्मात्मा' इस परंपरा की शुरुआत थी। यह संभवतः पहली भारतीय फिल्म थी जो अफ़ग़ानिस्तान में शूट हुई, बामियान और कंधार के मनोहर दृश्यों में फिल्माए गए दृश्य आज भी यादगार हैं। फिल्म में बुज़कशी खेल और अफ़ग़ान कबायली जीवन का जीवंत चित्रण हुआ था। फिर 1992 में आई 'खुदा गवाह' ने तो इतिहास बना दिया। अमिताभ बच्चन और श्रीदेवी पर आधारित यह फिल्म काबुल, मजार-ए-शरीफ़ और अफ़ग़ान एयरबेस में फिल्माई गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति नजीबुल्लाह ने इसकी शूटिंग के लिए विशेष अनुमति दी थी। अफ़ग़ान दर्शक आज भी इस फिल्म को भारत की ओर से सम्मान के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

21वीं सदी में निर्देशक कबीर ख़ान की 'काबुल एक्सप्रेस' (2006) ने युद्धोत्तर अफ़ग़ानिस्तान को पहली बार यथार्थ के रूप में दिखाया। काबुल और पंजशीर घाटी में फिल्माई गई इस फिल्म में स्थानीय नागरिकों का सहयोग इसे विशिष्ट बनाता है। वहीं हाल के वर्षों में फिल्म 'टोरबाज़' (2020) ने युद्धग्रस्त बच्चों की कहानी कहकर अफ़ग़ान समाज के दर्द को फिर से उजागर किया। भले ही फिल्म उज़्बेकिस्तान में शूट हुई, पर इसकी आत्मा अफ़ग़ान मिट्टी से जुड़ी थी।

आज जब तालिबान शासन ने सिनेमा को फिर से संदेह की दृष्टि से देखा है, तब भारत के सामने अवसर है कि वह अफ़ग़ान सिनेमा को संरक्षण देने में एक सांस्कृतिक सहयोगी की भूमिका निभाए। भारत अपने नेशनल फिल्म आर्काइव, फिल्म्स डिविजन और आईसी सी आर जैसी संस्थाओं के ज़रिए अफ़ग़ान फिल्मों को डिजिटल रूप में सुरक्षित कर सकता है। साझा फिल्म समारोह, छात्रवृत्तियाँ, और सह-निर्माण जैसे मॉडल इस रिश्ते को नया जीवन दे सकते हैं। यह साझेदारी केवल राजनीति से ऊपर उठकर सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की दिशा में कदम होगी।

सिनेमा किसी भी देश की सामूहिक स्मृति होता है। अफ़ग़ानिस्तान का सिनेमा आज घायल है, पर मरा नहीं। उसके फिल्मकार, चाहे निर्वासन में हों या खामोश, अब भी अपनी मिट्टी की कहानियाँ दुनिया को सुनाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत, जिसने हमेशा संस्कृति को कूटनीति से ऊपर रखा है, इस संघर्ष में साथी बन सकता है।

कला की यह साझेदारी न केवल अफ़ग़ानिस्तान को उसकी खोई पहचान लौटाने में मदद करेगी, बल्कि भारत को भी यह याद दिलाएगी कि परदे की रोशनी कभी सीमाओं में क़ैद नहीं होती वह इंसानियत की साझा भाषा बोलती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद-विवाद को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। यदि आपने बिना सोचे समझे धन का लेनदेन किया, तो इससे आपका धन फंसने की संभावना है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है।

**सिंह**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। संतान को नौकरी से संबंधित किसी काम के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या**
सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। परिवार में समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी, लेकिन टीम वर्क के जरिए काम करने में कामयाब रहेंगे।

**तुला**
आज के दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो ही आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। आपको समझदारी से काम लेने की आवश्यकता है। आप बेवजह बातों को लेकर क्रोध न करें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नए अनुभवों से लाभ मिलेगा।

**मकर**
आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो आप उसे यदि नजरअंदाज करेंगे, तो ही वह बढ़ सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं।

**मीन**
आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको अपने रिश्तों में समानता लाने की कोशिश करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में करंट लगने से युवक की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ नगर परिषद क्षेत्र के चौक बाजार के दुर्गा मंदिर मच्छरहटा के पास बिजली का करंट लगने से हनुमान की मौत हो गई ।उसके शव को देखकर काफी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए और धार्मिक रीति रिवाज से हनुमान का अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया गया। इस दौरान लोगों ने आपस में चंदा का हनुमान की शव यात्रा निकाली। मोक्ष धाम घाट पर हनुमान का अंतिम संस्कार किया गया।

### खेल प्रतियोगिता को लेकर खेल ग्राउंड की हुई मरम्मत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में 15 नवंबर से 19 नवंबर तक पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर स्थानीय अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज खेल ग्राउंड की मरम्मत कराई गई। जल जमाव के कारण यह काफी खराब हो चुका था। आयोजन समिति से जुड़े डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 15 से 16 नवंबर तक फुटबॉल , 17 से 18 नवंबर तक एथलीट तथा 19 नवंबर को रग्बी फुटबॉल का आयोजन किया जा रहा है जिसमें यूनिवर्सिटी के कई महाविद्यालय के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे ।

### दो महिला यात्रियों ने टीटी को दिया धक्का

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार की दोपहर को दादर भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन के ए -दो कोच में यात्रा कर रही दो महिलाओं को चेकिंग स्टाफ की टीम ने अनुचित तरीके से धक्का देकर ट्रेन से नीचे उतार दिया। इस दौरान महिला प्लेटफार्म पर गिर गई और उन्हें चोट भी लग गई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी लोगों का कहना है कि ट्रेन में महिला के साथ चेकिंग स्टाफ का विवाद हुआ। इसके बाद बाढ़ स्टेशन के पुराने ऊपरी पुल के पास महिलाओं को धक्का देकर नीचे उतार दिया गया। बाद में महिलाएं बिना शिकायत कर वापस चली गई। हालांकि कई लोगों ने महिलाओं को इस बात की शिकायत स्थानीय रेल थाने में करने के लिए कहा। लेकिन महिला चली गई। महिलाओं ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस इस्लामिया कॉलेज में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामिया टी.टी.(बी.एड.) कॉलेज, फुलवारी शरीफ में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर शिक्षा के महत्व और उसके माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था. इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष डॉ. हाजी खुर्शीद हसन ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जो व्यक्ति को समाज में सम्मान दिला सकता है. उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन में अपनाएं. प्राचार्य आर.के. अरुण ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमें शिक्षा के महत्व को याद दिलाता है और हमें शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रेरित करता है. आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अली इमाम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों को अपने आचरण से ही छात्रों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए. रूबी नाज ने गीता के श्लोक और कुरान शरीफ के आयत का जिक्र किया. समरीन अंजुम, राहुल, अजीत, सबा, सादिया और निशांत कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और समाज में ज्ञान के प्रसार हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया.

### जमीनी विवाद में हुई हिंसक झड़प, 6 लोग घायल

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा पुलिस अंचल के रसूलपुर थाना क्षेत्र के अतरसन गांव में जमीनी विवाद को लेटर मामूली कहासुनी के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें लाठी-डंडों से दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। एक पक्ष के घायलों में विनोद प्रसाद, बेबी देवी व राजेश प्रसाद शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष के घायलों में धुरेंद्र प्रसाद, सुशीला देवी व प्रकाश कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ विकास कुमार विमल के द्वारा सभी घायलों का उपचार किया गया। दोनों पक्षों के द्वारा रसूलपुर थाना में एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में कर रही है।

### आपसी विवाद में दो लोग घायल

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पट्टीदारों के बीच मारपीट घटना हो गई। जिसमें एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायलों में हुस्सेपुर गांव निवासी मिथिलेश प्रसाद (30) एवं शिखा कुमारी (20) शामिल हैं। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात डॉ विकास कुमार विमल के द्वारा किया गया।

### घरेलू कलह में महिला ने खाया जहर

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गंडार गांव में रविवार को घरेलू कलह में एक वेवा महिला ने जहर खा लिया। पीड़ित महिला की पहचान गंडार गांव निवासी स्व. मुकेश कुमार की 25 वर्षीय पत्नी मीरा कुमारी के रूप में हुई है। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई। घबराए परिजन उसे रविवार की दोपहर करीब दो बजे रेफरल अस्पताल, तरैया लेकर पहुंचे, लेकिन उस समय अस्पताल में कोई चिकित्सक वहां मौजूद नहीं थे। अस्पताल में केवल एक महिला स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थी, जिसने परिजनों को नमक-पानी का घोल पिलाने की सलाह दी। करीब आधे घंटे तक परिजन अस्पताल में खुद से महिला को नमक-पानी का घोल पिलाते रहे। इसके बाद करीब 3 बजे चिकित्सक डॉ. दुबे अस्पताल पहुंचे और उन्होंने मरीज का इलाज शुरू किया। पीड़िता के पिता, भलूआ गांव निवासी अदालत राय ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी गंडार गांव के मुकेश से हुई थी। दामाद की मृत्यु लगभग 13 माह पूर्व हो चुकी है। घरेलू विवाद में उनकी पुत्री ने जहर खा लिया जब उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर नहीं थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को फोन किया गया तो एक घंटे के बाद डॉक्टर अस्पताल पहुंचे। उसके बाद उनके पुत्री का इलाज शुरू हुआ।

# उज्ज्वल सिटी, संपतचक में दिनदहाड़े 15 लाख की चोरी

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, कुत्ते की आवाज सुनकर भागा चोर, फिर लौटा और चोरी कर फरार हुआ ● 10 मिनट में 15 लाख की संपत्ति चुराकर हुए फरार, अपार्टमेंट के गार्ड पर संदेह**





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के संपतचक के गौरीचक थाना क्षेत्र के सोह 'गी मोड़ स्थित उज्जवल सिटी अपार्टमेंट में दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. तीसरी मंज़िल पर स्थित फ्लैट में पेंट व्यवसायी रोशन कुमार के घर से करीब 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी हो गई है, जिसमें 5 लाख नगद, सोने-चांदी के गहने और अन्य कीमती सामान शामिल हैं. रोशन कुमार ने बताया कि यह चोरी दोपहर के वक्त मात्र 10 मिनट में की गई. उनकी मां सरोज देवी किसी काम से नीचे गई थीं, तभी चोरों ने मौका पाकर फ्लैट का ताला काटा और अंदर प्रवेश किया. सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. फुटेज में दिखा कि जैसे ही चोर ताला काटकर अंदर घुसता है, सीसीटीवी से कुत्ते जैसी आवाज निकलती है, जिससे वह डरकर भाग जाता है. लेकिन कुछ देर बाद जब उसे समझ आता है कि यह आवाज असली कुत्ते की नहीं बल्कि कैमरे की सुरक्षा अलर्ट साउंड थी, तो वह फिर दोबारा अंदर घुसता है. इसके बाद चोर बेहद निडरता से अलमारी खोलता है, बैग में गहने और नगद रुपये भरता है और आराम से बाहर निकलकर फ्लैट से फरार हो जाता है. फ्लैट मालिक रोशन कुमार ने बताया कि गार्ड की भूमिका पर भी संदेह है, क्योंकि कुछ युवक खुद को बिजली का काम करने वाला बताकर अपार्टमेंट में घुसे थे. उन्होंने कहा कि गार्ड ने बिना जांच किए उन्हें ऊपर जाने दिया. ऐसा लगता है कि किसी अंदरूनी व्यक्ति ने ही सूचना दी थी. गार्ड का कहना है कि सिक्स फ्लोर पर जाने और ऐसी की का काम करना है, बोलकर तीन लोग ऊपर गए थे. इसके अलावा उसे कुछ नहीं पता. जिस तरीके से चोरी की वारदात तुम्हारी 10 मिनट में हुई है उससे लगता है कि इस फ्लैट में पहले काम करने वाले मजदूर युवकों का भी हो सकता है जिन्हें पूरी जानकारी थी कि कौन कितने बजे कहां रहता है. उसे पता था कि दोपहर में सिर्फ महिलाएं रहती है और महिला भी नीचे चली गई इसकी जानकारी कैसे पता चली, इसमें अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों पर भी शक जाहिर हो रहा है. गौरीचक थाना अध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक मजदूर जैसी वेशभूषा में नजर आ रहे हैं. फुटेज में उनके चेहरे साफ दिख रहे हैं, हालांकि अब तक पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है. घटना के बाद अपार्टमेंट के निवासियों में दहशत का माहौल है. लोगों ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है.

## ताला तोड़कर चोरी, सोने के झुमके नगद और कपड़े ले भागे चोर



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा इलाके में एक बार फिर चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाया बिहटा थाना से महज कुछ ही दूरी पर बिहटा चौक के पास बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा निशाना बनाया गया है। चोरों ने पहले घर का ताला तोड़ा और घर के अंदर बॉक्स में रखे 19000 नगर सहित एक जोड़ा सोने का झुमका के अलावा कई कीमती कपड़े और दस्तावेज चोरी कर फरार हो गया।घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित परिवार के लोग मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी गई।इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित नीतू देवी ने बिहटा थाना में घटना को लेकर आवेदन देते हुए कहा कि कल दोपहर में घर में ताला बंद कर पटना चले गए थे।आगे दिन सुबह सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जिसके बाद हम सभी लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर में रखे 19000 नगद है और एक जोड़ा सोने का झुमका इसके अलावा कई कीमती कपड़े और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब है। लगभग एक लाख से अधिक की चोरी की गई है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सदर अस्पताल रेफर

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर आमडाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक युवक को अनियंत्रित वाहन चालक ने टक्कर मार कर मौके से वाहन सहित फरार हो गया। घायल युवक को आसपास के लोगों के द्वारा उपचार के लिए एकमा सीएचसी में लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ विकास कुमार विमल ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव निवासी रामलाल साह के पुत्र मिथिलेश साह (30) के रूप में हुई है।

## लंका कछुआरा पंचायत में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़क तोड़ी गई

**तकनीकी सहायक पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के संपतचक प्रखंड अंतर्गत लंका कछुआरा पंचायत के वार्ड संख्या 15 में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क संपर्क योजना के तहत करीब पांच वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था. लेकिन अब इस सड़क को जल निकासी कार्य के नाम पर जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया है. जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पूर्व यहां अधूरा छोड़ दिया गया है, और मात्र छह घरों की ही जल निकासी हो पा रही है, जबकि बाकी क्षेत्र के लोग अब भी जलजमाव की समस्या से परेशान हैं. इस संबंध में स्थानीय निवासी जनक कुमार (दिव्यांग), पिता स्व. रामवचन पासवान, ग्राम+थाना गौरीचक, जिला पटना ने गौरीचक थाना अध्यक्ष को एक लिखित आवेदन दिया है. आवेदन में कहा गया है कि तकनीकी सहायक रमन कुमार स्वयं सड़क पर खड़े होकर जेसीबी



मशीन से सड़क को तोड़वा रहे थे. यह कार्य पूर्णतः अवैध है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला है. जनक कुमार ने मांग की है कि इस मामले में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा लोकसेवक के विरुद्ध कर्तव्य की अवहेलना के आरोप में उचित कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि इस अवैध कार्य का फोटो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है. ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूट जाने से अब आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है और जल निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है. जलजमाव की समस्या को देखते हुए पटना जिलाधिकारी ने नाला निर्माण कराने का आदेश जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दिया था. आदेश के आलोक में नाला निर्माण कार्य की जिम्मेदारी तकनीकी सहायक रमन कुमार को दी गई थी. स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भी रमन कुमार ने नाला बनाने के नाम पर सड़क के बीचोबीच जेसीबी से खुदाई कर दी, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा. ग्रामीणों ने बताया कि नाला निर्माण

## राम लखन सिंह यादव कॉलेज, अनीसाबाद में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विशेष सेमिनार आयोजित, एआई के युग में मानवीय शिक्षा की महत्ता पर बल

**देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को किया गया याद**




**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर आज राम लखन सिंह यादव कॉलेज, अनीसाबाद में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर 'एआई और शिक्षाः स्वचालन की दुनिया में मानवीय एजेंसी को संरक्षित करना' विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ है. हमारा लक्ष्य है कि शिक्षा का यह दीप हर घर में रोशन हो. प्रो. प्रसिद्ध कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सदुपयोग निश्चित रूप से होना चाहिए, लेकिन हमें अपने मौलिक ज्ञान और मानवीय सिद्धांतों को कभी नहीं भूलना चाहिए. उन्होंने मौलाना आजाद के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि उनके विजन के कारण ही देश में आईआईटी और यूजीसी जैसी संस्थाओं की स्थापना हुई थी. प्रो. रमेश कुमार ने कहा कि एआई की मदद से देश में तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए नए संस्थान खोले गए हैं. वहीं प्रो. संगीता ने कहा कि साहित्य से ही संस्कार बनता है. एआई के युग में भी मुंशी प्रेमचंद, दिनकर और भारतेंदु हरिश्चंद्र जैसे रचनाकारों को पढ़ना जरूरी है. सेमिनार में छात्र खैरु और रोहित कुमार ने भी अपने विचार रखे और एआई की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की. मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन को देश वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाता आ रहा है. यह दिन शिक्षा के प्रति उनके अद्वितीय योगदान और देश के शैक्षणिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी भूमिका को याद करने का अवसर प्रदान करता है. इस अवसर पर प्रो. निधि कुमारी सहित कई शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे.

## अमीर शरीयत मौलाना फैसल रहमानी ने दरभंगा के समाजसेवी अनवर अली खान के निधन पर जताया शोक



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार, झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के अमीर शरीयत हजरत मौलाना अहमद अली फैसल रहमानी ने दरभंगा जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी अनवर अली खान के 55 वर्ष की आयु में निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. अमीर शरीयत ने कहा कि अनवर अली खान एक नेकदिल, इंसाफ पसंद और समाज के लिए समर्पित व्यक्ति थे. वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद और इंसाफ की स्थापना के लिए सक्रिय रहते थे. उन्होंने कहा कि अनवर अली खान राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी से भरपूर एक सच्चे इंसान थे. उनके निधन से समाज ने एक दयालु और ईमानदार कार्यकर्ता को खो दिया है. इस अवसर पर मौलाना सईदुर रहमान कासमी, जनरल सेक्रेटरी इमारत ए शरिया, फुलवारी शरीफ ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अनवर अली खान समाज में अमन, इंसाफ और भाईचारे के प्रतीक थे. अमीर शरीयत ने अल्लाह तआला से दुआ की कि अल्लाह उन्हें जन्नतुल फिरदौस में उच्च स्थान अता फरमाए और परिजनों को सब्र व हिम्मत प्रदान करे.

## दानापुर विस क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ आरंभ होगी मतगणना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के दानापुर विधानसभा सीट के लिए आगामी 14 नवंबर की सुबह आठ बजे से एएन कॉलेज परिसर में मतगणना शुरू होगी. दानापुर विधानसभा के मतों की गणना 29 राउंड में होगी. विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना हॉल तैयार किए गए हैं. प्रत्येक हाल में 17 टेबल लगाए जायेंगे. विधानसभा 14 टेबल पर इवीएम से प्राप्त मतों की गिनती होगी. वहीं दो टेबल पर पोस्टल वैलेट पेपर से प्राप्त मतों की गिनती की जायेगी और आरओ के लिए एक टेबुल पर इवीएम से प्राप्त मतों की गिनती के लिए प्रत्येक टेबल पर एक गणना कर्मी, एक सहायक कर्मी व एक माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति होगी. वहीं बैलट पेपर टेबल पर एक गणना कर्मी, दो सहायक गणना कर्मी व एक माइक्रो आब्जर्वर होंगे. विधानसभा की शुरूआत पोस्टल बैलेट की गिनती से होगी. इसके बाद इवीएम से प्राप्त मतों की गिनती की जायेगी. प्रत्येक राउंड की गणना पूरी होते ही परिणाम तुरंत संबंधित निवार्ची पदाधिकारी (आरओ) व प्रेक्षक को सौंपा जाएगा. विधानसभा के हर राउंड की मतगणना के परिणाम की घोषणा सार्वजनिक की जायेगी. मतगणना केंद्र परिसर व बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये जा रहे हैं. विशेष नजर रखने के लिए मतगणना हॉल, मतगणना परिसर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं. नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त लाइव देखने के लिए एक दर्जन डिस्प्ले लगाये गये हैं. अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि मतगणना के दिन सुबह स्ट्रांग रूम खोले जाने की प्रक्रिया प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ की जाएगी. विधानसभा क्षेत्र के आरओ, एआरओ, ऑब्जर्वर व संबंधित पार्टी के मतगणना अभिकर्ता की उपस्थिति में ही स्ट्रांग रूम के ताले खोले जाएंगे.

## दानापुर में जाम से परेशान रहे शहरवासी, पैदल चलना हुआ मुश्किल





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल प्रशासन, स्थानीय थाना व यातायात पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी जाम की समस्या का स्थाई हल नहीं निकलने से शहरवासी प्रशासनिक व्यवस्था को कोस रहे हैं. मंगलवार को दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग पर जाम के कारण लोगों को भारी परेशानियों झेलना पड रहा है. इस मार्ग में प्रत्येक दिन सुबह से शाम तक जाम लगा रहता है. इसके बाद भी यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस जाम से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस पहल आज तक नही किया गया है. जिससे बस पडाव से लेकर तकियापर तक अक्सर जाम लगा रहता है. नो इंट्री में भी ईंट्र लदे ट्रैक्टर का इस मार्ग पर परिचालन किया जाता है. साथ ही ई रिक्शा और ऑटो मनमानी ढंग से सडक किनारे और चौक-चौराहे पर खड कर यात्रियों को सवार करते है. जिससे जाम लग जाता है. जाम में कई बार एबुलेंस , कैदी भान समेत एसडीओ की वाहन समेत थानाध्यक्ष का भी वाहन फंसे जाते है. जाम से निजात दिलाने के लिए इस मार्ग पर कहीं पर भी पुलिस या यातायात पुलिस तैनात नही रहने के कारण जाम का समस्या बना हुआ है.साथ ही छावनी परिषद प्रशासन द्वारा मार्शल बाजार मोड से बीबीगंज मोड तक सडक किनारे सीमेंट के खंभे गाडे दिया गया है. जिससे फुटपाथी दुकान सडक किनारे दुकान लगाते है. जिससे जाम लगा रहता है. सडक किनारे फुटपाथी दुकान और नो इंट्री में बाइक खड करने के कारण जाम लगा रहता है. यातायात पुलिस ने बताया कि बस पडाव से गोलापर तक स्थानीय पुलिस को यातायात व्यवस्था करना है.

### काली मंदिर में भक्तिमय वातावरण में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का समापन

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड नंबर 7 में मठनपुरा स्थित काली माँ के स्थान परिसर में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। पूरे 24 घंटे तक मंदिर परिसर में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन व पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भक्ति में लीन रहे। समापन के अवसर पर आरती एवं भंडारा आयोजित हुआ। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान अशोक कुमार पंडित एवं उनकी धर्मपत्नी अनीता देवी, सुभाष चन्द्र पंडित आदि रहे। अनीता देवी उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठनपुरा में शिक्षिका हैं, जबकि अशोक कुमार पंडित वर्तमान में सिक्किम में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अष्टयाम के समापन अवसर पर आरती, हवन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

## बेलछी में एनएच-30ए पर पिकअप और बाइक की जोरदार टक्कर, दो युवक गंभीर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड के सकसोहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भावनचक गांव के सामने एनएच-30ए पर बाबा बख्तौर के पास पिकअप व बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की पहचान मोगलचक गांव निवासी नंदन कुमार और प्रहलाद कुमार के रूप में की गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक बाजार के लिए बाइक से निकले थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सकसोहरा थाना पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने दुर्घटना स्थल से फरार पिकअप चालक की तलाश में छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और यातायात नियंत्रण की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पीपरा विधानसभा क्षेत्र में 71 . 22 प्रतिशत हुआ मतदान

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पीपरा विधान सभा में 71 . 22 प्रतिशत महिला पुरुष ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर ग्यारह प्रत्याशियों के चुनावी तकदीर को ईवीएम में बंद कर दिया। चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। आगामी 14 नवंबर को मतगणना के दिन इन सभी



प्रत्याशियों को कितने मतदाताओं ने पसंद किया ये पता चलेगा। वहीं चुनाव के बाद मुख्य पार्टियों के कार्यकर्ता अपने पार्टी की जीत का दावा करते दिखे गए। वहीं एक ओर महागठबंधन कार्यकर्ता तेजस्वी की घोषणा हर परिवार में एक नौकरी देने से युवाओं में जोश में महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने का दावा कर रहे थे। वहीं एनडीए कार्यकर्ता नीतीश कुमार के अगुवाई में चुनाव लड़ने व महिलाओं के व्यवसाय शुरू करने के लिए दस हजार रुपए देकर लखपति दीदी बनाने को लेकर महिलाओं का रुझान एनडीए के तरफ होने का दावा कर रहे थे। हालांकि कार्यकर्ता अपने स्तर से जो भी दावा कर रहे है। सही नतीजा तो मतगणना के दिन ही देखने को मिलेगा।

### छिटपुट घटनाओं के बाद शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के आदापुर प्रखंड में मारपीट की घटना की जानकारी मिली है, श्याम पुर पंचायत के मतदान केन्द्रों पर शांति पूर्ण रूप से महिला एवं पुरुष मतदाताओं की सुबह से शाम तक लम्बी कतार लगी रही जबकि बेलदरवा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने की खबर है पीड़ितों का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में करायी जा रहीं हैं आदापुर थाना के सक्रियता के कारण मारपीट करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, पुलिस के द्वारा विधि व्यवस्था में किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है,बुथ संख्या 215,216 श्याम पुर बाजार में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सक्रिय रूप से हावी रही ,2बजे तक मतदान लगभग 50%रही।

### चार फर्जी वोटरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान दो फर्जी व एक वोटर मोबाईल से बूथ के अंदर विडीयो बनाने तथा एक वोटर मतदान केंद्र पर व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। चिरैया विधानसभा क्षेत्र के बूथ सं- 02, आमगाछी में एक फर्जी वोटर बन वोट गिराने गया था। वहीं दूसरा मतदान केंद्र पर मतदाता को वोट देने में व्यवधान उत्पन्न कर रहा था, इस आरोप में दो युवक को ने पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। इधर शिकारगंज थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय परेवा बूथ सं-194 पर परेवा गांव निवासी प्रेम शंकर प्रसाद यादव के पुत्र बाबू साहेब नाम के युवक मतदान केंद्र में अंदर मोबाईल पर विडीयो बनाने व बूथ सं-196 पर फर्जी वोटर बन वोट गिराने के आरोप में परेई गांव निवासी प्रहलाद प्रसाद यादव के पुत्र कुंदन कुमार नामक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इधर चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार व शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि दोनों थाना क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न हो गया है।

### सांसद ने जनता को दिया धन्यवाद

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि अस्वस्थ्य होने के कारण कल जांच और चिकित्सकीय सेवा के लिए दिल्ली जा रहा हूँ। आज जनता ने जिस तरह एनडीए के पक्ष में अपना समर्थन दिखाया है इसके लिए मैं उन सबको बधाई देता हूँ।



श्री सिंह ने कहा कि दीपावली पर मैं तबियत खराब होने के कारण दिल्ली अस्पताल में था। 14 नवम्बर को मैं मोतिहारी वापस आ जाऊंगा और मैं अपनी असली दीपावली मोतीहारी की जनता के साथ 14 नवम्बर को मनाऊँगा।

### विधानसभा चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण सम्पन्न

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नरकटिया विधानसभा अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र में बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो गया।प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ श्याम कुमार ने बताया कि बनकटवा प्रखंड मे कुल 96 मतदान केंद्रों पर मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।लोगो ने सुबह से ही मतदाताओं मे काफी उत्साह और उमंग देखा गया सभी बूथों पर हर्षोल्लास के साथ महिला, पुरुष, बुजुर्ग और युवाओं ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस बल सभी बूथों का जायेजा लेते रहे नरकटिया विधानसभा ने शाम पांच बजे तक 72 प्रतिशत मतदान हुआ. मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

# प.चंपारण जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न



बेतिया के एक बुथ पर तैनात सुरक्षा के जवान



चनपटिया के एक बुथ का निरीक्षण करते डीएम एसपी



बेतिया के एक बुथ पर मतदान करने पहुंचे दंपति



नरकटियागंज के एक बुथ पर मतदान करने पहुंचे मतदाता



बुथ पर कतारबद्ध मतदाता



चनपटिया के एक बुथ पर ड्रेस कोड में पहुंचे मतदाता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान अब तक के प्राप्त सूचना के अनुसार लगभग 71-72 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। इसको लेकर सुबह से हीं मतदाताओं में हर जगह भारी उत्साह दिखा। पहले चरण के मतदान में महिला और पुरुष ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खासकर बुजूर्गो, महिलाओं, युवा मतदाताओं केसाथ नये मतदाताओं में अपना प्रतिनिधि चुनने तथा लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए भारी उत्साह दिखा। वहीं मतदान केंद्रो में दिव्यांग , वृद्ध महिला मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवा मतदाताओं का कहना था कि पहली बार मतदान करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्हें अपने वोट से बेहतर सरकार चूनने का मौका मिला है। मंगलवार को जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह से बजे मतदान शुरू होने के पहले हीं लोग वोटिंग के लिए पहुंचने लगे थे। जिसको लेकर अधिकांश मतदान केंद्रो पर मतदाताओं की लंबी लाईन लग चुकी थी। जैसे जैसे दिन चढ़ा मतदाताओं का उत्साह बढ़ता गया। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो ने भारी संख्या में मतदान किया। शाम छह बजे के बाद भी कई मतदान केंद्रो पर मतदाताओं की लाईन लगी रही। मतदान केंद्रो पर प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सहायता एवं सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया था। जहां निर्धारित केंद्र पर महिला कर्मी मौजूद रहे। चुनाव में कोई मतदाता मतदान करने से वंचित नही रहे इसके लिए चुनाव आयोग ने 12 दस्तावेजो का विकल्प प्रयोग करने को लेकर निर्देश जारी किया था।

### उत्साह के साथ मनाया गया लोकतंत्र का महापर्व

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में नरकटियागंज विधानसभा के लिए मंगलवार को मतदान किया गया। लोकतंत के इस महापर्व को लेकर इस बार लोगो मे पहले की अपेक्षा काफी उत्साह रहा है। लोग सुबह से ही इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में उत्साहित दिखे। लोग घर से निकालकर अपने निर्धारित मतदान केंद्र पहुचे और कतारबद्ध होकर अपने मतों का प्रयोग किया। शहर के सबसे व्यस्त मार्ग महात्मा गांधी मार्ग में लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर पूरी तरह से सन्नाटा छाया रहा। सभी दुकाने बंद रही। इसी तरह चीकपट्टी रोड, कचहरी, पुष्पांजलि चौक पर पूरा सन्नाटा पसरा हुआ था। यही कारण है कि दोपहर के तीन बजे तक 03 नरकटियागंज विधानसभा का मतदान 58.57 प्रतिशत रहा। सभी लोगो ने उत्साहपूर्वक राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। यही कारण है कि क्षेत्र के अधिकतर बूथों पर दोपहर के तीन बजे तक कतार खत्म हो गई। हालांकि कुछ बूथों पर लोग मतदान के लिए कतार में खड़े रहे। मतदान के दौरान मतदाताओं के जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपनी भागीदारी बढ़ चढ़कर दी। धूमनगर के बूथ संख्या 181 पर एक दिव्यांग मतदाता को व्हीलचेयर पर मतदान के लिए ले जाया गया। इसी तरह, बूथ संख्या 177 पर भी एक सुरक्षा कर्मी ने वृद्ध महिला मतदाता को सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया। बूथ संख्या 172 पर, 65 वर्षीय गीता देवी लाठी के सहारे पहुंची और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं पहली बार वोट देने वाले युवाओं में भी जबरदस्त जोश दिखा। अंजुआ के बूथ संख्या 211 पर युवा मतदाता संदीप कुमार, मठीया के बूथ संख्या 240 पर गौरव कुमार मिश्र ने पहली बार पूरे उत्साह के साथ वोट किया।

### बगहा में सुबह से ही लगने लगी मतदाताओं की कतार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। मतदान के शुरूआती दौर में बगहा व वाल्मिकीनगर के अधिकाश मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं की भीड़ सबसे ज्यादा रही। महिलाओं ने घरों से निकलकर जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वाल्मिकीनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 68 पर मतदान केंद्रों पर भी सुबह से महिलाओं की भीड़ रही। महिला मतदाताओं में मतदान के बाद घरेलू कार्य को करना मुनासिब समझ तो इस दौर में पुरूष मतदाता भी पीछे नहीं रहे। मतदान के बाद रोजी रोटी के लिए जाने की जल्दी में पुरुष मतदाता भी सुबह से मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध दिखे। सुबह में मतदान करने की जल्दी के कारण दोपहर बाद सभी मतदान केंद्र खाली रहे।दिव्यांग एवं असहाय मतदाताओं को मतदान कराने में पुलिस का भी काफी सहयोग रहा।पुलिस वाले असहाय लोगों को बूथों तक पहुंचाने में मदद करते रहे।जिसकी सराहना काफी लोग करते रहे। बूथ 114, 112, 110, 111, 112 देवी मंगल उच्च विद्यालय, बूथ, 147,148 कुम्हिया मध्य विद्यालय में कतारबद्ध लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे।शांति व्यवस्था के लिए एसपी एसडीएम,समेत पूरा प्रशासन मुस्तैद रहा।

### रामनगर के सुदूरवर्ती दोन क्षेत्र के 19 बूथों पर मतदान शून्य

#### रोड-पुल, संचार और बिजली की मांग पर वोट का किया बहिष्कार

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती दोन इलाके में 19 बूथों पर मतदान पूरी तरह शून्य रहा. स्थानीय ग्रामीणों ने विकास कार्यो की उपेक्षा के विरोध में चुनाव का बहिष्कार किया. ग्रामीणों का कहना था कि जब तक सड़क, पुल, बिजली, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तब तक वे वोट नहीं देंगे. लोगों ने आरोप लगाया कि अब तक कोई सांसद, विधायक या अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनने नहीं आया. दोन क्षेत्र के 22 गांवों में फैले इन 19 बूथों पर पोलिंग पार्टियां, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, सीआरपीएफ और एसएसबी के जवान तैनात रहे, लेकिन मतदाता नहीं पहुंचे. प्राथमिक विद्यालय बनवारी चौकीदार टोला बूथ संख्या 27 पर 712 मतदाता होने के बावजूद एक भी वोट नहीं पड़ा. वहीं, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शितलबारी दोन के बूथ संख्या 17 और 18 पर क्रमशः 623 और 656 मतदाता पंजीकृत थे, लेकिन वहां भी मतदान नहीं हुआ. सीनियर डिप्टी कलेक्टर एवं सुपर जोनल पदाधिकारी विकास कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आगामी चुनावों में भी वे वोट का बहिष्कार जारी रखेंगे.

### बूथ पर महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर की भागीदारी

#### जेन जी की दिखा दम खम

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर विधानसभा के गौनाहा प्रखंड के 177 बूथों पर महिला मतदाताओं की दिखी हुजूम । उदरवादी युवा पीढ़ी की भी भागीदारी हरेक मतदान केंद्रों पर देखी गई । नए वोटरों व युवा वोटरों को देख कर ऐसा लगा की युवा वर्ग बदलाव के विचार के पक्ष में है । सहायक निर्वाचक निवंधन पदाधिकारी सह गौनाहा बीडीओ ऋषव देव कुमार ने बताया कि 177 बूथों पर शांति पूर्ण मतदान हुआ ।

### रामनगर में युवा मतदाताओं ने दिखाया दमखम

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के दुसरे चरण में हो रहे रामनगर (सु) विधानसभा क्षेत्र में सुबह होते ही महिलाए उत्साह के साथ घरों से निकल कर मतदान केन्द्रो की ओर बढी। नगर परिषद क्षेत्र के मतदाताओं ने अपने अपने बूथों पर पहुँच कर लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं व युवा मतदाताओं की भागीदारी से परिणाम रोचक होने की संभावना जताई जा रही है। वही दोन इलाके के 32 टोला के 22 गाँव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। चंपापुर दोन के दीपक उरांव ने बताया कि दोन क्षेत्र में पचास हजार जनसंख्या वाले इस क्षेत्र को सभी जनप्रतिनिधियों ने हमेशा अनदेखी की है। वही रमेश उरांव के कहा कि एक भी लोग मतदान के लिए नहीं जायेगा दोन मे आज लॉक डाउन लग गया है। बगही, नौरंगिया दोन, बन कटवा दोन में मतदान में सुस्ती व मतदान किया बहिष्कार।वही बूथ संख्या 93,92,88 पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। मालूम हो कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 159185 वही महिला मतदाता 140190 है जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रहा मतदान



**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधान सभा क्षेत्र के आदापुर में द्वितीय चरण का मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के शांतिपूर्ण रहा किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।इंडो नेपाल बॉर्डर इलाके में एसएसबी व नेपाली अर्म्स फोर्स के जवान संयुक्त रूप से गस्त लगाते रहे।वही पहले मतदान उसके बाद जलपान के स्लोगन के साथ महिला वोटरों ने बूथों पर पुरुषों से अधिक मतदान के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा ली।वही मध्य विद्यालय कोरईया बूथ न.279 पर मतदाता वोट डालने नोमेंस लैंड होकर मतदान केन्द्र पर जाते थे।मतदाताओं को नोमेंस को चिन्हित करने के लाल रंग का झंडा लगाया गया था।समर्थक नेपाल में बैठ थे।वही प्राथमिक विद्यालय बूथ न.280 व 281महिला मतदाओं ने वोट डालने के लिए जमकर हिस्सा लिया। मध्य विद्यालय बेलहिया बूथ न.319,320,321,322 पर पांच बजे तक अस्सी प्रतिशत मतदान हुआ था।इसमें एक बूथ 321 पर महिला मतदाताओं की संख्या 336 था इसमें 280 वोट महिलाओं ने दी।उक्त बूथों पर सर्वाधिक वोट महिला मतदाताओं ने डाली थी। काम काजी महिला का समूह वोट डालर डेली खुरपी लेकर पशुओं के चारा जुगाड में निकल गई।कलिया देवी बताती है कि वोट डाल देनी अब गाय भैंस के खाएला घास ला जा तानी।

### महिलाओं और युवाओं ने संभाली कमान, मोतिहारी में मतदाताओं का जोश

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे और अंतिम चरण में शांतिपूर्ण मतदान जारी है। इस चरण में शामिल मोतिहारी विधानसभा सीट पर भी मतदाता पूरे जोश के साथ वोट डाल रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। तीन बजे तक यहां 61.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जबकि शाम तक इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है।सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। युवा, महिलाएं और पहली बार वोट करने वाले मतदाता खास उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में भाग ले रहे हैं। कई मतदान केंद्रों पर महिलाएं पुरुषों से आगे दिखीं। प्रशासनिक स्तर पर मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

# मतदाताओं ने उत्साह और जोश के साथ किया अपने मताधिकार का प्रयोग

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो ।** जिले में लोकतंत्र के महापर्व में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ ' वही मतदाताओं ने उत्साह और जोश के साथ जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया' सभी बूथों पर अहले सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थी और पुरुष की अपेक्षा महिला व यूवा मतदाताओं ने जोश और उत्साह के साथ मतदान किया। शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण इलाकों तक लोगों में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाओं और युवाओं में मतदान को लेकर खास जोश नजर आया। वहीं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता भी लोकतंत्र के इस पर्व में पीछे नहीं रहे, वे व्हीलचेयर और अन्य संसाधनों की मदद से बूथों तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही



स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने राजकीय संस्कृत विद्यालय, धर्मसमाज स्थित बूथ संख्या 148 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 19-मोतिहारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 209, महावीर मध्य विद्यालय लूअठाहा, मोतिहारी स्थित आदर्श मतदान केंद्र पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने अपने परिवार के साथ मतदान किया गया और सेल्फी ली' पूर्वी चम्पारण जिले में समाचार प्रेषण तक कुल.... मतदान हुआ, जिसमें पुरुष..., महिला... एवं अन्य ने... मतदान किया' पकड़ीदयाल से हमारे संवाददाता के अनुसार, कुछ बूथों पर मॉक ड्रील करने में समस्या हुआ जिसको तुरन्त समाधान किया गया। उक्त चुनाव में आधी आबादी ने बड़े उत्साह से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सुन्दर पट्टी पंचायत के बूथ नं अस्सी पर नब्बे वर्षीय सकली कुंअर ने अपना मतदान किया।संग्रामपुर से हमारे संवाददाता के अनुसार, प्रखंड क्षेत्र के 14 पंचायत में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जमकर मतदान किया गया' केसरिया विधानसभा क्षेत्र में युवाओं ने बेरोजगारी को लेकर मतदान किया। तो महिलाओं ने विकास के नाम पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही जाति के आधार पर भी मत डाले गए। पिपराकोठी से हमारे संवाददाता के अनुसार, मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ' एक मतदान केंद्र पर बदला वीवीपैट गया' फेनहारा से हमारे संवाददाता के अनुसार, मधुबन विधानसभा के फेनहारा प्रखंड में बहुत ही शांति पूर्वक मतदान संपन्न हुआ प्रखंड क्षेत्र में कुल 66 बूथ पर मतदान कराया गया वही महिलाओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया' केसरिया से हमारे संवाददाता के अनुसार, महिलाओं व युवाओं मे जबरदस्त जोश दिखा' कई मतदाताओं ने कहा कि वे विकास, शिक्षा, रोजगार और बेहतर कानून-व्यवस्था के मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान कर रहे है' ढाका से हमारे संवाददाता के अनुसार, युवा, बुजुर्ग, और महिला हर वर्ग के मतदाताओं जोश देखा गया। वृद्ध और अपंग वोटरों ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। ढाका विधानसभा के दो प्रखण्ड ढाका और घोड़सहन दोनों प्रखण्ड के लोगों ने सुबह सवेरे मतदान केंद्र का रुख किया। ढाका विधानसभा के अलग- अलग बूथों से कुछ लोगों को फर्जी मतदान का प्रयास करने को लेकर हिरासत में भी लिया है। मेहसी से हमारे संवाददाता के अनुसार, इस दौरान एक बूथ पर एक मतदाता द्वारा ईवीएम और वीवीपैट मशीन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की सूचना पर जिला प्रशासन हरकत में आया।

# समाज कार्य विभाग में नए सत्र का स्वागत, फ्रेशर पार्टी में झलकी उमंग और एकता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के समाज कार्य विभाग में सत्र 2025झ्27 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु ह्लफ्रेशर पार्टीह्व का आयोजन हर्ष, उल्लास और आत्मीयता के साथ किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व एम.एस.डब्ल्यू. (सत्र 2024झ्26) के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने किया, जिनका उद्देश्य अपने कनिष्ठ विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा विभाग में एकता, सहयोग और स्नेह की भावना को सुदृढ़ बनाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुजीत कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फ्रेशर पार्टी केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज कार्य के विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को प्रकट करने का माध्यम है। मैं सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ विद्यार्थियों को इस अनुशासित एवं सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

उन्होंने आगे कहा कि ह्लसमाज कार्य केवल एक शैक्षणिक अध्ययन नहीं, बल्कि यह संवेदनशीलता, सेवा भावना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दृष्टि प्रदान करने वाला जीवन मूल्य है। विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायित्व और मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

सहायक आचार्य डॉ. उपमेश



तलवार ने कहा कि समाज कार्य का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया को समझना और उसे सशक्त बनाना है। डॉ. अनुपम वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग समाज के वंचित वर्गों की सेवा में करें और एक सच्चे समाज कार्यकर्ता बनें। वहीं डॉ. अल्पिका वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और आपसी एकता को विकसित करते हैं, जो उनके भविष्य के कार्य को और सशक्त बनाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान सत्र 2025झ्27 के विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कविता, नाटक और खेल जैसी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे पूरा सभागार उत्साह और आनंद से भर उठा। सत्र 2024झ्26 के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने पूरी आत्मीयता और जिम्मेदारी के साथ आयोजन की तैयारी की। उनकी सामूहिक भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल, अनुशासित और यादगार बना दिया। वरिष्ठ समूह से उज्ज्वल कुमार, अदिति कुमारी, मिल्की कुमारी, तरुण कुमार, कुनाल कुमार, मोहिना, प्रिया सुमन, अभिजीत कुमार, राहुल कुमार, श्री प्रशांत, अनिकेत कुमार और प्रिया कुमारी सहित सभी विद्यार्थियों ने अपने कनिष्ठ साथियों को स्नेह, सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में शिवम कुमार को ह्लमिस्टर फ्रेशरह्व तथा वैष्णवी राज को ह्लमिस फ्रेशरह्व की उपाधि से सम्मानित किया गया। दोनों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सहज व्यवहार से सभी का दिल जीत लिया। अंत में विभाग के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विभाग की सामूहिक भावना तथा अनुशासन की सराहना की।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न



ठेला गाड़ी पर बैठाकर बुजुर्ग महिला को मतदान केंद्र ले जाते परिजन




जहानाबाद शहर में बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र



व्हील चेयर पर बुजुर्ग मतदाता9



युवा मतदाता दिव्या भारती ने पहली बार मतदान कर खुशी जाहिर की



हाथों पर चलकर मतदान केंद्र पहुंचती दिव्यांग महिला।

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के सभी तीन विधानसभा क्षेत्र में कड़े सुरक्षा व्यवस्था और चुस्त प्रशासनिक कदम के बीच शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ। मंगलवार की सुबह 7:00 से लगभग सभी मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया एक साथ प्रारंभ हुई। कई स्थानों पर मतदान के लिए निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे से पूर्व ही मतदाताओं की लंबी कतार मतदान केंद्रों पर देखी गई। दिन चढ़ने के साथ ही मतदान की गति में भी तेजी देखने को मिला। सुबह 9:00 बजे से 3:00 बजे के बीच जहानाबाद के सभी तीन विधानसभा क्षेत्र में बंपर वोटिंग दर्ज की गई। इस बार के विधानसभा चुनाव में एक बात खास नजर आई जिसमें मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ- साथ मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाओं का भी ख्याल चुनाव आयोग और जिला प्रशासन की ओर से रखा गया था। यहां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए दो आदर्श मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था किया गया था। यहां आकर मतदाता काफी खुश नजर आए।

216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में अंतिम आंकड़ा प्राप्ति तक 63.22% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।वहीं 217- घोसी विधानसभा क्षेत्र में 64.11% मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। 218- मखदुमपुर (सुरक्षित) सीट पर सबसे अधिक 66 फ़ीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जानकारी के मुताबिक आजादी के बाद शायद यह पहला मौका होगा जब इतने बड़े पैमाने पर मतदाताओं ने वोट डाले हों। जहानाबाद विधानसभा की बात करें तो पिछले तीन चुनाव में 53 से 55 फ़ीसदी मतदान अब तक हुआ था, लेकिन इस बार पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए मतदाताओं ने जमकर वोटिंग की।

जहानाबाद शहर के मध्य विद्यालय ऊंटा में बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। इस दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह और जोश नजर आया। पुरुष, महिलाएं और युवा मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं के लिए बनाए गए 10 पिंक मतदान केंद्र पर भी महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। यहां पर महिलाओं द्वारा जबरदस्त वोटिंग की बात बताई गई है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि पुरुष और महिला मतदाता अलग-अलग कितना प्रतिशत मत डाले हैं लेकिन यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पुरुष मतदाता के तुलना में महिलाओं का मतदान प्रतिशत इस बार भी कहीं अधिक देखने को मिलेगा। घोसी विधानसभा क्षेत्र के मोकीमपुर गांव में बीमार वृद्ध महिला को खाट पर लेटाकर युवाओं ने मतदान केंद्र तक पहुंचाया। वहीं घोसी विधानसभा क्षेत्र के काको में बुजुर्ग महिला को ठेले पर बैठकर मतदान केंद्र तक उनके परिजन ले जाते दिखे। इसी विधानसभा क्षेत्र के हरीदासपुर में एक बुजुर्ग को उसके पोते ने व्हीलचेयर के मदद से मतदान केंद्र तक पहुंचाया। मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के पुनहरदा मतदान केंद्र पर एक दिव्यांग महिला महिला समूह के साथ हाथ पर चलते हुए मतदान केंद्र पहुंची, जिसे देखकर वहां उपस्थित मतदान कर्मी और पुलिस के जवानों ने उनका हौसला अफजाई करते हुए उनके जज्बे को सलाम भी किया।

कुल मिलाकर देखा जाए तो उत्साह, समर्थन और सौहार्द के वातावरण में लोकतंत्र के महापर्व को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने तरीके से जुटा हुआ था। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने में सफल रहे जिला प्रशासन की टीम भी मतदान के बाद काफी उत्साहित दिखाई दी। वहीं आम मतदाताओं ने भी इस बार के चुनाव आयोग द्वारा किए गए व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव हर बार से अलग रहा है।

## ओबरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर किया मतदान

### मतदान को ले बूथों पर लगी रही लंबी कतारें, अधिकारी लेते रहे बूथों का जायजा, युवा मतदाताओं में मतदान को ले दिखा जोश







**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव के तहत ओबरा विधानसभा-220 के 387 बूथों पर मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से शुरू किया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सुबह 7 बजे ठीक ईवीएम ऑन होते ही वोटिग प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। यहां तक की ओबरा व दाउदनगर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के बूथों पर भी मतदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतार में खड़े होकर मतदान किया। इधर मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बूथों पर मूलभूत सुविधाएं पीने का पानी, शौचालय और रैंप सहित की व्यवस्था भी की गई। पिंक बूथ को बेहतर ढंग से सजावट की गई थी। इधर मतदान के दौरान बूथों पर सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया था। बूथों पर चुनाव कर्मी व सुरक्षा बल पूरी तरह से मुस्तैद रही। बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गई थी। इधर डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी अंबरीष राहुल, दाउदनगर एसडीएम अमित राजन, दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास सहित कई अधिकारी लगातार बूथों का जायजा लेते रहे। अधिकारी चुनाव कर्मियों से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को ले निर्देश दे रहे थे।

## रफीगंज-मदनपुर पथ में उभरे गड्ढे दे रहे दुर्घटना को निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के कई सड़कें बदहाल है। इन सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। मदनपुर-रफीगंज पथ में इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढें उभर आए हैं। पथ में खिरियावां मोड़ के समीप सड़क पर गड्ढे उभर आए हैं जिससे आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। जब वाहनों इन गड्ढों से होकर गुजरती है तो हिचकोले खाती है। पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है। इस पथ में जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। इस पथ से होकर खिरियावां, हरि बिगहा, कोल्हुआ, हरि बिगहा, कासमा, रफीगंज सहित कई जगहों के लोग आवागमन करते हैं। सड़क पर दिन रात वाहनें रेंगती रहती हैं परंतु अधिकारियों का सड़क पर उभरे गड्ढों पर नजर नहीं आ रही है। सड़क पर उभरे गड्ढे सड़कों की सच्चाई को बयां कर रही हैं। संबंधित विभाग के अनुसार सड़कों की मरम्मत को लेकर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। फिर भी हालात बदतर हैं। पथ निर्माण विभाग के नियमानुसार सड़कों को प्रति वर्ष मरम्मत किया जाना चाहिए, ताकि सड़कें ठीक रहें और आने-जाने में कोई परेशानी नहीं हो। मदनपुर के बब्लू सोनी, कासमा के सुदर्शन सिह, निरंजन सिंह, मदनपुर के संजय सिह ने सड़क पर उभरे गड्ढे से वाहन चालकों को भी काफी परेशानी होती है। सड़क पर बने गड्ढों में वर्षा का पानी जमा हो गया है। ऐसे में इन सड़कों से सफर करने वाले लोगों को गड्ढों का पता चल नहीं पाता और गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। गिरने वालों में सबसे ज्यादा बाइक और साइकिल सवार लोग शामिल होते हैं। पथ से होकर स्कूली बच्चे भी विद्यालय पढ़ने जाते हैं। ऐसे में वे चोटिल होकर घायल होते रहते हैं।

## वर्ष 1965 में जगन्नाथ सिह ने गजना धाम मंदिर का किया था उद्धार

### मंदिर शक्तिपीठ के रूप में है विख्यात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नबीनगर का गजनाधाम श्रद्धालुओं के लिए अब आस्था का केंद्र बन गया है। यहां भक्तों की हर मनोकामना मां पूरा करती हैं। प्रखंड के कररबार नदी के किनारे स्थित गजानन माता मंदिर लाखों श्रद्धालुओं के श्रद्धा का प्रतीक है। वहीं स्थल शक्ति पीठ के रुप में विख्यात है। मंदिर में किसी मानवी काया की मूर्ति नहीं है। बस निराकार की पूजा होती है। आधुनिक काल में इस मंदिर का उद्धार वर्ष 1965 में जगन्नाथ सिह उर्फ त्यागी जी ने किया था। कहा जाता है कि प्राचीन काल में यह क्षेत्र आदि मानवों का निवास स्थान था। पोलडीह गांव में कई पुराने अवशेष आज भी उपलब्ध है। प्राचीनकालीन की देवी-देवताओं की कई प्रतिमाएं है। यहां खरवारों की कुलदेवी चेड़ीमाई की पूजा होती है। कहा जाता है कि चेरों के आगमन के पूर्व लगभग 800 वर्ष पहले जपला खरवार राजाओं की राजधानी थी। आशुतोष भट्टाचार्य ने अपनी कृति बंगाला, लोक साहित्य और संस्कृति में सूर्य का पर्व गाजन की चर्चा की है। गाजन प्राचीन काल से चला आ रहा एक पर्व है। जो बंगाल में लोकप्रिय शैव संप्रदाय से जुड़ा है। गाजन पर्व बंगाल में चैत्र महीने में मनाया जाता है। यह वैशाख माह में भी मनाया जाता है। इतिहास बताता है कि 12वीं शताब्दी के मध्य तक यह क्षेत्र बंगाल के शासक रामपाल सेन के अधीनस्थ था। इसी के बाद इस क्षेत्र का शासन गढ़वाल राजा के हाथ में चला गया। महंत अवध बिहारी दास कहते हैं कि गजना माता को वन देवी भी कहा जाता है। बताया जाता है कि 55 साल पहले यहां खपड़ा का मंदिर था जहां मिट्टी के हाथी घोड़े चढ़ाए जाते थे। पहले यहां बकरे की बलि भी दी जाती थी। बाद में स्थानीय ग्रामीणों के कहने पर पं. मुखदेव दास ने बलि प्रथा को बंद कराया। यहां प्रतिदिन सुबह को मां को जगाया जाता है। जगाने के बाद स्नान करा मां का श्रृंगार किया जाता है। कहा कि यहां जो लोग भी श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं उनकी मनोकामनाएं मां पूरी करती हैं। नवरात्रि में भी मां का विशेष पूजन किया जाता है। वहीं मंदिर में प्रतिदिन 250 ग्राम घी में डेढ़ केजी आंटा का पूड़ी बनाकर मां का प्रसाद चढ़ाया जाता है। लोग इस बात को अटपटा जरूर समझते हैं कि 250 ग्राम घी में कैसे डेढ़ केजी आंटा का प्रसाद बनेगा। परंतु यह सत्य है। मां का प्रसाद मिट्टी की कड़ाही में बनती है। मां को पुड़ी एवं गुड़ के प्रसाद को भोग लगाया जाता है। बता दें कि गजना धाम पहुंचने के लिए दो रास्ते हैं। एक बिहार के औरंगाबाद से बस के माध्यम से अंबा होते हुए पहुंच सकते हैं। दूसरा रास्ता झारखंड राज्य से भी आने का है।

## शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न, प्रखण्ड में 66.89 प्रतिशत हुआ मतदान









**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण का चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई। मतदाता जागरूकता अभियान एवं जीविका सक्रियता के कारण इस बार मतदान प्रतिशत बढा। सुबह 7 बजे लंबी कतार में मतदाता अपना वोट डालने के उत्साहित दिखे। जैसे -जैसे समय बीतता गया मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। ग्यारह बजे तक 35 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं एक बजे तक मतदान का प्रतिशत बढ़कर 53.5 हो गया। शाम छः बजे तक 66.89 प्रतिशत किसी भी मतदान केंद्र पर झड़प होने की शिकायत नहीं मिली। जबकि मतदान केंद्र संख्या 107 मनरेगा भवन पर 20 मिनट एवं केंद्र संख्या 197 कुम्हैनी मध्य विद्यालय पर 30 मिनट विलंब से मशीन खराब रहने के कारण मतदान केन्द्र शुरू कराया गया। मतदान केंद्र संख्या 106, 107 मनरेगा भवन एवं कृषि भवन को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया। जिसमें सजावटे एवं सोफा, सेल्फी प्वाइंट बनाई गई। सभी बुथो पर सी आरपीएफ, बीएस एफ एवं जिला पुलिस बल के जवान तैनात थे। मतदान के लिये नियंत्रण कक्ष प्रखंड सभागार भवन मे बनाया गया। जिसमे निर्वाचन पदाधिकारी सह डीडीसी अनन्या सिंह, बीडीओ कुमार अश्विनी अपने सहयोगियो के साथ पल - पल की खबर ले रहे थे। मनरेगा भवन के केंद्र संख्या 106 पर पहली बार मतदान लकी कुमारी, केराप पंचायत के 136 पर सलोनी एवं 137 पर स्नेहा कुमारी सहित कई केंद्रों पर उत्साहित होकर पहली बार मतदान किया।अधिकाश केन्द्रो पर महिलाओ की लंबी कतार थी। केंद्र संख्या 126 पर मखदुमपुर मध्य विद्यालय पर पूर्व जिप अध्यक्ष सह जिप नीतू सिंह, डॉ संजय यादव केंद्र संख्या 151 पर मतदान किया। इस मौके पर एसडीएम संतन कुमार सिंह, डीआरडीए कुमार अनुपम, एसडीपीओ-2 चंदन कुमार, थानाध्यक्ष शंभू, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, आवास प्रवेक्षक अमित कुमार सिंह के साथ पुलिस बल कड़ी मुस्तैदी के साथ गश्ती कर रहे थे।

## युवा मतदाताओं में मतदान को ले दिखा जोश

**ओबरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान में ओबरा विधानसभा में खासकर युवा मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जोश दिखा। युवा मतदाता सुबह उठकर बिना जलपान किए बूथ पर पहुंचे और सबसे पहले मतदान किया। ओबरा के सखी सह आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया। बूथ को बेहतर तरीके से सजावट की गई थी। ओबरा विधानसभा के राजकीय उच्च विद्यालय स्थित मतदान केंद्र सं-346 पर मतदान करने पहुंचे युवा मतदाता आकाश कुमार, मो. नेयाज ने बताया कि युवाओं के रोजगार मिले इस पर वोट करने आया हूं। बताया कि पहली बार मतदान करने पहुंचे है। मतदान करने के प्रति उत्साहित हैं। युवाओं ने पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन को बताया।

## मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड मे विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होने के साथ ही लोगों का मतदान केंद्र पर आना शुरु हो गया था। मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। खासकर युवा मतदाताओं में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में काफी खुशी देखी गई। मतदान के बाद सेल्फी मतदान केंद्र के बाहर आकर लोग सेल्फी ले रहे थे। इस बार चुनाव को लेकर सुरक्षा का व्यापक व्यवस्था की गई थी। सभी मतदान केन्द्र पर अर्धसैनिक बल तैनात किए गए थे। मतदाताओं का मोबाइल मतदान केंद्र में जाने के पहले जमा कर दिया गया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र को 40 सेक्टर में बांटा गया था। जिसके लिए सेक्टर में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे।

### मखदुमपुर विधानसभा चुनाव में महिलाओं में दिखा गजब उत्साह, दोपहर बाद भी दिखी लंबी कतारें





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को हो रहे मतदान में महिलाओं का उत्साह देखने लायक रहा। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। गर्मी और धूप के बावजूद महिलाएं मतदान केंद्रों पर डटी रहीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर 1 बजे के बाद भी मतदान केंद्रों पर भीड़ में कोई कमी नहीं आई। प्रखंड के कचनामा, इस्माइलपुर, भानी विगहा, टेहटा सुगांव, नेर, नवाबगंज, सरेंन, ढोंढा समेत कई गांवों के मतदान केंद्रों पर महिला एवं पुरुष मतदाता लगातार वोट डालने पहुंचे। कई केंद्रों पर सुरक्षा बलों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न होता रहा। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार शाम 5 बजे तक मखदुमपुर विधानसभा में लगभग 65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से चुनावी माहौल और भी जीवंत हो उठा है। पहली बार मतदान करने वाली युवतियों में भी काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंधों के कारण मतदाताओं में आत्मविश्वास झलका।

## जहानाबाद में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में जहानाबाद जिले में मतदान शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान के बाद जिला अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से हुई।

जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि सभी मीडिया प्रतिनिधियों, कर्मियों और मतदाताओं के सहयोग से जहानाबाद में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ है। कहीं भी कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं घटी। कुछ स्थानों पर छोटी-मोटी घटनाएं सामने आई थीं, लेकिन प्रशासन और पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई कर स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया। उन्होंने बताया कि मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलाधिकारी ने इसके लिए सभी मतदाताओं को धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं।उन्होंने आगे बताया कि मतगणना 14 नवंबर को होगी। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मीडिया कर्मियों के लिए अलग सेल बनाया गया है, जहां से उन्हें मतगणना से जुड़ी हर पल की अपडेट जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि जहानाबाद ने लोकतंत्र को मजबूत करने का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना संख्या**
**ईएल/50/दानापुर/खुली/33/2025-26**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** ईएल/50/दानापुर/खुली/33/2025-26 **(1) कार्य का नाम:** PNBE में 12 एस्केलेटर, RJPB में 02 एस्केलेटर, ARA में 04 एस्केलेटर, BXR में 02 एस्केलेटर और PPTA में 02 एस्केलेटर का दो साल की अवधि के लिए ऑपरेशन और रखरखाव। **(2) अनुमानित लागत:** रु 3,58,00,214.70/- **(3) अग्रधन राशि:** रु 3,29,00/- **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 05.12.2025 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय:** क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर । **नोट** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा । **मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/1261/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25-26/36

# विकसित भारत युवा संसद 2026 की तिथियों की घोषणा

## मुंगेर विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में होगा आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर**। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित 'विकसित भारत युवा संसद 2026' की आयोजन तिथियों की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। यह महत्वपूर्ण आयोजन नेहरू युवा केन्द्र (माई भारत) और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच कॉलेजों में युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि, जिसे पहले 12 अक्टूबर तक तय किया गया था, बढ़ाकर 10 नवंबर 2025 कर दी गई थी।

घोषित तिथियों और पंजीकरण विवरण के अनुसार लखीसराय स्थित केएसएस कॉलेज में 7 दिसंबर को 154 स्वयंसेवक, खगड़िया के महिला कॉलेज में 18 नवंबर को 133 स्वयंसेवक, जमुई के डीएसएम कॉलेज झाझा में 21 नवंबर को 101 स्वयंसेवक, मुंगेर के जमालपुर स्थित जेआरएस कॉलेज में 18 दिसंबर को 81 स्वयंसेवक और शेखपुरा के आरडी कॉलेज में 21 दिसंबर को 20 स्वयंसेवक युवा संसद में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 23 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी, जबकि राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। मूल्यांकन मानदंड कुल 100 अंकों पर आधारित होंगे, जिसमें सामग्री की प्रासंगिकता, प्रस्तुति की स्पष्टता, शारीरिक भाषा, नवाचार, भाषा प्रवाह और समय-पालन प्रमुख होंगे। पीआरओ डॉ. सूरज कोनार के अनुसार, यदि किसी राउंड में अभ्यर्थियों के अंक समान होते हैं, तो उनसे विषय से संबंधित एक सहज प्रश्न पूछा जाएगा, जिसका मूल्यांकन अतिरिक्त 10 अंकों में किया जाएगा। जिला स्तर पर निर्णायक मंडल पाँच सदस्यों का होगा, जिसमें सार्वजनिक नीति के विशेषज्ञ शिक्षाविद, वरिष्ठ नौकरशाह, युवा नेता या सामाजिक उद्यमी, विधायक/राज्य मंत्री तथा प्रतिष्ठित समाजसेवी शामिल रहेंगे। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जोड़ना, निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना और विचारों के प्रति सम्मान एवं सहिष्णुता बढ़ाना है। वहीं कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने इसे युवाओं के लिए नीति-निर्माण में सहभागिता का एक सशक्त मंच बताते हुए कहा कि विकसित भारत युवा संसद से उभरने वाली युवा-संचालित सिफारिशें राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएंगी और मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

## मतगणना अभिकर्ता चयन की तैयारी तेज, 14 नवंबर को ए.एन. कॉलेज में होगी मतगणना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बाद अब मसौढ़ी में मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रशासनिक स्तर पर जहां सभी व्यवस्था अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, वहीं प्रत्याशी अपने-अपने मतगणना अभिकर्ताओं की सूची तैयार करने में जुट गए हैं। आगामी 14 नवंबर को पटना स्थित ए.एन. कॉलेज में मतगणना आयोजित की जाएगी। मसौढ़ी विधानसभा के 443 मतदान केंद्रों के लिए लगभग 32 राउंड में मतों की गिनती होगी। प्रत्याशियों की ओर से करीब 18–19 गणना अभिकर्ता नियुक्त किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। सभी उम्मीदवार यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि हर टेबल पर विश्वसनीय अभिकर्ता मौजूद हों, ताकि मतगणना के प्रत्येक राउंड की निगरानी व्यवस्थित रूप से हो सके। इसके लिए सूचीकरण, कागजी कार्यवाही और नियुक्ति पत्र जारी किए जा रहे हैं। चुनाव परिणाम को लेकर मसौढ़ी बाजार, चौक-चौराहों और गांवों में चर्चा लगातार गर्म है। मतदाता संभावित नतीजों का आकलन मतदान प्रतिशत, जातीय समीकरण और स्थानीय मुद्दों के आधार पर कर रहे हैं। कहीं मुकाबले को एकतरफा बताया जा रहा है, तो कहीं संघर्ष को कांटे का माना जा रहा है। मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने तीन-स्तरीय सुरक्षा कवच की तैयारी की है। सीसीटीवी कैमरों से हर मतगणना कक्ष की निगरानी होगी और मतगणना कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय राजनीतिक माहौल पूरी तरह नतीजों पर केंद्रित है। समर्थकों और आम लोगों में उत्सुकता बनी हुई है कि किस प्रत्याशी को कितना मत मिला और अंतिम दौर में कौन आगे रहेगा। परिणाम घोषित होने के साथ ही मसौढ़ी की सियासत की नई तस्वीर सामने आएगी।

## लहसूना पुलिस का 'नो हॉर्न' अभियान, अस्पताल व शिक्षण संस्थानों में जागरूक किए छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लहसूना पुलिस ने मंगलवार को विशेष 'नो हॉर्निंग जागरूकता अभियान' की शुरुआत की। थानाध्यक्ष खुशबू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों के छात्र-छात्राओं को अनावश्यक हॉर्न बजाने के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बच्चों ने 'हार्न न बजाएं' जैसे संदेशों वाली तख्तियां हाथ में लेकर जागरूकता रैली निकाली। पुलिस का मानना है कि बच्चों के माध्यम से दिया गया संदेश समाज में वयस्कों तक भी प्रभावी ढंग से पहुंचता है। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के अनुरूप सभी स्कूलों के बाहर 'नो हॉर्न' स्टीकर लगाने का निर्देश जारी किया गया है। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस इस अभियान को निरंतर चला रही है। सरकार ने भी शिक्षण संस्थानों के आसपास अनाधिकृत पार्किंग, अनावश्यक हॉर्निंग और ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों को बाहरी दीवारों पर 'नो हॉर्न' स्टीकर अथवा दीवार लेखन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। लहसूना पुलिस का यह प्रयास स्थानीय स्तर पर ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने और सुरक्षित, शांत वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




## दिल्ली बम धमाके के बाद मसौढ़ी में सुरक्षा कड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए बम धमाके के बाद पूरे रेल प्रशासन में सतर्कता बढ़ा दी गई है। सोमवार देर शाम हुए इस विस्फोट में कई लोगों की जान जाने के बाद केंद्र सरकार ने देशभर में हाई अलर्ट जारी किया, जिसके बाद मसौढ़ी इलाके में भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है। तारेगना रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक जीआरपी, आरपीएफ, सिविल पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने संयुक्त रूप से व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। सभी प्लेटफॉर्म, वेटिंग एरिया, पोर्टिको, टेंपो स्टैंड और स्टेशन परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया गया। आने-जाने वाली ट्रेनों के भीड़भाड़ वाले कोचों में यात्रियों और उनके सामान की बारीकी से जांच की गई। स्टेशन पर उतरने और चढ़ने वाले हर यात्री पर विशेष निगरानी रखी गई। मंगलवार को रेल डीएसपी और रेल इंस्पेक्टर ने तारेगना रेल थाना पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पूरे अभियान के दौरान संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों की पहचान के लिए डॉग स्क्वॉड का सक्रिय रूप से उपयोग किया गया। तारेगना रेल थाना अध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि दिल्ली में हुए विस्फोट को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीमों ने स्टेशन क्षेत्र में सघन चेकिंग की। उन्होंने कहा कि सभी जांच प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं, स्थिति पूरी तरह सामान्य है और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी कर दी गई है।




# मतगणना को लेकर निर्वाची पदाधिकारियों के साथ डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में मतगणना कार्य के सफल आयोजन के निमित्त पूर्व तैयारियां हेतु जिलान्तर्गत विधानसभा वार सभी निर्वाची पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । विदित हो कि नालंदा जिलान्तर्गत 171 अस्थावां ,172 बिहार शरीफ, 173 राजगीर (अ.जा), 174 इस्लामपुर, 175 हिलसा ,176 नालंदा, 177 हरनौत विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के पश्चात पोल्ड ईवीएम नालंदा कॉलेज बिहार शरीफ अवस्थित वज्रगृह -सह- मतगणना केंद्र में सुरक्षित रूप से रखे गए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वज्रगृह में रखे गए पोल्ड इवीएम की सुरक्षा व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए । विधानसभा वार संबंधित निर्वाची पदाधिकारी अपने वज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था का हर हाल में प्रतिदिन निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे। सीसीटीवी कैमरे/सुरक्षा बलों की देखरेख में पोल्ड ईवीएम की सुरक्षा 24 X 7 सुनिश्चित की गई है। नियंत्रण कक्ष में विधानसभा वार वज्रगृह सुरक्षा व्यवस्था का टीवी पर निर्बाध रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है, जहां पार्टी अभिकर्ता द्वारा लगातार पारदर्शिता पूर्वक सुरक्षा व्यवस्था को देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार संबंधित पार्टी अभिकर्ता द्वारा प्रति घंटे वज्रगृह सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे, साथ ही उपस्थिति पंजी में अपना हस्ताक्षर, समय एवं तिथि अंकित करेंगे, जिसकी निर्बाध रूप से वीडियोग्राफी की जा रही है संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी निर्बाध रूप से क्रियाशील रखने, इलेक्ट्रिसिटी व्यवस्था सुनिश्चित करने , इंटरनेट सेवा बहाल करने, जेनसेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने, वीडियोग्राफी /वीडियोग्राफर की व्यवस्था, शॉर्ट सर्किट से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पालीवार तकनीकी पदाधिकारियों /कर्मियो की 24 X 7 व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि मतगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को त्वरित रूप से निष्पादित किया जा सके। सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र के अंदर प्रवेश हेतु सामग्री ले जाने वाले वाहनों का चेकिंग, पदाधिकारियों ,कर्मियों, वर्कर्स की पूरी तरह से फ्रीस्किंग के पश्चात ही मतगणना केंद्र गेट के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वज्रगृह -सह- मतगणना केंद्र में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । इसमें किसी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दिनांक 14 नवंबर 2025 को नालंदा जिलान्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना कार्य के सफल आयोजन हेतु संबंधित मतगणना पदाधिकारियों /कर्मियों का बेहतरीन तरीके से ब्रीफिंग सुनिश्चित करेंगे, ताकि मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष, प्रदर्शिता पूर्वक सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नालंदा कॉलेज गेट के अंदर किसी भी प्रकार का वाहन, कर्मियों, वर्कर्स का प्रवेश पूरी तरह से फ्रीस्किंग के पश्चात ही कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त, सभी निर्वाची पदाधिकारी , स्थापना शाखा उपसमाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, आइटी मैनेजर ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित कोषांग के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## मसौढ़ी में माकपा ने कामरेड विपिन बिहारी सिंह की 11वीं पुण्यतिथि मनाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की अनुमंडलीय लोकल कमेटी, मसौढ़ी कार्यालय में मंगलवार को कामरेड विपिन बिहारी सिंह की 11वीं स्मृति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमरेड चंद्रदेव प्रसाद वर्मा ने की। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि कामरेड विपिन बिहारी सिंह के अधूरे सपनों और संघर्षों को जन आंदोलन के माध्यम से पूरा किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि कामरेड विपिन बिहारी सिंह गरीबों और वंचितों के अधिकारों के लिए जीवन भर सड़क पर संघर्षरत रहे। वे मसौढ़ी स्थित डी.एन. कॉलेज में व्याख्याता भी थे और कॉलेज कर्मियों के हितों की लड़ाई में हमेशा अग्रणी रहे। वेतन भुगतान से लेकर कॉलेज के लिए अनुदान राशि सुनिश्चित कराने तक उन्होंने कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। यहां तक कि उन्होंने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का घेराव कर कॉलेज अनुदान नीति को प्रभावी करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों के फलस्वरूप पूरे बिहार में अनुदान राशि नियमित हो पाई। कार्यक्रम में कॉमरेड उमेश चंद्र राय, कृष्णा प्रसाद, प्रोफेसर राम प्रवेश सिंह, प्रोफेसर नरेश मोहन सिंह, कॉमरेड शिवकुमार विद्यार्थी (सीपीएम जिला सचिव), लोकल कमेटी के सचिव प्रोफेसर सी.पी. मंडल, कॉमरेड सत्येंद्र प्रसाद, सोना लाल प्रसाद, चंद्रिका शर्मा, शंकर भारती, सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह और उपेन्द्र विश्वकर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नेचर सफारी का अत्याधुनिक प्रतीक्षालय बनेगा आराम और ताजगी का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सोलह किलोमीटर की बस यात्रा और नेचर सफारी स्थित ग्लास स्काई वॉक ब्रिज सहित अन्य रोमांचक गतिविधियों से रूबरू होने के क्रम में थकान व सुस्ती का होना लाजिमी है। सबसे खास बात है कि टिकट लेकर नेचर सफारी प्लाजा से बस में सवार हो, आठ किलोमीटर पर्वतीय वनक्षेत्र स्थित ग्लास स्काई वॉक ब्रिज के लिए कतार में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करना। इस दौरान भीड़ के कारण कतार में खड़े रहने तथा देरी होने से थकान होना स्वाभाविक है। मगर अब नेचर सफारी प्रशासन सह प्रबंधन ने थकान को ताजगी और कड़वाहट को मिठास भरी यात्रा में बदलने का बीड़ा उठाया है। जिन्हें जाड़े की शीतल भरी ओस, गर्मियों की चिलचिलाती धूप और बारिश की बूंदें नहीं झेलनी पड़ेगी। जिसके मद्देनजर नेचर सफारी ग्लास स्काई वॉक ब्रिज के ठीक नीचे भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक प्रतीक्षालय की स्थापना की गई है। जिसमे एक साथ सौ से अधिक पर्यटकों के बैठने के लिए आरामदायक बेंच लगाए गए हैं। जो नेचर सफारी में सुस्ताने की बेहतरीन जगह के रुप में उभर रही है। जिसमें इको फ्रेंडली तर्ज पर बनाया गया है। यहां बस से उतरकर लोग प्रतीक्षालय पहुंचेंगे। जहां तैनात वनकर्मी उन्हें एक टोकन नंबर देकर कुछ देर बैठकर सुस्ताने और इंतजार करने का निवेदन करेंगे। जिनके द्वारा टोकन नंबर का अनाउंसमेंट करके पर्यटकों को ग्लास स्काई वॉक ब्रिज की ओर जाने की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान ग्रास ब्रिज के लिए कतार में खड़े होने और आपा धापी से निजात दिलाते हुए, नेचर सफारी प्रबंधन द्वारा सरल और सुलभ तौर पर पर्यटकों को ग्लास ब्रिज के दर्शन कराने में सहयोग कर रही है। इस बाबत नेचर सफारी सह नालन्दा वन प्रमंडल के रेंज ऑफिसर ऋषिकेश ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और सहयोग हमारी प्राथमिकता में है। जिसमें सभी सुविधाओं से लैस होगा। पहले पर्यटकों को बस से उतरने के बाद, ग्लास ब्रिज के सबसे नीचे बनी सीढ़ियों पर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। अब अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस प्रतीक्षालय में वे आराम से बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतीक्षालय में और भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। जिसमें बच्चों के लिए प्ले जोन में हेमरिंग, बॉक्सिंग, सेवेन बॉक्स हिट बाई बॉल इनडोर गेम्स आकर्षण का केंद्र बनेगा। रिफ्रेशमेंट के लिए कैफेटेरिया की भी व्यवस्था उपलब्ध कराने की योजना चल रही है। ताकि पर्वतीय वनक्षेत्र की हरी भरी वादियों में पर्यटकों को, सपरिवार व्यंजनों का लुत्फ उठाने का सुअवसर मुहैया कराया जा सके। वहीं प्रतीक्षालय में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन को भी इंस्टॉल किया जा रहा है। जिसके माध्यम से प्रतीक्षालय में बैठे पर्यटकों को नेचर सफारी के सभी इवेंट्स के अलावे राजगीर के विभिन्न पर्यटन स्थलों की जानकारी एवं पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता तथा पेड़ संरक्षण और पौधरोपण के प्रति जन जागरण जागरूकता कार्यक्रमों की झलक भी दिखलाई जाएगी। वहीं गर्मियों के मौसम में यहां सीलिंग फैन और कूलर के अलावे डिहाइड्रेशन से बचाव को लेकर ग्लूकोज और मटके का शीतल जल की भी व्यवस्था रहेगी।

# परिवार पर आए आर्थिक संकट को अपने कंधों पर ढोकर बेटे को बनाया दरोगा

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद**। *' मत सोच ये की नारी को, आगे बढ़ना न आता है, मत सोच ये की नारी को दुःख से लड़ना न आता है।*

*नारी ने जब भी जन्म लिया, इस अंधकार के जीवन में, हर मुश्किल से उसको लड़ना, और शंघर्षों से टकराना आता है।*

कुछ इन्हीं पंक्तियों की तरह जीवटता और महिला सशक्तिकरण कि मिसाल बनी है प्रखंड क्षेत्र के सुहानीबिगहा गांव की नूतन देवी। नूतन के पति उपेंद्र मिस्त्री जो ट्रांसपोर्ट में काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था कि तभी अचानक वर्ष 2014 में नूतन के पति उपेंद्र मिस्त्री को पारालाइसिस का अटैक ने अपाहिज बना दिया। नूतन के समक्ष अब दो छोटे बेटे और दो बेटियों के पालन पोषण और परवरिश के साथ साथ पति की देखभाल की चुनौती उसके कंधों पर अचानक आ गई थी। इस बीच उसे कहीं से कोई उम्मीद की किरण नहीं दिख रही थी। जिसने कभी घर की दहलीज को पार तक न किया हो उसके सामने पूरे परिवार की आर्थिक जिम्मेवारी का गई थी। पति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आई नूतन को गांव की ही एक महिला ने उसके दर्द भरी कहानी सुनकर बताया कि जीविका से जुड़ कर रोजगार कर सकती हो। इसके बाद नूतन जीविका के अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या बताई। जीविका के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि वह स्वयं सहायता समूह बनाकर कार्य करे ,जिसके बाद से नूतन ने पूरे लगन से इसमें काम किया। वर्तमान में अभी कम्युनिटी मोबिलाइजर के रूप में कार्य कर रही नूतन ने 17 समूह बनाया है। नूतन आगे बताती है कि प्रारंभिक दिनों में जब 3 माह तक वह कार्य कर चुकी थी तो लगभग 500 से 700 प्रति माह उसको मिलता था। कठिनाई का काम और इतने कम पैसे में गुजारा नहीं होने की चिंता से कई बार उसके हौसले ने जवाब दे दिया लेकिन कोई आगे का रास्ता नहीं देखकर इसी काम में पूरी लगन से वह लगी रही।

नूतन ने बताया कि वह अपने गांव में महिलाओं को जीविका से जुड़ने के लिए उन्हें प्रेरित करती इस पर महिलाओं को भी शुरू में भरोसा नहीं होता था। महिलाओं को लगता कि उनका पैसा लेकर कोई भाग न जाए लेकिन नूतन पर भरोसा कर महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह बनाया। इसके बाद 11 समूह सुहानी बिगहा गांव में बनाने के पश्चात पास के गांव गंगापुर में जाकर 6 समूह का निर्माण नूतन ने किया। इस बीच उसे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा आस पड़ोस के लोग तरह-तरह के ताने और अभद्र टिप्पणी भी करते थे, लेकिन इन सब से बिना घबराए नूतन ने अपने परिवार की जीविका के लिए लगातार महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए कार्य करती रही। वर्ष 1990 में मैट्रिक पास नूतन ने शिक्षा के अहमियत को समझा और अपने बच्चों के पढ़ाई के लिए जी तोड़ मेहनत की। जीविका से जुड़कर साहस और सूझबूझ की मिसाल बनी नूतन ने न सिर्फ अपने परिवार को आर्थिक कठिनाइयों से उबारा बल्कि अपने साहस और जज्बा से बेटे को पढ़ा लिखा कर काबिल बनाया। वर्तमान में नूतन का बड़ा बेटा शुभम कुमार शर्मा सब इंस्पेक्टर के पद के लिए चयनित होकर राजगीर में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहा है। छोटी बेटी प्राइवेट कोचिंग और निजी विद्यालय में पढ़ा कर परिवार को सहयोग कर रही है। नूतन के परिश्रम और उसके सच्चे निष्ठा से प्रभावित होकर बच्चों ने भी पूरे लगन से पढ़ाई किया। वर्तमान में नूतन जीविका में सीएम के पद पर कार्य करते हुए 5000 से 7000 कमा लेती है। नूतन के मेहनत और ईमानदारी की मिसाल आस-पास के गांव में दी जाती है।

## एक नजर

### मुंडन के अवसर पर तिथि भोजन का आयोजन

**भगवानपुर**। प्राथमिक विद्यालय करजान टोल में मंगलवार को मुरादपुर निवासी चंदन राम ने अपने पुत्र के मुंडन संस्कार के उपलक्ष्य में तिथि भोजन का आयोजन करवाया। इस अवसर पर 97 स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षक व विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को पूरी, सब्जी,रसगुल्ला एवं खीर खिलाया गया। वक्ताओं ने तिथि भोजन के आयोजन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताते हुए इस अनुपम प्रयोग को छात्र एवं समाज के लिए अनुकरणीय बताया। मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अंचल अध्यक्ष रईस उद्दीन,समावेशी शिक्षा के बीआरपी कमल कुमार मौर्य, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष कुमार हरिओम,प्रधान शिक्षक बबीता कुमारी, शिक्षक ममता, निर्मला, रश्मि,नाजिदा, नितेश,अमित,कमलेश,अनुपम,अजय आदि मौजूद थे।

### माउंट लिट्रा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस आयोजित

**बेगूसराय नगर**। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य के माध्यम से शिक्षा दिवस का महत्व सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया।क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस से जुड़ी अनेक जानकारियाँ प्राप्त कीं।साथ ही, बच्चों ने भाषण के माध्यम से भी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए।ड मनीष देवा ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो हर बच्चे के जीवन को दिशा देता है और समाज को प्रगति की राह पर ले जाता है।ड शीतल अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि हर बच्चे में असीम क्षमता छिपी होती है। जिसे शिक्षा के माध्यम से निखारा जा सकता है।कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए सराहा गया।

### सड़क पर बह रहा नाले का पानी

**नावकोठी**। मुख्यालय पंचायत नावकोठी के वार्ड संख्या 11 की सड़क पर नाली का गंदा पिछले एक सप्ताह से बह रहा है। गंदा पानी के बहने तथा जमा पानी के बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पानी के जमा रहने से मच्छर वगैरह पनपने लगा है। जिससे संक्रामक रोग के फैलने की आशंका से लोग दहशत में है। इस नाली की लंबाई लगभग 500 मीटर है। वित्तीय वर्ष 17-18 में 6,78,479 रूपए की लागत से इस नाली का निर्माण किया गया था। ग्रामीण शीला देवी, रेणु देवी, विमल देवी, पार्वती देवी, कजोमा देवी, नारायण सहनी, रौशन कुमार, बिरजू शाह आदि ने बताया कि पिकअप गाड़ी जिस पर जनवितरण प्रणाली का खाद्यान्न लदा था, नाली के ढक्कन पर चढ जाने से ढक्कन क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त ढक्कन से पानी रिसकर जमा हो गया है। सड़क के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने के लिए बदबूयुक्त पानी होकर ही गुजरना पड़ता है। नाली के पूर्वी छोर पर इससे होकर जलनिकास अवरूद्ध है। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों से की गई पर नतीजा सिफर रहा। ग्रामीणों ने इस समस्या से मुक्त कराने हेतु वरीय पदाधिकारी से गुहार लगाई है।

### आइटीआइ मैदान में लगेगा जॉब कैंप

**बेगूसराय**। जिला नियोजनालय के तत्वावधान में सोमवार को एक जब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प संयुक्त श्रम भवन, आइटीआइ कैम्पस, पन्हास में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनी ब्लीक कमर्स प्राइवेट लिमिटेड नियोजक के रूप में भाग ले रही है। इस जब कैम्प का आयोजन युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। कैम्प का आयोजन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर नियोजक कंपनी के प्रतिनिधियों से साक्षात्कार का अवसर प्राप्त होगा। इस कैम्प में ब्लीक कमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा पीकर पैकर पद के लिए कुल 50 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी। इस पद के लिए अभ्यर्थी का 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इस रोजगार अवसर का लाभ केवल पुरुष अभ्यर्थी उठा सकते हैं। जब कैम्प में भाग लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के दो रंगीन फोटो लाने होंगे।सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे 17 नवंबर को प्रातः 10 बजे से संयुक्त श्रम भवन, आइटीआइ कैम्पस, पन्हास, बेगूसराय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

### मतगणना पूर्व प्री काउंटिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**बेगूसराय**। विधानसभा चुनाव के क्रम में सर्विस मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की मतगणना से पूर्व प्री-काउंटिंग प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमे जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में141-चेरिया बरियारपुर, 142-बछवाड़ा, 143-तेघड़ा, 144-मटिहानी, 145-साहेबपुर कमाल, 146-बेगूसराय तथा 147-बखरीके लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी, मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक को ईटीपीबीएमएस प्रणाली की कार्यप्रणाली, डाक मतपत्रों के स्कैनिंग, कोडिंग तथा डेटा अपलोड की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत पदाधिकारियों को मतगणना पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### बाइक से गिरकर दो लोग गंभीर रूप से घायल

**औरंगाबाद**। अनियंत्रित बाइक से गिरकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना नगर थाना क्षेत्र के करमा मोड़ का है। घायलों में शहर के ही वार्ड नंबर एक स्थिति मिश्र बिगहा निवासी रविंद्र कुमार और अनुज कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों ने बताया कि दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से बाजार करने जा रहे थे। इसी दौरान करमा मोड़ के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों का इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों उपचार किया। इधर, घटना की सूचना परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों घायलों का हाल जाना। इसके बाद आगे की इलाज की प्रक्रिया में जुट गए।

### दनियां में शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अंतर्गत 11 नवम्बर, 2025 को कौआकोल प्रखंड के महुडर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दनियां में मतदान शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। 25 सितम्बर 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा विधानसभा चुनाव की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि इस बार मतदान पचम्बा के स्थान पर दनियां स्थित प्राथमिक विद्यालय में ही कराया जाएगा तथा मतदान केंद्र को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। आज जिलाधिकारी के उक्त निर्देश के अनुरूप प्राथमिक विद्यालय दनियां में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मतदान हुआ। मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक मतदाता को सुगमता एवं सुरक्षा के साथ मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई थी। मतदान केंद्र पर वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था थी, जिसके माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही थी।

### दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न, रजौली के 11 प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम में कैद

**रजौली**। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को रजौली विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न हो गया।इस दौरान मतदान केंद्रों के अलावे क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल एवं मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहे।इस दौरान निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के अलावे बीडीओ संजीव झा एवं सीओ मो. गुफरान मजहरी विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर वहां की वस्तु स्थिति से अवगत होते नजर आए।मतदान के दिन लोग सुबह 7 बजे से ही मतदान करने के लिए घरों से निकलकर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किए।हालांकि कुछ मतदान केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण वोटिंग देरी से शुरू हुआ।हालांकि मतदान की समाप्ति के बाद कुल 60.01% मतदान हुआ।

**14 नवंबर को कहीं खुशी,कहीं गम**

मतदान संपन्न होने के बाद सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया।आगामी 14 नवंबर को मतगणना के बाद कहीं जीत की खुशी,तो कहीं हार के बाद गमगीन माहौल देखने को मिलेगा।

# औरंगाबाद में रिकॉर्ड मतदान, शहरों से लेकर जंगली इलाकों तक मना लोकतंत्र का जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का तीसरा चरण कई मायनों में ऐतिहासिक साबित हुआ। इस बार मतदाताओं ने जिस उत्साह और शांति के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाई, उसने यह साबित कर दिया कि अब जनता हिंसा और भय के साए से बाहर लोकतंत्र की राह पर बढ़ना चाहती है। शहर की गलियों से लेकर दक्षिण के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में बसे गांवों तक हर जगह लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला। इस बार औरंगाबाद में 65 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ-यह ऊंचा आंकड़ा है। उल्लेखनीय है कि जहां पहले नक्सल प्रभावित







इलाकों में मतदान के दिन सन्नाटा पसरा रहता था, वहीं इस बार वही इलाका मतदाताओं की कतारों से गुलज़ार रहा। किसी भी नक्सली संगठन ने न तो चुनाव बहिष्कार की घोषणा की और न ही मतदान में बाधा डालने की कोशिश की। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि लोकतंत्र की जड़ें अब राज्य के सबसे कठिन इलाकों तक गहराई से फैल चुकी हैं। पूरे जिले में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। केंद्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी और प्रशासन की सजगता ने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे। हालांकि सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम थे, लेकिन माहौल में तनाव की जगह उत्सव का रंग था। मतदाता सुबह से ही अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने लगे। कोई बच्चों का हाथ थामे आया, तो कोई बुजुर्ग छड़ी के सहारे वोट डालने पहुँचा-सभी के चेहरों पर संतोष और गर्व की झलक थी। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा कई छोटी-छोटी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया था जिसे लोगों ने काफी सकारात्मक रूप से लिया. उदाहरण के तौर पर लोगों को मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाने की छूट नहीं है परंतु दिक्कत तब आती थी कि जब कोई अकेला मतदाता मतदान करने जाता था तो समझ नहीं पाता था कि अपना मोबाइल कहां छोड़े. इस बार मोबाइल संभालने के लिए एक विशेष कर्मी की प्रतिनियुक्ति मतदान केंद्र पर की गई थी जो वोट देने वाले मतदाताओं का मोबाइल संभाल रहा था। इस बार महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कई मतदान केंद्रों पर पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं कतारों में नजर आईं। आंगनबाड़ी केंद्रों की कर्मियों की तैनाती ने महिला मतदाताओं के लिए मतदान को और सुगम बना दिया। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ वोट डाला और कहा कि अब वे अपने इलाके के विकास के फैसले में सीधे तौर पर भागीदारी चाहती हैं। गांवों में भी वही उत्साह देखने को मिला जो शहरों में था। धूल भरी पगडंडियों से गुजरते हुए लोग मतदान केंद्रों तक पहुंचे और गर्व से उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए लौटे। चुनाव का यह शांतिपूर्ण और उत्सवमय रूप केवल लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रमाण है. औरंगाबाद का यह अनुभव इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र अब सचमुच जनता का उत्सव बन चुका है-जहां मतदाता मतदाता से नहीं, बल्कि बेहतर बिहार की उम्मीद से मुकाबला कर रहा है।




औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में मतदान करने के बाद मतदान चिंह दिखाते मतदाता

# औरंगाबाद में 65.31 फीसदी मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में मंगलवार को विधानसभा चुनाव उत्साहजनक एवं शांतिपूर्ण वातावरण संपन्न हो गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि शाम 6 बजे तक जिले में 65.31 फीसदी मतदान हुआ है। मतदान की प्रक्रिया सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच संपन्न कराया गया। इस दौरान जिले में 215 सेक्टर पदाधिकारी, 52 जोनल पदाधिकरी एवं 12 सुपर जोनल पदाधिकरी लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2279 पोलिंग स्टेशन बनाये गये जिसमें 402 नक्सल प्रभावित बूथों



पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग हुई। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा की अपेक्षा इस बार वोटिंग प्रतिशत 9.73 बढ़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव में जहां 55.58 फीसदी मतदान हुए थे वहीं इस बार 65.31 फीसदी मतदान हुए है। उन्होंने कहा कि सेक्टर के 215 वाहनों को ईएलई ट्रेस एवं पोलिंग पार्टी के वाहनों के परिचालन को सीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया गया। प्रो ऐप से पीठासीन पदाधिकारी द्वारा मतदान फ़ीसदी अपलोड किया जा रहा था। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम से वाहनों में लगे जीपीएस एवं ईएलई ट्रेस के माध्यम से ईवीएम वाले वाहनों की निगरानी की व्यवस्था की गयी थी। सभी मतदान केंद्र भवनों पर सीएपीएफ की तैनाती की गई थी। सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर तैनात किया गया था। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में मतदान संपन्न कराने में सफलता मिली है। कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

# उत्साह के साथ नए मतदाताओं ने डाले वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग किया। प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जुड़ाही मतदान केन्द्र संख्या - 416 पर ईवीएम खराब होने के कारण करीब आधा घंटा मतदान बाधित रहा। सिरौंधा मतदान केन्द्र - 419 पर पहली बार वोट डालने के लिए आई एक युवती रिंकी कुमारी, मुंशी बिगहा के कुंडिल कुमार, चंदन कुमार एवं रौशन गुप्ता ने कहा वोट विकास की मुद्दे पर डालने आए हैं। बादम बूथ संख्या 420 पर 20 वर्षों के बाद यहां के लोग पुनः वोट डालें। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ है। किसी



प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत नहीं है। जोनल मजिस्ट्रेट गंगाधर महतों ने बताया कि मतदाता की प्रक्रिया सुबह छह बजे से मतदान केन्द्र पर पहुंच गए। 7 बजे से वोटिंग शुरुआत हुआ है। शांति से चुनाव सम्पन्न हुआ है। प्रखंड मुख्यालय के अनुग्रह उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुलाबी आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे जहां महिला मतदान कर्मी व अधिकारी थे। वहीं जय प्रभा उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया था। थानाध्यक्ष राजेश कुमार और बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर पारा मिल्ट्री फोर्स की तैनाती की गई थी जिस कारण शांति सौहार्द से मतदान हो सका है।

# मतदान को लेकर बुजुर्ग मतदाताओं का दिखा जज्बा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का एक अलग ही जज्बा है। यहां केवल युवाओं में ही नहीं बल्कि बुजुर्गों में भी मतदान करने के प्रति जज्बा दिखा। प्रखंड क्षेत्र के बादम स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के बूथ सं- 420 पर मंगलवार को 75 वर्षीय सुगवसिया देवी ने व्हीलचेयर पर सवार होकर अपने मताधकिार का प्रयोग किया। सुगवसिया देवी का यह जज्बा अन्य मतदाताओं के लिए एक प्रेरणा बन गया। उम्र और शारीरिक कमजोरी के बावजूद उन्होंने मतदान के अपने




संवैधानिकअधिकार को निभाना जरूरी समझा। बूथ पर जैसे ही बुजुर्ग व्हीलचेयर तैनात सुरक्षाकर्मी सुगवसिया देवी को सम्मानपूर्वक व्हीलचेयर पर बैठाकर मतदान केंद्र के अंदर तक ले गए जिससे उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं हुई। इस दौरान बूथ के बाहर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी जो शांतपूर्ण तरीके से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। सुगवासयि देवी को व्हीलचेयर पर ले जाते देख कतार में खड़े अन्य मतदाताओं ने भी उनके उत्साह की सराहना की। बुजुर्ग मतदाता का यह समर्पण दिखाता है कि लोकतंत्र में हर एक वोट का कितना महत्व है। चुनाव आयोग द्बारा दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए की गई विशेष व्यवस्थाएं व्हीलचेयर और रैंप, ऐसे मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने में मददगार साबित हो रही है।

# विभिन्न अपराधों में सात लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत एक अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। शराब कांड में एक एवं अन्य शीर्ष कांड में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1141 वाहनों की जांच की गई जिसमें 32500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। विदित हो कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान को पुलिस अधीक्षक खुद नेतृत्व कर रहे ताकि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो।पुलिस अधीक्षक की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे।

# अनियंत्रित बाइक की ठोकर से किशोरी की मौत, किशोर जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से 10 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना नवीनगर प्रखंड के बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के उरदाना मोड़ का है। मृत किशोरी की पहचान माली थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी उमेश कुमार यादव की पुत्री निशा कुमारी के रूप में हुई है। जबकि घायल किशोर की पहचान नहीं हो सकी है। घटना मंगलवार की सुबह की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतका निशा तीन वर्षों से बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के उरदाना गांव स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती थी। मंगलवार की



सुबह अपने घर से पैदल मुख्य सड़क के उस पार किराना दुकान पर सामान की खरीदारी करने गई थी। सामान की खरीदारी कर वह वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि बाइक पर सवार एक किशोर भी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन बाइक सवार दो अन्य लोग बाइक लेकर फरार हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक बाइक को काफी तेज गति में चला रहा था। स्थानीय लोगों ने किशोर को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नवीनगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना पर बड़ेम ओपी थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि निशा घर की इकलौती बेटी थी। उसका एक ही भाई है। घटना के बाद से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव से लेकर ननिहाल तक मातम पसरा हुआ है। बड़ेम ओपी थानाध्यक्ष अमरदीप चौधरी ने बताया कि दुर्घटना में एक मासूम की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में युवक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मतदान के दौरान एक युवक के साथ हिंसक मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना मुफ्फसिल थाना अंतर्गत रायपुरा गांव का है। जख्मी युवक की पहचान उस गांव निवासी सत्यम पासवान के रूप में की गई है। घटना के बाद जख्मी युवक को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। जानकारी के मुताबिक सत्यम अपना मतदान कर घर वापस जा रहा था। इसी क्रम में पूर्व के रंजिश को लेकर उस गांव के ही युवक ने ही लाठी-डंडे से मारपीट कर दी जिसमें उसका सिर फट गया। इस संबध में सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे ने बताया कि एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना को लेकर पूछताछ में स्थानीय के लोगों ने बताया कि पूर्व रंजिश के कारण दोनों व्यक्तियों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई हैं तथा इसमें कोई राजनीतिक मुद्दा नही हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को चिह्नित कर गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना राजनीतिक व मतदान स्थल से संबंधित नहीं है तथा उस गांव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# विकास व महिलाओं की सुरक्षा के लिए की वोटिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग में मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदाताओं की लंबी लाइन मतदान केंद्रों पर लगी हुई है। औरंगाबाद जिले के ओबरा विधानसभा क्षेत्र के रामपुर गांव में सुबह से ही मतदाता उत्साहित नजर आए। यहां लोगों ने कहा कि वे विकास के नाम पर वोट कर रहे हैं। ओबरा विधानसभा क्षेत्र के रामपुर गांव के रहने वाले रामकुमार मिश्र का कहना है कि हम लोग विकास के नाम पर वोट देने के लिए आए हैं। हम लोग चाहते हैं कि यहां शांति व्यवस्था बनी रहे। पिछली सरकार में यहां पर काम अच्छा हुआ था। यही



सब देखकर हम लोग वोट देने के लिए आए हैं। गांव के शंभू कुमार का कहना है कि हम लोग रोजगार के नाम पर वोट देने के लिए आए हैं। हम गुजरात में नौकरी करते हैं। छठ पर्व के मौके पर घर आए हुए थे तो सोच कि 5 साल के बाद मतदान करने का मौका मिला है तो वोट देकर ही जाएं। उन्होंने कहा कि हम गुजरात में नौकरी करते हैं, इसलिए रोजगार हमारे लिए मुख्य मुद्दा है। महिलाएं भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। रामपुर गांव निवासी सपना कुमारी का कहना है कि जो हमारे क्षेत्र का विकास करेगा हम लोग उसी को वोट देंगे। सपना का कहना है कि सरकार ने महिलाओं को 10,000 रुपये दिए थे, लेकिन उन लोगों को इसका लाभ नहीं मिला है। अन्य महिलाओं का भी कहना है कि हम विकास के नाम पर ही वोट देने के लिए आए हैं। बिहार में विकास हो रहा है नौकरी की जरूरत है। नौकरी मिल जाए तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। कॉलेज की छात्रा सुनीता कुमारी पहली बार वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचीं। उनका कहना है कि जो विकास करेगा महिलाओं को सुरक्षा देगा एवं नौकरी देगा, उन्हीं को हम लोग वोट देंगे। जो लड़कियों को आगे बढ़े और सुरक्षा दे, उन लोगों का वोट उन्हीं को जाएगा।

